हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

सीएम यूथ कॉन्क्लेव 2026

युवा सोच, नये अवसर, एक साझा मंच



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

प्रख्यात गायक
जुबिन नौटियाल
एवं **कबीर कैफे बैंड**
द्वारा
भव्य लाइव प्रस्तुति
प्रात: 10:00 बजे



डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

के साथ

6 अक्टूबर, 2026 | पूर्वाह्न 11:00 बजे
लाल परेड ग्राउंड, भोपाल

70+ स्टॉल, 15 विभागों की संयुक्त भागीदारी

युवाओं को अवसर, कौशल, रोज़गार, नवाचार एवं संभावनाओं से जोड़ने हेतु समर्पित मंच

स्टार्टअप एवं उद्यमिता

युवा उद्यमियों के फार्मास्युटिकल, मैन्युफैक्चरिंग, AI/मशीन लर्निंग और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों के स्टार्टअप्स की सहभागिता एवं प्रस्तुति

युवा नवाचार एवं प्रदर्शनी

AI, साइबर सिक्योरिटी, ड्रोन टेक्नोलॉजी, विज्ञान एवं नवाचार, कृषि क्षेत्र में रोज़गार, फ्यूचर रेडी एजुकेशन और टेक्नोलॉजी पर केन्द्रित

सार्वजनिक एवं निजी विश्वविद्यालयों की सहभागिता

विश्वविद्यालयों द्वारा कॅरियर मार्गदर्शन, नवाचार, उद्यमिता, तकनीकी शिक्षा एवं रोज़गार के अवसरों की जानकारी

कॅरियर एवं कौशल के अवसर

कौशल विकास, कॅरियर मार्गदर्शन और रोज़गार से जुड़ी जानकारी एक ही स्थान पर

शासकीय योजनाओं की जानकारी

पात्रता, पंजीयन, आवेदन प्रक्रिया, प्रशिक्षण और उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित स्टॉल

सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

D-11136/26

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2026

हरिभूमि समाचार-पत्र के सीनियर रिपोर्टर सचिन बैस सहित 12 पत्रकार सम्मानित

एआई के दौर में विश्वसनीय सूचना बनी बड़ी 'चुनौती'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हिंदी पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर में सामने आ रही चुनौतियों को लेकर भोपाल प्रेस क्लब ने एक स्थानीय होटल के सभागार में 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी पत्रकारिता पर मंथन एवं पत्रकार सम्मान समारोह' आयोजित किया। कार्यक्रम में 'हरिभूमि' के सीनियर रिपोर्टर सचिन सिंह बैस सहित राजधानी के 12 पत्रकारों को पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोपाल सांसद आलोक शर्मा थे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव ने की। वरिष्ठ पत्रकार अजय बोकिल और गिरीश उपाध्याय विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर भोपाल प्रेस क्लब की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव ने कहा कि तकनीक और संचार के साधनों में तेजी से बदलाव के बावजूद पत्रकारिता की मूल जिम्मेदारी समाज के प्रति जवाबदेही और विश्वसनीय सूचना उपलब्ध कराना है।

हिंदी पत्रकारिता की चुनौतियों पर मंथन



हरिभूमि के सीनियर रिपोर्टर सचिन सिंह बैस को सम्मानित करते अतिथि।

इन पत्रकारों का हुआ सम्मान

वरिष्ठ पत्रकार राजीव सोनी, जगदीश द्विवेदी, प्रकाश भटनागर, योगीराज योगेश, सुनील गंगराडे, अभिनव गोयल (आकाशवाणी), नीलम शर्मा, मनीष श्रीवास्तव, ममता यादव, अनुराधा त्रिवेदी, रघुवीर तिवारी और सचिन बैस को सम्मानित किया गया।

गलत और भ्रामक सूचनाओं के प्रसार की बढ़ी चुनौती



भोपाल प्रेस क्लब की स्मारिका का विमोचन।

वरिष्ठ पत्रकार अजय बोकिल ने कहा कि सोशल मीडिया ने सूचना के प्रसार को तेज किया है, लेकिन इसके साथ गलत और भ्रामक सूचनाओं के प्रसार की चुनौती भी बढ़ी है। वरिष्ठ पत्रकार गिरीश उपाध्याय ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में अवसर कम होने की स्थिति बन रही है। ऐसे में पत्रकारों को इस बदलाव को लेकर सावधान रहने और तकनीक के साथ खुद को लगातार अपडेट करने की जरूरत है। सांसद आलोक शर्मा ने सोशल मीडिया पर चल रही अश्लील और आपत्तिजनक भाषा को पत्रकारिता और समाज के लिए बड़ी चुनौती बताया। स्वागत भाषण भोपाल प्रेस क्लब के संरक्षक सतीश सक्सेना ने दिया, जबकि अध्यक्ष संजय सक्सेना ने आभार व्यक्त किया। संचालन राजेश गाबा ने किया। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार अरुण पटेल, अलीम बज्मी, राघवेंद्र सिंह, प्रवीण सक्सेना, नासिर हुसैन, सूर्यकांत चतुर्वेदी, संजय चतुर्वेदी, सुशील शर्मा, ओपी श्रीवास्तव, गोपी बलवानी, विजय शर्मा, डीएन पांडेय, एयू खान, विनोद सूर्यवंशी, नासिर अली, प्रकाश सक्सेना, राजेश चतुर्वेदी, परवेज, ज्योति प्रकाश खरे, बृजेंद्र सक्सेना, विनोद तोमर, अलंकृत दुबे, विवेकानंद, सुनील शुक्ला, विनीत अग्रवाल, सुनील चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

एमबीबीएस में प्रवेश लेने वाले चित्रांश को कायस्थम देगा अवार्ड

भोपाल। कायस्थम मप्र के तत्वावधान मे 'डॉ. उपासना सक्सेना प्रेरणा पुंज' द्वारा प्रति वर्ष चित्रांश विद्यार्थी को प्रेरणा अवॉर्ड दिए जाने की घोषणा की गई है। इस साल की नीट परीक्षा में सर्वोच्च अंक लेकर मप्र के किसी भी चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस में प्रवेश लेने वाले चित्रांश विद्यार्थी को कायस्थम यह अवार्ड देगा। अवार्ड के लिए आवश्यक अर्हताओं में प्रतिभागी छात्र/छात्र का कायस्थ होना आवश्यक है। छात्र/छात्रा द्वारा एमबीबीएस में प्रवेश हेतु नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर मप्र के किसी भी महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त किया हुआ होना चाहिए। पुरस्कार विजेता के लिए सभी चित्रांश प्रतिभागी छात्र/छात्राओं में प्राप्तांक सर्वोच्च होना चाहिए। चयनित प्रतिभागी को कायस्थम के जनवरी 2027 के वार्षिक कार्यक्रम में सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह एवं रुपए 5000/- सम्मान निधि भेंट कर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। जिसे अध्यक्ष कायस्थम, 55 अमलतास फेस 2, चूना भट्टी भोपाल अथवा कर्नल (डॉ) गिरिजेश सक्सेना जी-1, इंद्रप्रस्थ सनसिटी, समीपस्थ रेल्वे रोड ओवर ब्रिज, एयरपोर्ट रोड, भोपाल मप्र को भेजा जा सकेगा।



डॉ. उपासना सक्सेना

प्लेटफॉर्म-1, 6 पर 7 हजार यात्रियों के लिए तैयार हो रहे होल्डिंग एरिया

सिंहस्थ से पहले भोपाल स्टेशन पर बढ़ेगी मुसाफिरों की क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

1.12 करोड़ की लागत से बने लोको पायलट-ट्रेन मैनेजर रनिंग रूम का जीएम ने किया उद्घाटन, जीएम ने होल्डिंग एरिया का लिया जायजा

उज्जैन में प्रस्तावित सिंहस्थ मेला-2028 को लेकर रेलवे ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के भोपाल सहित प्रदेश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों से आवागमन की संभावना को देखते हुए भोपाल जंक्शन पर यात्री सुविधाओं और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं को मजबूत किया जा रहा है। इसी सिलसिले में पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने शुक्रवार शाम भोपाल स्टेशन का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने प्लेटफॉर्म नंबर-1 और 6 पर तैयार किए जा रहे होल्डिंग एरिया के काम की प्रगति देखी और अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

आगामी पर्वों के दौरान बढ़ने वाली यात्री भीड़ को देखते हुए भीड़ प्रबंधन, यात्रियों की सुगम आवाजाही और सुविधाओं की तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी, अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेन्द्र बघेल, अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया सहित मंडल के अन्य शाखाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



पश्चिम बध्य रेल के महाप्रबंधक ने भोपाल स्टेशन का किया निरीक्षण।

हजारों यात्रियों की क्षमता वाले होंगे होल्डिंग एरिया

मंडल के अधिकारियों ने बताया कि सिंहस्थ के दौरान संभावित भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 की ओर करीब 3 हजार और प्लेटफॉर्म नंबर-6 की ओर करीब 4 हजार यात्रियों की क्षमता के होल्डिंग एरिया तैयार किए जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में यात्रियों की सुविधा के लिए प्री-टिकटिंग, टिकटिंग और पोस्ट-टिकटिंग जोन विकसित किए जाएंगे। इससे भीड़ को प्लेटफॉर्म पर एक साथ पहुंचने से रोकने और यात्रियों की आवाजाही को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

दीपावली-छठ की भीड़ पर भी फोकस: निरीक्षण के दौरान जीएम ने अधिकारियों से आगामी दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की संभावित भीड़ को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए होल्डिंग एरिया में टिकट, पेयजल, बैठने और ट्रेनों से संबंधित जानकारी जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

रानी कमलापति स्टेशन की व्यवस्थाएं भी देखीं

महाप्रबंधक ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने और आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। इससे पहले मंडल कार्यालय में अधोसंरचना विकास कार्यों और यात्री सुविधाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भोपाल मंडल में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के साथ आगामी त्योहारों और सिंहस्थ के दौरान संभावित यात्री भीड़ को देखते हुए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। भोपाल स्टेशन निरीक्षण से पहले महाप्रबंधक ने 1.12 करोड़ रुपये की लागत से तैयार लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर के नवनिर्मित रनिंग रूम का उद्घाटन किया। उन्होंने रनिंग स्टाफ से सीधे संवाद कर उनके कामकाज, विश्राम सुविधाओं और उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

एम्स में रोज 200 से ज्यादा मरीजों की सोनोग्राफी तत्काल जांच की सुविधा

भोपाल। एम्स भोपाल में रोजाना 200 से अधिक मरीजों की सोनोग्राफी (अल्ट्रासाउंड) की जा रही है। अस्पताल प्रबंधन ने हाल ही में एक समाचार पत्र में सोनोग्राफी को लेकर प्रकाशित आंकड़ों को असत्य बताते हुए कहा है कि इससे मरीजों और उनके परिजनों में भ्रम की स्थिति बनी है। एम्स में मरीजों की गंभीरता और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर सोनोग्राफी के साथ सीटी स्कैन, एमआरआई, एक्स-रे और मेमोग्राफी जैसी जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

प्रबंधन के अनुसार गंभीर मरीजों के लिए इमरजेंसी में सोनोग्राफी समेत अन्य आवश्यक जांच की सुविधा हर समय उपलब्ध रहती है। इसके लिए डॉक्टर और सहयोगी स्टाफ भी तैनात रहता है। मरीज की स्थिति अधिक गंभीर होने पर विशेषज्ञ चिकित्सकों को तत्काल कॉल कर बुलाया जाता है, ताकि समय पर आवश्यक उपचार और जांच की जा सके।

गंभीर मरीजों को प्राथमिकता: एम्स प्रबंधन ने बताया कि बड़ी संख्या में मरीजों के आने के कारण सामान्य मरीजों की मेडिकल स्थिति का आकलन करने के बाद उपलब्ध समय और संसाधनों के अनुसार उनकी जांच की अगली तारीख तय की जाती है। वहीं, गंभीर मरीजों के मामले में उनकी स्थिति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। प्रबंधन का कहना है कि मरीजों की संख्या अधिक होने के बावजूद डॉक्टर और उपलब्ध संसाधन अपनी पूरी क्षमता के साथ सेवाएं दे रहे हैं।



घाटों का निरीक्षण करतीं महापौर।

घाटों पर सफाई-सौंदर्यीकरण का काम तेज

शहर के घाटों को चमकाने में जुटा नगर निगम का अमला



अधिकारियों को निर्देशित करतीं महापौर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवरात्रि को देखते हुए राजधानी के घाटों की सफाई और सौंदर्यीकरण का काम नगर निगम ने तेज कर दिया है। सोमवार को महापौर मालती राय ने शीतलदास की बगिया और गिन्नौरी घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों पर चल रहे कामों की स्थिति देखी और अधूरे काम जल्द पूरे करने के निर्देश दिए। गिन्नौरी घाट पर पेविंग ब्लॉक और कांक्रीटीकरण का काम कराया गया है। निरीक्षण के दौरान महापौर ने घाट परिसर में पेड़ों के आसपास गुड़ाई और सफाई कराने को कहा। वहीं बिखरे और अव्यवस्थित पत्थरों को हटाने के निर्देश दिए।

टेराकोटा और सफेद रंग से बनेंगे डिजाइन

चेंबर का ढक्कन बदलने के साथ घाट की खूबसूरती बढ़ाने के लिए महरून टेराकोटा और सफेद रंग से आकर्षक डिजाइन बनाने को भी कहा गया। घाट पर निर्माण और मरम्मत के काम के साथ साफ-सफाई पर भी जोर दिया गया। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि दुर्गा पूजा को देखते हुए घाटों की व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। सिर्फ सफाई से नहीं, रखरखाव से बदलेगी तस्वीर घाटों की बदहाल तस्वीर बदलने के लिए निगम काम कर रहा है, लेकिन महापौर ने नागरिकों की जिम्मेदारी पर भी जोर दिया।

31 ग्रामीण विद्यार्थियों को भी मिली डिग्री

वीआईटी के कन्वोकेशन में ग्रेजुएट्स को डिग्रियां वितरित



शैक्षणिक संकाय के कुल 3 हजार 571 ग्रेजुएट्स को प्रदान की गईं डिग्रियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी का 7वां वार्षिक कन्वोकेशन शनिवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक संकाय के कुल 3 हजार 571 ग्रेजुएट्स को डिग्रियां प्रदान की गई। समारोह में पूर्व चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ, इंडियन आर्मी और 'ऑपरेशन सिंदूर' के आर्किटेक्ट रिटायर्ड जनरल उपेंद्र द्विवेदी चीफ गेस्ट के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन, वाइस प्रेसिडेंट डॉ. शंकर विश्वनाथन, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट मिस कादंबरी एस. विश्वनाथन, ट्रस्टी मिस रमणी बालासुंदरम, वाइस चांसलर प्रो. सतीश कुमार मोढ़, रजिस्ट्रार डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्रा एवं प्रो वाइस-चांसलर डॉ. टीबी श्रीधरन की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

दीक्षांत समारोह का आयोजन

दीक्षांत समारोह में अलग-अलग विषयों के 3 हजार 571 ग्रेजुएट्स को डिग्रियां दी गईं, जिनमें 3 हजार 62 बी टेक, 72 एम टेक, 156 इंटीग्रेटेड एम टेक, 30 एमबीए, 142 एमसीए, 48 बीबीए, 3 बी आर्क, 12 बीएससी, 8 एमएससी ग्रेजुएट्स और 38 पीएचडी स्टूडेंट्स शामिल थे। वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी की असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट मिस कादंबरी एस. विश्वनाथन ने कहा, वीआईटी भोपाल का 7वां कन्वोकेशन 3 हजार 571 ग्रेजुएटिंग स्टूडेंट्स का जश्न मनाता है, जिसमें 80 प्रतिशत से अधिक स्टूडेंट्स ने प्लेसमेंट हासिल किया है। हाईएस्ट पैकेज 70 लाख रुपए पर एनम तक पहुंचा है और 700 से अधिक स्टूडेंट्स को 'ड्रीम' और 'सुपर ड्रीम' ऑफर्स मिले हैं।

21 मेरिटोरियस स्टूडेंट्स को मिले गोल्ड मेडल

कन्वोकेशन में शैक्षणिक योग्यताओं को सम्मानित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रोग्राम्स के 21 मेरिटोरियस स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल मिले। अवॉर्ड पाने वालों में एम.टेक., एम.सी.ए., एम.बी.ए., इंटीग्रेटेड एम.टेक., बी.टेक., बी.बी.ए. और बी.आर्क. प्रोग्राम्स के स्टूडेंट्स शामिल थे, जो एआई एंड डेटा साइंस, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और इसकी स्पेशलाइजेशन्स, वीएलएसआई डिजाइन, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग, बायो इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग और इसकी स्पेशलाइजेशन जैसे डिसिप्लिन्स का प्रतिनिधित्व करते हैं।

प्रेरणादायी है रानी दुर्गावती का जीवन: रंजना चितले

भोपाल। राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के एसटी, एससी सेल द्वारा रानी दुर्गावती जयंती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनजातीय विशेषज्ञ रंजना चितले ने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन महिला सशक्तिकरण की अनुपम मिशाल हैं। उन्होंने कभी भी अपनी अस्मिता, अस्तित्व और स्व से समझौता नहीं किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ गजेंद्र सिंह अवास्या ने मुख्य अतिथि रंजना चितले को पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया। रंजना चितले ने रानी दुर्गावती के जीवन और उनके व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रानी दुर्गावती गोंडवाना की वीर और साहसी शासिका थीं, जिन्होंने अपने जीवन में स्वतंत्रता, स्वराज और नारी सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत किया। पति की मृत्यु के बाद रानी दुर्गावती ने राज्य की बागडोर संभाली और कुशलता से शासन किया।



■ वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती मनाई

स्टाइपेंड में बढ़ोतरी की मांग

इंटर्न आयुष छात्रों ने मंत्रालय के अधिकारियों से की भेंट



आयुष छात्रों ने मंत्रालय में अधिकारियों से की भेंट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शासकीय आयुष कॉलेजों के इंटर्न्स विद्यार्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपनी प्रमुख मांग स्टाइफंड में वृद्धि को लेकर आयुष मंत्रालय के उच्च अधिकारियों से औपचारिक भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल में अभाविप के प्रांतमंत्री केतन चतुर्वेदी एवं 'जिज्ञासा' के प्रांत संयोजक अतुल पटले प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को बताया कि वर्तमान में आयुष इंटर्न्स को मात्र 9,383 रुपए प्रति माह स्टाइफंड दिया जा रहा है जो बेहद कम है। इन्टर्न विद्यार्थियों ने स्पष्ट किया है कि उनकी स्टाइफंड की राशि में सम्मानजनक वृद्धि करते हुए उनकी इस राशि को 21500 किया जाए।

सड़क पर बढ़े दबाव को देखते हुए लिया निर्णय

नवरात्र में इस बार नहीं होगी सजीव झांकी, समिति ने लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्री दुर्गा उत्सव समिति व्यापारी संघ, गोविंद गार्डन, रायसेन रोड इस वर्ष अपना 30वां नवरात्र उत्सव मनाएगी। समिति पिछले 29 वर्षों से नवरात्र के दौरान मथुरा, वृंदावन, उज्जैन और भोपाल के कलाकारों द्वारा सजीव झांकियों का आयोजन करती आ रही है। इन झांकियों को देखने के लिए भोपाल सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिससे रायसेन रोड पर यातायात का दबाव बढ़ जाता है।

समिति के अध्यक्ष रिंकू भटेजा ने बताया कि वर्तमान में क्षेत्र में मेट्रो निर्माण कार्य चलने के कारण पहले से ही सड़क पर यातायात का दबाव और जाम की स्थिति बनी रहती है।



माता मंदिर रोड पर प्रतिमा निर्माण।

लोगों की सुविधा पहली प्राथमिकता

ऐसे में श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ जुटने से आम नागरिकों को परेशानी न हो, इसे देखते हुए समिति ने इस वर्ष सजीव झांकी का आयोजन नहीं करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि समिति इस बार केवल विधि-विधान से मां दुर्गा की स्थापना और पूजा-अर्चना करेगी। समिति ने नागरिकों की सुविधा और यातायात व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया है। 29 वर्षों से चली आ रही परंपरा को इस बार रोकने का निर्णय समिति के लिए भावुक करने वाला है, लेकिन नागरिकों की सुविधा को देखते हुए इसे जरूरी माना गया है।

रत्नागिरी तिराहा से जेके रोड क्षेत्र तक के सभी पिलर तैयार

2.5 किलोमीटर हिस्से में सिविल का काम पूरा, गर्डर का काम खत्म होते ही, ट्रैक बिछाने का काम आरंभ

2028 की डेडलाइन पर काम की रफ्तार से सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल मेट्रो की ब्लू लाइन के तहत रत्नागिरी तिराहा से जेके रोड तिराहे तक करीब 2.5 किलोमीटर हिस्से में सिविल वर्क लगभग पूरा हो गया है। इस हिस्से में मेट्रो कॉरिडोर के सभी पिलर तैयार हो चुके हैं। पिलर खड़े होने के बाद अब इनके ऊपर गर्डर रखने का काम भी अंतिम चरण में पहुंच गया है।

ग्राउंड पर फिलहाल रत्नागिरी तिराहा से जेके रोड तक सड़क किनारे मेट्रो के पिलर तैयार किए जा चुके हैं। कई हिस्सों में गर्डर रखने का काम तेजी से चल रहा है। इससे इस हिस्से में एलिवेटेड कॉरिडोर का ढांचा अब स्पष्ट दिखाई देने लगा है। हालांकि स्टेशन निर्माण का काम अभी बाकी है। इस रूट पर बनने वाले चार स्टेशनों का जमीनी निर्माण अभी शुरू नहीं हुआ है।

इस रूट पर बनने वाले चार स्टेशनों का जमीनी निर्माण शुरू नहीं हुआ



भोपाल मेट्रो की ब्लू लाइन पर कार्य करता अमला।

रफ्तार बढ़ी तो ही समय पर पूरा होगा कॉरिडोर

रत्नागिरी से जेके रोड तक ढांचे का काम तेजी से आगे बढ़ा है, लेकिन चारों स्टेशनों का जमीनी निर्माण अभी बाकी है। ऐसे में साल 2028 की समय-सीमा में पूरे कॉरिडोर को तैयार करने के लिए निर्माण की रफ्तार बनाए रखना बड़ी चुनौती होगी। मेट्रो जनसंपर्क अधिकारी धीरज शुक्ला ने कहा कि गर्डर का काम पूरा होते ही काम अपनी रफ्तार पकड़ेगा,जल्द ही ट्रैक बिछाने की काम भी शुरु किया जाएगा।

करीब एक किमी के अंतर पर 4 स्टेशन

ब्लू लाइन के इस हिस्से में रत्नागिरी, पिपलानी, इंद्रपुरी और जेके रोड स्टेशन प्रस्तावित हैं। रत्नागिरी से पिपलानी की दूरी करीब 0.68 किलोमीटर, पिपलानी से इंद्रपुरी 0.73 किलोमीटर और इंद्रपुरी से जेके रोड 0.82 किलोमीटर है। यानी चारों स्टेशन लगभग एक किलोमीटर के अंतर पर होंगे। मेट्रो प्रबंधन के अनुसार गर्डर का काम पूरा होने के बाद ट्रैक बिछाने का काम शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही स्टेशन निर्माण की प्रक्रिया भी आगे बढ़ेगी।

भदभदा से रत्नागिरी तक 14.21 किमी के कॉरिडोर का किया जा रहा निर्माण

ब्लू लाइन के तहत भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा तक करीब 14.21 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना की शुरुआत फरवरी 2025 में हुई थी और इसे साल 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं भदभदा चौराहा से डिपो चौराहा तक करीब 1.31 किलोमीटर हिस्से में भी पिलर का काम लगभग पूरा हो चुका है। यहां गर्डर रखने की टेस्टिंग भी पूरी हो चुकी है। अब आगे गर्डर और ट्रैक से जुड़े काम को गति देने की तैयारी है।

शतचंडी महायज्ञ मंडप निर्माण पर रोक किसके इशारे पर: मिर्ची बाबा

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य, राष्ट्र की उन्नति और विजन 2047की सफलता की कामना को लेकर प्रस्तावित 51 कुंडीय शतचंडी महायज्ञ को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद गिरी महाराज (मिर्ची बाबा) ने प्रशासन पर यज्ञ मंडप के निर्माण में बाधा डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि करीब 108 फीट ऊंचे यज्ञ मंडप का निर्माण चल रहा था, तभी भितरवार प्रशासन ने कथित रूप से रात में मजदूरों को वहां से भगा दिया। बाबा ने सवाल उठाया कि धार्मिक आयोजन में आखिर किसके इशारे पर अड़ंगा लगाया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को भी मामले से अवगत कराने की बात कही।

भोपाल
मंगलवार, 6 अक्टूबर 2026
आश्विन मास कृष्ण पक्ष-11
वर्ष : 13, अंक : 186
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 34
न्यून. 22

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

सीएम यूथ कॉन्क्लेव-2026 आज.. युवाओं की आकांक्षाओं को अवसरों से जोड़ेगा

मुख्यमंत्री करेंगे 20 हजार युवाओं से 'सीधा संवाद'

- रोजगार, कौशल, स्वरोजगार, उद्यमिता, नवाचार और उभरती प्रौद्योगिकियां होंगी प्रमुख केंद्र
- सुप्रसिद्ध गायक जुबिन नौटियाल और कबीर कैफे की सुरमयी प्रस्तुतियां होंगी विशेष आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र की युवा शक्ति की प्रतिभा, आकांक्षाओं और नवाचार को नई संभावनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में सीएम यूथ कॉन्क्लेव–2026 का आयोजन मंगलवार को भोपाल के लाल परेड मैदान में आयोजित होगा। इस कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 20 हजार से अधिक युवाओं से सीधा संवाद करेंगे। इस आयोजन में 17 शासकीय विभागों एवं विभिन्न संस्थाओं के युवा भाग लेंगे। उच्च शिक्षा, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, ⏭ शेष पेज 4 पर

नवोदित उद्यमों के 80 से अधिक प्रदर्शनी कक्ष लगाए जाएंगे

इस कॉन्क्लेव में विभागों, संस्थाओं, विश्वविद्यालयों और नवोदित उद्यमों के 80 से अधिक प्रदर्शनी कक्ष लगाए जाएंगे। इनमें रोजगार, प्रशिक्षण, कॅरियर, उद्यमिता, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और शासकीय योजनाओं से संबंधित गतिविधियां प्रदर्शित की जाएंगी। युवा शक्ति के इस महोत्सव में संवाद और मार्गदर्शन के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।
⏭ शेष पेज 4 पर

भारतीय धरा पर जन्मे शावकों की पीढ़ी ले रही अंगड़ाइयां

मादा चीता केजेपी-21 ने 5 स्वस्थ शावकों को दिया जन्म, अब संख्या 60

कूनो में गूंजी चीतों की 'नई पीढ़ी' की दहाड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर/भोपाल

श्योपुर स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता प्रोजेक्ट अंतर्गत 5 अक्टूबर सोमवार को एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हुई। भारतीय धरती पर जन्मी 32 माह की मादा चीता केजेपी-21 ने 5 स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही भारत में चीतों की संख्या बढ़कर अब 60 हो गई है, इसमें से 41 भारतीय धरती पर जन्में चीते शामिल है। भारत में जन्मी मादा चीता केजेपी-12 और मुखी के बाद केजेपी-21 तीसरी मादा चीता है, जिसने भारतीय धरती पर शावकों को जन्म ⏭ शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रोजेक्ट चीता से जुड़ी टीम को दी बधाई



जन्मे नन्हे शावकों का दृश्य

भारत में बोत्सवाना वंशावली की शुरूआत

केजेपी-21 के पांच शावकों का जन्म एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी लेकर आया है। इनका पिता बोत्स्वाना से लाया गया नर चीता है। इन शावकों के जन्म के साथ भारत में बोत्सवाना वंशावली की शुरूआत हुई है। इससे देश में बढ़ती चीता आबादी में एक नई अनुवांशिक वंशावली का समावेश हुआ है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली आज के अंक के साथ

खबर संक्षेप

सुप्रीम कोर्ट में 3 नए जज नियुक्त, संख्या 37 हुई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को तीन नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। इनमें गुजरात हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल, दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय व तेलंगाना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह शामिल हैं।



गूगल जेमिनी के फ्री यूजर्स पर बढ़ी पाबंदी

नई दिल्ली। गूगल अपने जेमिनी एआई मॉडल्स की उपलब्धता को लेकर 9 अक्टूबर से नए नियम लागू करने जा रहा है। कंपनी फ्री और एंट्री-लेवल एआई प्लस यूजर्स के लिए मॉडल एक्सेस सीमित करेगी। फ्री यूजर्स को केवल फ्लैश-लाइट मॉडल मिलेगा। प्रो मॉडल का एक्सेस हटा दिया है।

किसान पर बाघ ने किया हमला, मौके पर मौत

सिवनी। कुरई वन परिक्षेत्र के ग्राम सेवनकनहार में बाघ के हमले में 65 वर्षीय किसान की मौत हो गई। किसान मवेशी चराने के लिए जंगल की सीमा से लगे क्षेत्र में गए थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे बाघ ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले में किसान की मौके पर ही मौत हो गई।



एसआईआर पर सुनवाई | सुप्रीम कोर्ट ने कहा - उम्मीद है कि सैवधानिक संस्था कानून के मुताबिक काम करेगी

संशोधित फॉर्म 6 को हमने मंजूरी नहीं दी, पता लगाएंगे बदलाव किसने किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मतदाता पंजीकरण से जुड़े फॉर्म 6 में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जोड़ी गई अतिरिक्त घोषणा को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सोमवार सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले में बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सीईसी ज्ञानेश कुमार के निलंबन की मांग खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि उसे उम्मीद है कि संवैधानिक संस्था कानून के मुताबिक काम करेगी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने मामले में चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि एसआईआर, फॉर्म-6 में बदलाव और चुनाव आयोग के कई अन्य फैसले कानून में निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुए लिए गए। याचिकाओं में कहा गया कि चुनाव आयोग से जुड़े ⏭ शेष पेज 4 पर

जस्टिस सूर्यकांत

सीईसी ज्ञानेश कुमार के निलंबन की मांग खारिज

ज्ञानेश कुमार

राहुल बोले- फॉर्म 6 में गैरकानूनी और एकतरफा तरीके से बदलाव किया



राहुल गांधी

राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने फॉर्म 6 में 'गैरकानूनी और एकतरफा' तरीके से बदलाव किया। उन्होंने चुनाव आयोग की 26 सितंबर की प्रेस नोट का एक हिस्सा सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह उनके पद का इस्तेमाल कर भाजपा की मदद करने का एक और सबूत है।

चुनाव आयोग में एकतरफा फैसलों का आरोप

आयोग के जवाब का इंतजार

याचिका में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने दो अन्य निर्वाचन आयुक्तों की सहमति के बिना एकतरफा फैसले लिए। पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग का जवाब आने तक यह मानकर चलना होगा कि आयोग के फैसले कानून के अनुरूप लिए गए हैं। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि किसी रिपोर्ट के सही या गलत होने के आधार पर अदालत आदेश पारित नहीं कर सकती। पहले निर्वाचन आयोग का जवाब आने का इंतजार किया जाएगा।

केंद्र और निर्वाचन आयोग को जारी किया नोटिस

क्या है फॉर्म 6 का विवाद?

विवाद ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया में जोड़ी गई अतिरिक्त घोषणा को लेकर है। एसआईआर के दौरान नए मतदाताओं से खुद को या अपने माता-पिता अथवा दादा-दादी को पिछली मतदाता सूची से जोड़ने वाली जानकारी मांगी गई थी। आरोप है कि फॉर्म 6 में यह अतिरिक्त आवश्यकता औपचारिक नियम संशोधन के बिना जोड़ी गई। ⏭ पढ़ें पेज 09 भी

आज चुनाव आयोग का घेराव करेंगे विपक्षी दल

कांग्रेस सहित 19 विपक्षी दल 6 अक्टूबर को चुनाव आयोग का घेराव करेंगे। इसे लेकर दिल्ली के इंदिरा भवन में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की मौजूदगी में उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें सभी प्रदेश अध्यक्ष, प्रभारी और पार्टी के विभिन्न संगठनों के प्रमुख शामिल हुए। इसमें रणनीति तैयार की गई।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव संबोधित करते हुए

सीएम ने कहा-पदोन्नति की प्रक्रिया निरंतर गंगा की अविरल धारा की तरह रहेगी जारी

कृषि विभाग में 1500 नई भर्ती जल्द, 3357 को मिला प्रमोशन

अधिकारियों को निर्देश- केवल पुराने लंबित मामलों को निपटाने से काम नहीं चलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में रिक्त सरकारी पदों पर हो रही भर्तियों पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को खुलकर बोले। उन्होंने कहा कि 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार पूरी शिद्दत के साथ विभिन्न विभागों में भर्तियां कर रही है। उन्होंने कहा कि पदोन्नति की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि केवल पुराने लंबित मामलों को निपटाने से काम नहीं चलेगा। अब हर साल डीपीसी की जाएगी। इससे कर्मचारियों को समय पर उनका हक मिल सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को किसान ⏭ शेष पेज 4 पर

पिछले कुछ समय से अधिकारी डीपीसी करना ही भूल गए थे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा अधिकारी पिछले कुछ समय से विभागीय पदोन्नति (डीपीसी) करना ही भूल गए थे। इस वजह से रिकॉर्ड न मिलने के कारण प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही थी। हमने साफ कह दिया कि जो मर्जी आए करना पड़े, लेकिन प्रमोशन तो करना पड़ेगा, उसे छोड़ा नहीं जा सकता। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चालू वर्ष की डीपीसी भी इसी साल पूरी की जाए, ताकि पात्र कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति का लाभ मिले। ⏭ शेष पेज 4 पर

राहुल गांधी ने सीएम डॉ. यादव को लिखा पत्र

मप्र में एक लाख पद खाली योग्य युवा नौकरी से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



■ अभ्यर्थियों के नोटिस वापस लेने की मांग

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर शिक्षक भर्ती-2025 में वर्ग-2 और वर्ग-3 के पद बढ़ाने की मांग की है। 29 सितंबर को लिखे पत्र में उन्होंने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के खाली पदों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ⏭ शेष पेज 4 पर

'चिता आंदोलन' सोमवार को भी जारी

पन्ना जेल से रीवा के संजय अस्पताल भेजे गए अमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पन्ना



■ बोले- बेड से भी जारी रहेगा अनशन

मझगांव डैम परियोजना से प्रभावित आदिवासी परिवारों को मुआवजा और पुनर्वास का अधिकार दिलाने की मांग को लेकर चल रहा 'चिता आंदोलन' सोमवार को 24वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन के प्रमुख चेहरों में शामिल जनअधिकार कार्यकर्ता अमित भटनागर को सात दिन के आमरण अनशन के बाद पन्ना जेल से रीवा के संजय गांधी ⏭ शेष पेज 4 पर

बनाया बसपा का राष्ट्रीय संयोजक

मायावती ने फिर आकाश आनंद को दे दिया मौका

एजेंसी ⏭ लखनऊ



■ बोलीं- व्यक्तित्व और कार्यशैली में बदलाव आया

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर पार्टी में अहम जिम्मेदारी दी है। उन्होंने आकाश आनंद को बसपा का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया है। मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब ⏭ शेष पेज 4 पर

बागेश्वर धाम में नाबालिग से दुष्कर्म मामले की जांच का दायरा बढ़ा

हाई कोर्ट ने विशेष टीम गठित करने के दिए निर्देश



एफएसएल में राजू जाटव भ्रूण का जैविक पिता नहीं निकला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने बागेश्वर धाम में 16 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में जांच का दायरा बढ़ाते हुए छतरपुर एसपी को विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की सिंगल बेंच ने राजू जाटव की दूसरी जमानत अर्जी निरस्त करते हुए टीम को यह पता लगाने के निर्देश दिए कि नाबालिग का यौन उत्पीड़न किसने किया और उसके गर्भ से मिले भ्रूण का जैविक पिता कौन है। जांच दो माह में पूरी करने ⏭ शेष पेज 4 पर

प्रेमानंद ने छोड़ा केलि कुंज आश्रम!

संत का दावा- दो गुटों में बंट गया परिसर

मथुरा। वृंदावन में प्रेमानंद महाराज के शिष्य दीपक लोधी उर्फ रसिक दुलारी शरण की आत्महत्या के बाद आश्रम को लेकर विवाद गहरा गया है। इसी बीच दावा किया गया है कि प्रेमानंद महाराज ने केलि कुंज आश्रम छोड़ दिया है और वे करीब 20 किलोमीटर दूर बेलवन आश्रम चले गए हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश शर्मा फलाहारी ने यह दावा करते हुए इसके पीछे आश्रम में चल रहे विवाद को ⏭ शेष पेज 4 पर



महिला पत्रकारों से छेड़छाड़ के आरोपों के बीच एसीपी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

एसीपी विवेक भगत बने एडिशनल डीसीपी जंतर-मंतर प्रदर्शन के दौरान लगे थे आरोप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान महिला पत्रकार से कथित छेड़छाड़ के आरोपों में घिरे दिल्ली पुलिस के एसीपी विवेक भगत को प्रमोशन मिला है।

उन्हें एडिशनल डीसीपी का कार्यभार सौंपा गया है। दिल्ली सरकार के गृह विभाग ने 5 अक्टूबर को इस संबंध में आदेश जारी किया। विवेक भगत समेत 12 केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस सेवा (डीएएनआईपीएस) अधिकारियों को फिलहाल एडिशनल डीसीपी के पद का कार्यभार दिया गया है। 3 अक्टूबर को ⏭ शेष पेज 4 पर



प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने भी घटना पर चिंता जताते हुए कार्रवाई की मांग की

एफआईआर की मांग कर रहे पत्रकारों को हिरासत में लिया

महिला पत्रकारों से कथित बदसलूकी के मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे पत्रकारों और अन्य प्रदर्शनकारियों को सोमवार सुबह पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इनमें बदसलूकी का आरोप लगाने वाली पत्रकार भी शामिल थीं। सभी लोग दो दिन से संसद मार्ग थाने के बाहर धरने पर बैठे थे। पुलिस ने उन्हें वहां से हटाकर अलग-अलग स्थानों पर ले गई। आरोप लगाने वालीं पत्रकार ⏭ शेष पेज 4 पर

रोशनी से नर्व सिग्नल को नियंत्रित करने की तकनीक 'ऑप्टोजेनेटिक्स' खोजी

चिकित्सा का नोबेल...कार्ल डिसेरोथ, पीटर हेगमैन और जॉर्ज नागेल बने विजेता

दिमागी कोशिकाओं को कंट्रोल करने की तकनीक से डिप्रेशन-मानसिक बीमारियों को समझना आसान हुआ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वर्ष 2026 के फिजियोलॉजी या मेडिसिन के नोबेल पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। इस साल यह प्रतिष्ठित सम्मान कार्ल डिसेरोथ, पीटर हेगमैन और जॉर्ज नागेल को ऑप्टोजेनेटिक्स के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है। तीनों वैज्ञानिकों ने ऐसी तकनीक विकसित करने में अहम भूमिका निभाई, जिससे रोशनी की मदद से तंत्रिका कोशिकाओं की गतिविधियों को नियंत्रित करना संभव हुआ। उनकी खोज ने न्यूरोसाइंस में शोध के नए रास्ते खोले हैं। पीटर हेगमैन और जॉर्ज नागेल ⏭ शेष पेज 4 पर



कार्ल डिसेरोथ, पीटर हेगमैन और जॉर्ज नागेल

कार्ल डिसेरोथ ने बनाया रोशनी का स्विच

कार्ल डिसेरोथ ने इस खोज को तंत्रिका विज्ञान से जोड़ा। उन्होंने चूहों की तंत्रिका कोशिकाओं में चैनलरोडोप्सिन का जीन डालकर नीली रोशनी के जरिए नर्व सिग्नल शुरू करने में सफलता हासिल की। 2005 में उनकी इस महत्वपूर्ण खोज का प्रकाशन हुआ और बाद में उन्होंने जीवित चूहों के दिमाग में भी इस तकनीक को सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया। रोशनी से नर्व सिग्नल को नियंत्रित करने की इस तकनीक को 'ऑप्टोजेनेटिक्स' कहा गया। इसके जरिए वैज्ञानिक यह समझने में सक्षम हुए कि मस्तिष्क में न्यूरल सर्किट किस तरह यादों, भावनाओं और व्यवहार को नियंत्रित करते हैं। इसका इस्तेमाल न्यूरोलॉजिकल और मनोरोग संबंधी बीमारियों के अध्ययन के साथ-साथ दृष्टिबाधित लोगों की रोशनी वापस लाने के प्रयासों में भी किया जा रहा है।

प्रदेश में हवाई सुविधाओं का विस्तार, अब होंगे हर 150 किलोमीटर पर एयरपोर्ट, 75 किमी पर एयर स्ट्रिप और हर 45 किमी पर हेलीपैड

मप्र में होंगे 10 एयरपोर्ट, सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में स्थाई हेलीपैड

- पीएमश्री एयर एम्बुलेंस, हेली पर्यटन सेवा और नई उड़ानों से मिल रही हैं नागरिकों को सुविधाएं
- मप्र से निरंतर बढ़ रही हैं अंतरराष्ट्रीय उड़ानें
- प्रदेश को मिलेगा एक शासकीय विमान, चार्टर्ड विमान पर निर्भरता होगी समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में विमानन सेवाओं और अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नागरिकों को बेहतर हवाई कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के साथ ही आपातकालीन सेवाओं, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करने के लिए एयरपोर्ट, एयरस्ट्रिप और हेलीपैड



के नेटवर्क का नागरिक विमानन नीति-2025 के अंतर्गत विस्तार किया जा रहा है। प्रदेश में एयरपोर्ट बढ़कर 8 हो गए हैं और शीघ्र ही इनकी संख्या 10 हो जाएगी। इसी तरह से प्रदेश से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या भी निरंतर बढ़ रही है। पहले दुबई और अब अबूधाबी के साथ इंदौर का हवाई संपर्क स्थापित हुआ है। सिंहस्थ-2028 के लिए भी दताना-मताना एयरपोर्ट का विस्तार हो रहा है। नए एयरपोर्ट के विकास, सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्थायी हेलीपैड का निर्माण और पीएमश्री एयर एम्बुलेंस एवं पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा से प्रदेश में हवाई सुविधाएं अधिक सुगम और व्यापक हो रही हैं।

प्रदेश में सुदृढ़ हो रहा विमानन नेटवर्क

मप्र में वर्तमान में 8 एयरपोर्ट, 20 से अधिक एयरस्ट्रिप और 220 हेलीपैड हैं। वर्ष 2023-24 में प्रदेश में 5 प्रमुख एयरपोर्ट इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और खजुराहो संचालित थे। वर्ष 2024-25 में रीवा, दतिया और सतना को जोड़कर एयरपोर्ट की संख्या 8 हो गई है। उज्जैन और शिवपुरी में एयरपोर्ट के विकास का कार्य प्रगति पर है। प्रदेश में हवाई सुविधाओं को और व्यापक बनाने के लिए हर 150 किलोमीटर पर एयरपोर्ट, हर 75 किलोमीटर पर एयरस्ट्रिप और हर 45 किलोमीटर पर हेलीपैड विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में स्थायी हेलीपैड विकसित करने की योजना है।

पांच नए एयरपोर्ट की स्वीकृति प्रक्रियाधीन, सिंगरौली को प्राथमिकता

प्रदेश में पांच नए एयरपोर्ट के विकास की स्वीकृति केंद्र सरकार के स्तर पर प्रक्रियाधीन है। इनमें सिंगरौली को प्राथमिकता दी गई है। इसके साथ ही उड़ान योजना अंतर्गत प्रदेश की 10 एयरस्ट्रिप को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। इनमें सिंगरौली, सागर, नीमच, छिंदवाड़ा, मंडला, खंडवा, रतलाम, मंदसौर, उमरिया और शहडोल शामिल हैं।

राज्य सरकार को मिल रहा नया विमान-व्यय रह जाएगा एक तिहाई

प्रदेश में विमानन और वायु सेवाओं का विकास हो रहा है तथा राज्य शासन को नया शासकीय विमान मिल रहा है। देश में कई राज्यों जैसे- उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, छत्तीसगढ़ इत्यादि में स्वयं के विमान एवं हेलीकॉप्टर हैं। भौगोलिक दृष्टि से बड़ा राज्य होने के कारण मप्र में त्वरित पहुंच एवं आकस्मिक परिस्थितियों में विमान एवं हेलीकॉप्टर की तुलनात्मक रूप से अधिक आवश्यकता रहती है। कोविड-19 के दौरान प्रदेश सरकार का विमान कोविड की अत्यन्त महत्वपूर्ण दवा रेमडेसिविर को प्रदेश के विभिन्न स्थानों में ले जाते हुए ग्वालियर में क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद से लगातार चार्टर्ड (किराए) के विमान का उपयोग किया जा रहा है। शासकीय विमान आने से राज्य सरकार का व्यय प्रतिमाह एक तिहाई ही रह जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खंडवा जिले के समुचित विकास के लिए लगाई घोषणाओं की झड़ी

खालवा में बनाए जाएंगे 6 सांदीपनि विद्यालय हरसूद में 490 सीटर नया कन्या छात्रावास बनेगा

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सोमवार को खंडवा जिले के हरसूद में थे। यहां उन्होंने जिले के लिए घोषणाओं की झड़ी लगा दी। इस अवसर पर उन्होंने 3.54 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को 21.34 करोड़ रूपए बोनस राशि अंतरित की और 56 समितियों को 4.58 करोड़ की काष्ट लाभांश राशि प्रदान की। डॉ यादव ने खण्डवा जिले को 143 करोड़ लागत के 18 विकास कार्यों की सौगात दी। रानी दुर्गावती की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में इतिहास में पहली बार गोंडवाना साम्राज्य के 52 गढ़ों के शासकों के वंशजों का सम्मान किया गया। डॉ यादव ने इन राजवंशजों को साफा पहनाकर तथा खड्ग एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया।

तेंदूपत्ता संग्राहकों और समितियों को बांटी बोनस, लाभांश की राशि



सीएम ने खंडवा के हरसूद से रानी दुर्गावती जन्मोत्सव में रिमोट से विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया।

खंडवा को दी 143 करोड़ लागत के 18 विकास कार्यों की सौगात

गोंडवाना साम्राज्य के 52 गढ़ों के शासकों के वंशजों का हुआ सम्मान

सीएम ने कीं क्षेत्रीय विकास एवं सुविधा उन्नयन से जुड़ी ये प्रमुख घोषणाएं

सीएम ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर क्षेत्रीय विकास एवं सुविधा उन्नयन से जुड़ी विभिन्न घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 5 साल में सिंचाई का रकबा 100 लाख हेक्टेयर से अधिक करने का लक्ष्य रखा है। इसी उद्देश्य से हरसूद विधानसभा क्षेत्र में करवानी उद्वहन सिंचाई परियोजना पर तेजी से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां के जनजातीय क्षेत्रों में 25 करोड़ की लागत से बिजली आपूर्ति से जुड़े सभी विकास कार्य पूरे किए जाएंगे। खालवा तहसील क्षेत्र में 6 सांदीपनि विद्यालय बनाए जाएंगे। क्षेत्र के सभी छात्रावासों में 34 करोड़ की लागत से रोटी मेकर मशीनें लगाई जाएंगी।

रानी दुर्गावती के बताए मार्ग पर चल रही सरकार

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि रानी दुर्गावती के दिखाए मार्ग पर चलकर हमारी सरकार प्रदेश के जनजातीय भाई-बहनों के कल्याण और विकास का एक नया अध्याय लिख रही है। वीरांगना रानी दुर्गावती ने प्रजा के सुख को ही अपना धर्म माना था। उनका शासनकाल कृषि, जल प्रबंधन और आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए जाना जाता है।

तेंदूपत्ता संग्राहकों की मेहनत को सम्मान

तेंदूपत्ता संग्राहकों की मेहनत को सम्मान देते हुए सरकार ने प्रति मानक बोरा पारिश्रमिक 750 से बढ़ाकर 4 हजार रुपए किया है तथा शुद्ध लाभ का 75 प्रतिशत बोनस के रूप में दिया जा रहा है। आज कुल 6 जिलों के 3 लाख 54 हजार 126 तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस राशि दी गई है।

52 गढ़ों के इन राजवंशजों का किया सम्मान

कार्यक्रम में महेंद्र प्रताप सिंह जूदेव, महेंद्र शाह, डॉ हेमराज सिंह, अमरजीत सिंह, रंजना सिंह, दमयंती सिंह, यशवंत सिंह जूदेव, विमलेश ठाकुर, राजा वीरेंद्र शाह, डॉ योगेश्वर सिंह, गरिमा सिंह, अर्चना सिंह कसदे, अभिजीत शाह तथा अन्य गढ़ों से आए राजवंशजों का भी सम्मान हुआ।

18 वर्ष पूरा कर चुके युवा मतदाता सूची में अपना नाम कराएं दर्ज

लोकतंत्र की मजबूती में हर जागरुक मतदाता की भागीदारी बेहद जरूरी : डॉ यादव

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है कि मतदाता सूची भी अद्यतन और विश्वसनीय हो। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित एसआईआर इसी दिशा में एक अहम प्रक्रिया है, जिसमें मतदाता सूची का सत्यापन किया जा रहा है। डॉ यादव ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर किसी भी तरह के भ्रम या अफवाह पर ध्यान न दें। फॉर्म 6 और डिक्लेरेशन सहित पूरी प्रक्रिया निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित है। सही जानकारी के लिए सिर्फ निर्वाचन आयोग की आधिकारिक जानकारी और निर्धारित प्रक्रिया पर ही विश्वास करें।

सेवा संकल्प अभियान

आज प्रदेश स्तरीय चित्रसेवा एवं भाषण कला प्रतियोगिता का समापन

पीएम के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के निरंतर सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को युवाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रदेश में चित्रसेवा एवं भाषणकला प्रतियोगिताओं का व्यापक आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सीएम सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी संबोधित करेंगे।

'जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा' का मप्र में हुआ समापन, गांव-गांव की सेवा

17 हजार किमी की यात्रा, 53 जिलों में 700 से अधिक सेवा कार्यक्रम हुए



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित 'वडनगर से वाराणसी एवं वाराणसी से वडनगर जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा' का मध्यप्रदेश में सोमवार को समापन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के निरंतर जनसेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को युवाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से भजापा द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित यह यात्रा 18 सितंबर से 5 अक्टूबर तक मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में पहुंची। यात्रा ने गांव-गांव तक पहुंचकर युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को सेवा कार्यों से जोड़ा।

राष्ट्र निर्माण की भावना को जागृत करने का व्यापक जनअभियान बनी यात्राः कोठारी

प्रदेश संयोजक राहुल कोठारी ने कहा कि यह यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि पूरे मप्र में सेवा, समर्पण, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना को जागृत करने वाला व्यापक जनअभियान बनी। यात्रा के कारण पूरे प्रदेश में सेवा का उत्साहपूर्ण वातावरण बना और अनेक स्थानों पर नागरिकों ने स्वेच्छा से सेवा गतिविधियों में सहभागिता कर इसे जनभागीदारी का स्वरूप दिया। यात्रा के दौरान हजारों युवा सेवा यात्रियों, भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्वच्छता अभियान, नदी एवं तालाबों की सफाई, गौसेवा, स्वास्थ्य शिविर, सफाई मित्रों का सम्मान, दिव्यांगजनों का सम्मान एवं उपकरण वितरण, विद्यार्थियों से संवाद, लाभार्थी संवाद, पोषण किट वितरण, जरूरतमंदों को खाद्यान्न सामग्री, नशामुक्ति एवं जनजागरूकता सहित अनेक सेवा गतिविधियों में सहभागिता की।

यात्रा का समापन, लेकिन सेवा का संकल्प समाप्त नहीं

राहुल कोठारी ने कहा कि जब समाज, कार्यकर्ता और युवा शक्ति मिलकर सेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं, तो सेवा का कार्य जनअभियान का रूप ले लेता है। 'जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा' ने मध्यप्रदेश में इसी भावना को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में यात्रा का समापन सेवा के संकल्प का अंत नहीं, बल्कि इसे निरंतर समाज के बीच आगे बढ़ाने की शुरुआत है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने रीवा एवं मऊगंज जिले में की बैठकें, किया संवाद

कांग्रेस के शासनकाल में किसानों को गोलियों से भूना, भाजपा दे रही हर सुविधा : खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को रीवा एवं मऊगंज जिले के प्रवास के दौरान सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सेवा कार्यों में सहभागिता की तथा संगठनात्मक बैठकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों से भी संवाद किया।

उन्होंने मऊगंज स्थित शगुन मैरिज गार्डन एवं रीवा के संभागीय कार्यालय में जिला बैठक एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन व कन्या पूजन के साथ शुभारंभ किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका बहनों से संवाद कर उनका सम्मान भी किया। खण्डेलवाल ने रीवा एवं मऊगंज में विभिन्न बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और मजबूत बनाएं। मध्यप्रदेश में कांग्रेस के शासनकाल में किसानों को गोलियों से भूना



गया था। वर्ष 1998 में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की तत्कालीन दिग्विजय सिंह सरकार ने किसानों को अपना हक मांगने पर बैतूल जिले के मुलताई में 19 किसानों की हत्या कर दी गई थी।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण करने के साथ हर सुविधा उपलब्ध करा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीब परिवारों को सम्मानजनक जीवन देने का संकल्प लिया है।

एक रुपए में 85 पैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते

खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पिता व कांग्रेस शासनकाल में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि दिल्ली से सरकार गरीबों के लिए 100 रुपए भेजती है तो गरीब तक केवल 15 रुपए ही पहुंचते हैं। यानी कांग्रेस शासनकाल में गरीबों के लिए भेजी गई 85 प्रतिशत राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थी।

प्रत्येक कार्यकर्ता की सहभागिता सुनिश्चित करें

खण्डेलवाल ने कहा कि 7 अक्टूबर को मऊगंज, रीवा सहित अन्य जिलों में होने वाले बड़े कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता जुट जाएं। 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअली संबोधन में सभी कार्यकर्ता जुड़ेंगे।

मुख्यमंत्री को वन विकास निगम की ओर से सौंपा गया 16 करोड़ 74 लाख 2 हजार रुपए के लाभांश का चेक



मुख्यमंत्री निवास में सीएम को चैक सौंपते वन विकास निगम के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएम को मुख्यमंत्री निवास में मप्र राज्य वन विकास निगम की ओर से 16 करोड़ 74 लाख 2 हजार रुपए के लाभांश का चेक सौंपा गया। यह निगम की ओर से अब तक दिया गया सर्वाधिक लाभांश है। राज्य सरकार के अंशदान पर 44.13 रुपए प्रति शेयर की दर से यह लाभांश प्रदान किया गया है।

निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को लाभांश का चेक सौंपा। इस अवसर पर निगम के उपाध्यक्ष राम मोहन सिंह बघेल और प्रमुख सचिव वन राघवेंद्र सिंह उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निगम के अध्यक्ष रावत, उपाध्यक्ष बघेल, प्रमुख सचिव वन सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन तथा मप्र वन विकास निगम के प्रबंध संचालक को निगम की विकासोन्मुखी गतिविधियों के लिए बधाई दी। मप्र राज्य वन विकास निगम की ओर से भारत सरकार को उसके अंशदान पर 44.13 रुपए प्रति शेयर की दर से 61 लाख 17 हजार रुपए का लाभांश भुगतान किया जाएगा।

किसान की फसल सूख रही है, सरकार 'दिल्ली मॉडल' की किलेबंदी सीख रही है : पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में किसानों की स्थिति को लेकर प्रदेश सरकार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने घेरा

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में किसानों की बदहाल स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का अन्नदाता आज कम बारिश, सूखती फसल, सिंचाई और बिजली संकट तथा मंडियों में फसलों के उचित दाम नहीं मिलने की दोहरी मार झेल रहा है। लेकिन किसानों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय सरकार किसानों के संभावित आंदोलन को रोकने के लिए पुलिसिया किलेबंदी की तैयारी कर रही है। पटवारी ने कहा कि जुलाई में हुए मूंग आंदोलन के बाद सरकार किसानों के लोकतांत्रिक विरोध से इतनी घबरा गई है कि अब राजधानी भोपाल में किसानों को रोकने की रणनीति बनाई जा रही है।



इंटेलीजेंस स्तर पर रिपोर्ट की गई तैयार

उन्होंने कहा कि दिल्ली किसान आंदोलन के दौरान अपनाई गई रणनीतियों का अध्ययन कर इंटेलिजेंस स्तर पर रिपोर्ट तैयार की गई है। भोपाल के 16 प्रमुख एंट्री-एग्जिट प्वाइंट्स को चिन्हित कर कंक्रीट ब्लॉक, कंटेनर, कंटीले तार, अस्थायी बैरिकेडिंग और कंटेनमेंट जोन बनाने की तैयारी की जा रही है। सरकार को किसानों के लिए 16 एंट्री प्वाइंट्स पर बैरिकेडिंग नहीं, बल्कि 16 संभाग स्तरीय किसान समाधान केंद्र बनाने चाहिए थे।

नगरीय निकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन

नगर पालिका परिषद वारासिवनी भी राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी में मप्र को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पीएम के 'सभी के लिए आवास' के संकल्प को मप्र की धरा पर साकार करने की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता और प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। मप्र को 'प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी पुरस्कार-2026' से पुरस्कृत किया गया है। विश्व आवास दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया।

लाखों वंचित एवं जरूरतमंद शहरी परिवारों के अपने पक्के घर का स्वप्न साकार हुआ

आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास भोंडवे ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी से प्रदेश के लाखों वंचितपरिवारों के अपने पक्के घर का स्वप्न साकार हुआ है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में योजना का पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है। मिशन संचालक गेमावत ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मप्र में योजना के विभिन्न घटकों के अंतर्गत अब तक 10 लाख से अधिक आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं।

मप्र ने भारत के औद्योगिक केंद्रों तक पहुंचाई निवेश की पहल

नीतिगत व्यवस्था और गवर्नेंस फ्रेमवर्क से कराया परिचित

राज्य की औद्योगिक प्रोत्साहन एजेंसी शहर-शहर एमएसएमई सप्लाई चेन इंटीग्रेशन और निर्यात पर कर रही खास फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएम के नेतृत्व में मप्र ने 2024 में निवेशकों को आकर्षित करने की शुरुआत अपने ही घर से की। संभागीय औद्योगिक सम्मेलनों ने क्षेत्रीय उद्योग को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया, जहां स्थानीय उद्यमी मुख्यमंत्री, वरिष्ठ सचिवों और जिला अधिकारियों के सीधे सामने आए और पहली बार निवेश करने वालों को राज्य की नीतिगत व्यवस्था और गवर्नेंस फ्रेमवर्क से परिचित कराया गया। यह सिलसिला भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में 18 नीतियों के लोकार्पण के साथ पूरा हुआ। भोपाल में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 के लिए, राज्य के उद्योग विभाग की नोडल एजेंसी एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने यही सहभागी दृष्टिकोण पूरे भारत के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों तक पहुंचाया है।

अभिसरण, सहयोग और प्रतिस्पर्धा यानी तीन सी के इर्द-गिर्द व्यावहारिक ढांचा तैयार



यह आउटरीच स्पष्ट और लक्ष्य-आधारित उद्देश्यों से संचालित है। यह अभिसरण, सहयोग और प्रतिस्पर्धा यानी तीन सी के इर्द-गिर्द एक व्यावहारिक ढांचा तैयार करता है, जो सरकार, उद्योग और क्षेत्रीय इकोसिस्टम को साझा अवसरों पर एक साथ लाता है। राज्यों, सेक्टरों और सप्लाई चेन के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है। क्षेत्रों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का उपयोग करते हुए इंफ्रास्ट्रक्चर, नीतियों, कौशल और निवेशक सुविधा की गुणवत्ता को ऊपर उठाता है। मकसद सिर्फ मप्र में निवेश लाना नहीं, बल्कि औद्योगिक संबंधों को गहरा करना, स्थापित औद्योगिक केंद्रों से आगे अवसरों का विस्तार करना और राज्य में अधिक संतुलित क्षेत्रीय विकास में योगदान देना है।

निवेश के फैसलों को आकार देते हैं

भारत के प्रमुख शहरों में राष्ट्रीय आउटरीच के अलावा अधिकारी हर शहर में उन चैंबर्स, सेक्टर एसोसिएशनों और औद्योगिक परिवारों से भी मिल रहे हैं जो निवेश के फैसलों को आकार देते हैं। चेन्नई में ऑटोमोबाइल, ऑटो कंपोनेंट्स और इलेक्ट्रॉनिक्स की। हर बैठक एक ही सवाल से शुरू होती है।

भारत के व्यापार समझौतों का इस्तेमाल शुरू

भारत के व्यापार समझौतों का इस्तेमाल शुरू हो गया है। यूएई, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन अन्य देशों के साथ भारत के हाल के समझौते उन बाजारों तक कम शुल्क पर पहुंच देते हैं, जिनका कई निर्माताओं ने अभी पूरी तरह उपयोग नहीं किया है। एमपीआईडीसी के अधिकारी मप्र को इनके लिए एक व्यावहारिक आधार के रूप में पेश कर रहे हैं।

विदेशों में खास पहचान रखने वाले जिला उत्पादों को प्राथमिकता

उद्योग विभाग बड़े एक्सपोर्ट हाउसों से भी सीधे संपर्क कर रहा है। उनसे सिर्फ क्षमता स्थापित करने के लिए नहीं, बल्कि टेक्सटाइल्स, प्रोसेस्ड फूड, फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग गुड्स और विशेष कृषि उत्पादों में स्थानीय इकाइयों से अधिक सोर्सिंग करने के लिए भी कहा जा रहा है।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

शताब्दी में यात्रा के लिए इन दो भैंस को किसने दिया टिकट!

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इधर प्लेटफॉर्म नंबर1 पर आई शताब्दी एक्सप्रेस तो यात्री हुए परेशान, मची अफरा-तफरी

जीएम के दौरे के दिन ही सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

अलग खबर

विश्वस्तरीय और एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं के दावों वाले रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (आरकेएमपी) के प्लेटफार्म पर सोमवार को भैंसों के पहुंचने से यात्री हैरान रह गए। मामला उस समय का है, जब प्लेटफार्म नंबर-1 पर वीआईपी ट्रेन शताब्दी एक्सप्रेस के प्लेटफार्म आ गई थी। इस दौरान इस ट्रेन के यात्री उतर रहे थे। तो वहीं दिल्ली जाने वाले यात्री इस ट्रेन में सवार हो रहे थे। प्लेटफार्म पर अचानक भैंसों को घूमते देख यात्रियों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। कई यात्री उनसे बचने के लिए इधर-उधर होते नजर आए। आरकेएमपी पर देश-विदेश से आने वाले यात्रियों के साथ वीआईपी और महत्वपूर्ण लोगों का भी लगातार आवागमन रहता है। ऐसे में प्लेटफार्म तक जानवरों का पहुंच जाना स्टेशन की सुरक्षा और संचालन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। खास बात यह है कि स्टेशन के रखरखाव और यात्री सुविधाओं की जिम्मेदारी बंसल पाथवे प्राइवेट लिमिटेड के पास है। कंपनी की ओर से लगातार यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा देने के दावे किए जाते हैं।


रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म एक पर कुछ इस अंदाज में घुमती हुई भैंस।

इस पूरे घटनाक्रम की गंभीरता इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि इसी दिन पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह का आरकेएमपी स्टेशन का दौरा प्रस्तावित था। महाप्रबंधक के निरीक्षण के दिन ही प्लेटफार्म पर इन भैंसों का पहुंच जाना स्टेशन की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। सवाल यह भी है कि यदि वीआईपी ट्रेन के समय प्लेटफार्म पर ऐसी स्थिति बन सकती है, तो सामान्य दिनों में व्यवस्था कितनी मजबूत होगी?


स्टेशन पर भैंसों को भगाने आया कर्मचारी भी कुछ देर बाद लौट गया।

बेकाबू हो जाती तो हो सकता था बड़ा हादसा

शताब्दी एक्सप्रेस के प्लेटफार्म नंबर-1 पर के दौरान भैंसों के पहुंचने से यात्री असहज हो गए। ट्रेन में सवार होने महिला, बच्चे और अन्य यात्री प्लेटफार्म पर मौजूद थे। ऐसे में यदि जानवर बेकाबू होकर यात्रियों की ओर दौड़ते तो बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत रही कि कर्मियों ने उन्हें ट्रेन से दूर कर दिया। हालांकि उन्होंने उन्हें पूरी तरह बाहर नहीं किया।

जल्द ही भगा दिया था...

भैंसे गलती से 3:12 घुस गई थी। जिनको जल्द ही यानी 3:16 पर कर्मचारियों ने भाग दिया था।
मोहित समैया, एजीएम, बंसल ग्रुप

केंद्रीय गृह सचिव को कलेक्टर ने दिया प्रजेंटेशन

भोपाल में मिली सोलह सौ करोड़ की शत्रु संपत्ति, बेदखली की तैयारी, होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल के तत्कालीन नवाब हमीदुल्ला खान की प्रॉपर्टी का विवाद एक बार फिर से सुर्खियों में है। नवाब के वारिस और उनकी पाकिस्तानी नागरिकता को लेकर जिला प्रशासन ने एक बार फिर से शत्रु संपत्तियों को लेकर जांच करा ली है। सबसे पहले रियाज मंजिल के आठ एकड़ एरिया पर काबिज 25 लोगों को नोटिस देकर सुनवाई की जा रही है। इधर दो दर्जन प्रॉपर्टी को लेकर भी रिकार्ड तैयार किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 16 सौ करोड़ रुपए आंकी जा रही है। पिछले दिनों कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने अपर मुख्य सचिव गृह संजय शुक्ला के साथ केंद्रीय गृह सचिव को शत्रु संपत्ति के संबंध में प्रजेंटेशन दिया है। केंद्र से कार्रवाई का आदेश मिलने के बाद इन प्रॉपर्टी पर काबिज लोगों को बेदखल कर प्रॉपर्टीज की नीलामी की जाएगी।

नवाब की दो दर्जन निजी प्रापर्टी को लेकर चल रही जांच में पता चला है कि इनमें से सात बड़ी प्रापर्टी की खरीद-फरोख्त भी हो गई है। इन प्रापर्टी की रजिस्ट्री और नामांतरण में पाकिस्तान में रहने वाले वारिसों के दस्तखत मौजूद हैं। नवाब के वारिसों ने भोपाल आकर करीब दो हजार करोड़ रुपए की प्रापर्टी बेची (हिबा नामा) की गई है। सरकारी कब्जे से पहले ही करीब दो हजार करोड़ की प्रापर्टी बेच दी गई है। भारत सरकार ने हाल ही में नये अध्यादेश के तहत पाक जाने वाले लोगों की प्रापर्टी को सरकारी बनाने का आदेश जारी है। इसके तहत राजधानी में नवाब की निजी संपत्ति की जांच की गई, जिसमें 24 प्रापर्टी चिन्हित कर उनकी मौके पर जांच कराई गई है। इसमें 13 प्रापर्टी राजस्व रिकार्ड में नवाब के वारिसों के नाम दर्ज है, जबकि सात प्रापर्टी की खरीद-फरोख्त की गई है।

डीड में दर्ज हैं वारिसों के दस्तखत

नवाब की छोटी बेटी राबिया सुल्तान की बेटी फायजा सुल्तान की पाकिस्तान में शादी हुई थी, इसके साथ पाकिस्तान जा बसीं नवाब की बड़ी बेटी आबिदा सुल्तान और उनके बेटे शहरयार खान पाक नागरिक हैं। नवाब की निजी संपत्ति की खरीद-फरोख्त और हिबा नामा में इन लोगों के दस्तखत लिए गए हैं। जिसके आधार पर रजिस्ट्री और नामांतरण किया गया है।

पीईएसओ करेगा लाइसेंस सस्पेंड, तब बंद होंगी दुकानें

पटाखा दुकानों की तीन महीने पहले एनओसी रद्द, फिर भी बेचे जा रहे पटाखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हलालपुरा और लालघाटी की दो लाख आबादी के लिए खतरा बनीं पटाखा दुकान और गोदाम अब भी भोपाल-इंदौर सड़क पर चल रहे हैं, जबकि तीन महीने पहले कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सभी पटाखा दुकानों की एनओसी रद्द कर दी थी, लेकिन पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव्स सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन (पीईएसओ) ने पटाखा दुकानों का लाइसेंस अब तक सस्पेंड नहीं किया है। बता दे कि अब भी कई दुकानों से पटाखे बेचज जा रहे हैं।

इधर संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ एसडीएम रवीश श्रीवास्तव पिछले तीन महीने से दुकानों को बंद करने को लेकर सुनवाई कर रहे हैं। सोमवार को भी एसडीएम ने कोर्ट में सुनवाई होना थी, लेकिन पटाखा दुकानदार नहीं पहुंचे। अब मंगलवार को फाइनल सुनवाई की जाएगी।



पटाखा बाजार का फाइल फोटो।

तीन जुलाई को जारी किया था नोटिस

बैरागढ़ एसडीएम ने यहां के पंद्रह सौ किलो स्टॉक वाले 15 दुकानदार और पांच गोदाम संचालकों को तीन जुलाई को आखिरी नोटिस जारी कर सुनवाई शुरु की थी, जिसके तहत दुकानदारों ने जवाब पेश किया है। थोक पटाखों दुकानों की एनओसी रद्द होने के बाद पटाखा दुकानों के लाइसेंस सस्पेंड करने की कार्रवाई पीईएसओ (पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव्स सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन) को करना है, हालांकि पीईएसओ ने लाइसेंस सस्पेंड किए हैं, लेकिन हाईकोर्ट में लगे केस को लेकर लाइसेंस बहाल रखने की बात भी की है। बताया जा रहा है कि हाईकोर्ट के निर्णय के बाद ही दुकानों पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

यह दुकानें और गोदाम हटेंगे

हलालपुरा में पंद्रह सौ किलो पटाखे के स्टॉक रखने वाली 15 दुकानें हैं, जहां तय मात्रा से अधिक स्टॉक रखा जाता है। आदेश के तहत सोनी पटाखा, कालू पटाखा, आरके पटाखा, अम्बिका पटाखा, राज फायर वर्क्स, दीपक पटाखा, महादेव पटाखा समेत 15 दुकान और पांच पटाखा गोदामों की एनओसी रद्द कर दी गई है।

आग से बचाव के इंतजाम नाकाफी

सोनी पटाखा सेंटर में आग के बाद पटवारी और तहसीलदार ने प्रतिवेदन पेश किया था। जिसमें बताया गया कि पटाखा बाजार में जाने का एक ही रास्ता है। इंदौर रोड पर ट्रेफिक अधिक रहता है। दोनों तरफ पेट्रोल पंप, अस्पताल और आबादी क्षेत्र है। सड़क की दूसरी तरफ आठ मैरिज गार्डन और पांच पटाखा गोदाम भी हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने का खतरा बना रहता है।

नई जगह की तलाश

एनओसी रद्द करने के साथ सभी पटाखा दुकानों को शहर से बाहर शिफ्ट करने नई जमीन तलाश शुरु कर दी गई है। इस बार ऐसी जगह देखी जाएगी, जहां आसपास कोई रहवासी क्षेत्र न हो। एसडीएम का कहना है कि पटाखा दुकानों की एनओसी पहले ही रद्द कर दी गई थी। दुकानों की वजह से आम लोगों के खतरे को देखते हुए सुनवाई की जा रही है।

दिन में एक और रात में 2 डिग्री की बढ़त

हल्के बादलों से पारा चढ़ा, बौछारों की उम्मीद, प्रदेश में कुछ जिले भीगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में सोमवार को दिन में धूप और दोपहर से हल्के बादलों का असर रहा। रविवार-सोमवार रात में भी हल्के बादलों से दिन और रात के तापमान में बढ़त रही। दिन में दशमलव 8 डिग्री और रात में 2 डिग्री बढ़कर अधिकतम तापमान इस महीने का सर्वाधिक 36.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3.2 डिग्री अधिक है। रात में 20.2 डिग्री रहा। बादलों के बीच शहर में अगले दो से तीन दिन में हल्की बौछारें पडने की उम्मीद है। सोमवार को छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, सीधी सहित कुछ जिलों में हल्की बौछारें पडने से मौसम सामान्य रहा। मौसम केंद्र के अनुसार अगले चार दिन विशेष बदलाव नहीं होगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में कोई प्रभावी सिस्टम नहीं है। एक ट्रफ प्रदेश के पास से गुजर रही है, इसके असर से दो से तीन दिन बाद प्रदेश में कुछ जगह बारिश हो सकती है। भोपाल में भी हल्की बौछारें पड़ सकती हैं। विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी एक ट्रफ पश्चिम बंगाल से मराठवाड़ा तक बनी हुई है।

दस साल की जांच में अलग-अलग तथ्य

सबसे पहले वर्ष-2016 में भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय ने नवाब की निजी संपत्ति की जांच के आदेश जिला प्रशासन को दिए थे। रिटायर्ड राजस्व अफसरों की टीम बनाकर उन्हें जांच की जिम्मेदारी सौंपी। इसके बाद जिला प्रशासन ने भोपाल में एक भी शत्रु संपत्ति नहीं होने की जानकारी भेजी। इसके बाद हाल ही में दोबारा से जांच कराकर दो दर्जन प्रॉपर्टी चिन्हित की गई हैं।



एनजीटी में शाहपुरा तालाब संरक्षण पर सुनवाई

एक दूसरे पर जिम्मेदारी न डालें, 10 दिन में तय करें एफटीएल-बफर जोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) बेंच में राजधानी स्थित शाहपुरा तालाब के संरक्षण, सीमांकन और अतिक्रमण हटाने के एक मामले पर सोमवार को सुनवाई हुई। जस्टिस श्योकुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की बेंच ने सुनवाई के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालने और ट्रिब्यूनल का समय बर्बाद करने पर सख्त रुख अपनाया। बेंच ने निर्देश दिए कि एसडीएम कोलार, जल संसाधन विभाग और भोपाल नगर निगम आपस में समन्वय बनाकर गठित समिति के साथ अगले 10 दिन के भीतर शाहपुरा झील का वास्तविक एफटीएल (फुल टैंक लेवल) और बफर जोन का सीमांकन हर हाल में पूरा किया जाए। इस मामले में अब अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी।

अतिक्रमण पर कार्रवाई के निर्देश

बेंच ने एसडीएम कोलार को निर्देश दिए हैं कि जैसे ही एफटीएल और बफर जोन का निर्धारण पूरा हो, शाहपुरा झील के कैचमेंट और 50 मीटर बफर एरिया में मौजूद सभी अवैध और अस्थायी निर्माणों को तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्रवाई शुरू की जाए। अब मामले की अगली सुनवाई में प्रशासन को निर्देश के बाद की गई कार्रवाई की एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश करना होगी।

ट्विशा शर्मा के आरोपी पति समर्थ की जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चर्चित ट्विशा शर्मा को दहेज आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में जेल में बंद पति समर्थ सिंह के जमानत आवेदन को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शोभना भलावे ने सुनवाई के बाद सोमवार को निरस्त कर दिया है। समर्थ सिंह के अधिवक्ता ने सीबीआई के अधूरे चालान पेश करने को लेकर आपत्ती जताते हुए समरथ को इसी आधार पर जमानत पर रिहा किए जाने की मांग की थी। समर्थ की ओर से न्यायालय में बताया गया था कि सीबीआई ने मामले में गिरफ्तारी के 87वें दिन अधूरा चालान पेश किया है। इसमें बताया है कि दहेज की मांग, दहेज हत्या संबंधी सबूत,ट्विशा शर्मा के आईफोन से आपत्तिजनक जानकारी और घर पर लगे सीसीटीवी कैमरा की सीएफ एसएल जांच अभी की जा रही है। समर्थ 2 जून से जेल में बंद है। अब तक सीबीआई की जांच अधूरी है। ऐसे में समरथ को जमानत/डिफॉल्ट बेल का लाभ दिया जाना चाहिए सीबीआई और ट्विशा शर्मा के परिजनों की ओर से न्यायालय में आपत्ति दर्ज कराते हुए समर्थ के अपराध को अंत्यंत गंभीर अपराध बताते हुए उसके जमानत के आवेदन को निरस्त किए जाने का अनुरोध किया गया था।



नगर निगम ने कलेक्टर से मांगी 6.240 हेक्टेयर जमीन

शहरी क्षेत्र में 15 एकड़ पर गरीबों के लिए बनेंगे मकान

झुग्गीवासियों को दिए जाएंगे मकान, खाली कराई जाएगी झुग्गियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी को स्लम फ्री बनाने की कवायद जारी है। इसके तहत नगर निगम शहरी गरीबों के लिए मकान निर्माण करा रहा है। शहर एसडीएम से 6.240 हेक्टेयर (करीब 15 एकड़) जमीन की डिमांड की गई है, जहां पर गरीबों के लिए मकान बनाए जाएंगे। इन मकानों में झुग्गिवासियों को शिफ्ट कर सरकारी जमीनें खाली कराई जाएंगी। इसके पहले भी कोटरा सुल्तानबाद में चार हेक्टेयर (करीब दस एकड़) जमीन मांगी गई थी। जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

राजधानी में करीब 15 सौ एकड़ सरकारी जमीन पर तीन सौ से अधिक झुग्गी बस्तियां हैं, जहां पर बिजली, सड़क और पानी की पाइपलाइन तक बिछाई गई है। जिला प्रशासन और नगर निगम अब इन झुग्गी बस्तियों में रहने वाले परिवारों को शहरी गरीब योजना के तहत मकान देने जा रहा है। जिससे इन परिवारों को झुग्गी बस्ती से हटाया जा सके। शहर एसडीएम लाखन चौधरी का कहना है कि शहरी क्षेत्र में नगर निगम को 6.240 हेक्टेयर जमीन आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद जमीन का पजेशन दे दिया जाएगा।



संभागीय कार्यालय में बैठक लेते संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा।

बाग मुगालिया में बनेगा एसटीपी

सोमवार को संभाग कमिश्नर कर्मवीर शर्मा ने अमृत योजना के तहत बैठक रखी, जिसमें बाग मुगालिया में सीवेज एसटीपी और आईपीएस निर्माण के लिए नगर निगम ने जमीन की मांग रखी। इसी तरह आचारपुरा में उद्योगों के लिए जमीन आवंटित करने के निर्देश दिए। जबकि कोटरा सुल्तानाबाद में औद्योगिक विकास निगम के दफ्तर के लिए जमीन का प्रस्ताव दोबारा से पेश करने की बात कही। इसी तरह हिनोतिया आलम और बेहटा में पीएम आवास के तहत जमीन आवंटित करने का प्रस्ताव पुनः पेश करने के निर्देश भी दिए।

पेज एक का शेष...

कूनो में गूंजी...

दिया। यह उपलब्धि देश में चीता संरक्षण एवं पुनर्स्थापना के प्रयासों की सफलता और चीतों की नई पीढ़ी की विस्तार की दिशा में मील का पत्थर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रोजेक्ट चीता से जुड़े वन्य अधिकारियों, पशु चिकित्सकों, मैदानी अमले, प्रबंधन टीम तथा सभी सहयोगियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उनके समर्पण, प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों से भारत में चीता पुनर्स्थापना की यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है। नन्हे मेहमानों के आगमन से कूनो की धरती पर एक बार फिर वन्य जीव संरक्षण की नई उम्मीद ने जन्म लिया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी साझा की और टीम को शुभकामनाएं दी। गौर हो कि प्रोजेक्ट चीता 2022 में शुरु हुआ था।

मुख्यमंत्री करेंगे 20 ...

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, तकनीकी शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, श्रम, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, परिवहन, आयुष तथा पुलिस एवं साइबर सुरक्षा सहित विभिन्न विभाग अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित योजनाओं और गतिविधियों से युवाओं को परिचित कराएंगे। मप्र स्टार्टअप सेंटर एवं सेडमैप की ओर से स्वरोजगार, उद्यमिता, कौशल विकास और नवाचार से संबंधित गतिविधियां प्रस्तुत की जाएंगी।

नवोदित उद्यमों के ...

सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल और मुंबई के कबीर कैफे की सुरमयी प्रस्तुतियां कार्यक्रम में जोश, उमंग और उत्साह का संचार करेंगी।

संशोधित फॉर्म 6...

कानून के मुताबिक फैसले सर्वसम्मति से या बहुमत से लिए जाने चाहिए। ये याचिकाएं सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार सिंह और वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने दाखिल की हैं। राकेश कुमार सिंह की ओर से वरिष्ठ वकील विकास सिंह पेश हुए। उन्होंने जनप्रतिनिधित्व कानून के मूल स्वरूप और उसमें किए गए बदलावों के साथ धारा 10(2) और 10(3) का हवाला दिया। मतदाता पंजीकरण से जुड़े फॉर्म 6 में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जोड़ी गई अतिरिक्त घोषणा को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्पष्ट किया कि उसने फॉर्म 6 के किसी संशोधित प्रारूप को मंजूरी नहीं दी थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि अदालत रिकॉर्ड आने के बाद यह देखेगी कि फॉर्म में बदलाव किसने किया।

कृषि विभाग में ...

कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के पदोन्नत शासकीय सेवकों की ओर से रविंद्र भवन में आयोजित आभार प्रदर्शन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर कृषि विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को प्रतीक स्वरूप हल भेंटकर तथा फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर ई-विकास, डिजिटल एग्रीकल्चर, भावांतर भुगतान योजना पर कार्यशाला सह प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग में पीएससी और कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से उप अभियंता, सचिव और डेटा एंट्री ऑपरेटर जैसे 1500 से अधिक पदों पर भर्तियां की जाएंगी।

पिछले कुछ समय ...

मुख्यमंत्री ने पदोन्नति के साथ-साथ नई भर्तियों की निरंतरता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पदोन्नति की प्रक्रिया गंगा की अविरल धारा की तरह बहता रहे। जिस तरह गंगा लगातार बहती है, उसी तरह पदोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति और नई भर्तियों का चक्र भी लगातार चलना चाहिए, ताकि कोई भी विभाग कर्मचारियों की कमी न झेले।

मप्र में एक लाख से ...

सरकारी स्कूलों में एक लाख से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं। इसके बावजूद शिक्षक भर्ती-2025 में वर्ग-3 के 13,089 और वर्ग-2 के 10,800 पद ही निर्धारित किए गए हैं। सीमित पदों के कारण युवाओं को स्थायी नौकरी नहीं मिल पा रही है। लंबे इंतजार के चलते कई अभ्यर्थी निर्धारित आयु सीमा के करीब पहुंच गए हैं। राहुल गांधी ने कहा कि अपनी मांग सरकार तक पहुंचाने के लिए अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे हैं। राहुल ने मुख्यमंत्री से आंदोलनरत अभ्यर्थियों को भेजे गए नोटिस तत्काल वापस लेने और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी बात सुनने का अनुरोध किया। उन्होंने वर्ग-2 और वर्ग-3 में पदवृद्धि के साथ दूसरे चरण की काउंसलिंग जल्द शुरू करने की मांग भी की।

पन्ना जेल से...

मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन का कहना है कि स्वास्थ्य बिगड़ने पर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जबकि भटनागर ने इसे अनशन खत्म कराने की कोशिश बताया है। अस्पताल से जारी संदेश में भटनागर ने कहा कि जगह बदलने से आंदोलन खत्म नहीं होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने उन्हें जबरन अस्पताल में भर्ती कराकर अनशन तुड़वाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि जब तक डैम से प्रभावित प्रत्येक आदिवासी परिवार, महिला और किसान को पूरा मुआवजा और पुनर्वास का अधिकार नहीं मिलता, तब तक अस्पताल के बेड से भी आमरण अनशन जारी रहेगा। इधर, जय किसान संघ के मुताबिक भटनागर की गिरफ्तारी और अस्पताल भेजे जाने के बाद आंदोलन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ा है। डैम स्थल पर प्रभावित ग्रामीणों का धरना-प्रदर्शन जारी रहा। ग्रामीणों ने अमित भटनागर, दिव्या अहिरवार, हिसाबी राजपूत समेत गिरफ्तार सभी आंदोलनकारियों की रिहाई, पूर्व घोषित राशि के अनुसार मुआवजा और पुनर्वास अधिकार सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मौके पर पहुंचकर बातचीत कर समस्या का समाधान करने की मांग भी की।

मायावती ने फिर ....

पार्टी आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी है। मायावती ने कहा कि आकाश आनंद का व्यक्तित्व पार्टी में काफी हद तक ठीक रहा है, लेकिन पिछले दिनों कुछ ऐसे कारण सामने आए, जिनकी वजह से पार्टी संगठन में कई जरूरी बदलाव करने पड़े। उन्होंने कहा कि पार्टी के कुछ लोगों का मानना है कि आकाश आनंद के व्यक्तित्व और कार्यशैली में काफी बदलाव आया है। इन सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद उन्हें फिर से राष्ट्रीय संयोजक की जिम्मेदारी देने का फैसला किया गया है।

हाई कोर्ट ने ...

को कहा गया है। प्रकरण में जांच के दौरान नाबालिग करीब दो माह की गर्भवती मिली थी। गर्भपात के बाद भ्रूण सुरक्षित रखकर एफएसएल जांच कराई गई। रिपोर्ट में राजू जाटव को भ्रूण का जैविक पिता नहीं पाया गया। कोर्ट में नाबालिग ने राजू द्वारा दुष्कर्म किए जाने से इनकार किया, जबकि पुलिस के समक्ष दर्ज बयानों में उसने राजू पर बागेश्वर धाम में जबरन दुष्कर्म का आरोप लगाया था।
इधर, तीन अक्टूबर की रात धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने महिलाओं और माताओं से अकेले बागेश्वर धाम नहीं आने तथा अनजान लोगों और सेवादारों पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करने की अपील की। हालांकि उनकी अपील में इस प्रकरण का कोई उल्लेख नहीं था।

संत का दावा ...

वजह बताया है। दिनेश शर्मा के अनुसार, केलि कुंज आश्रम दो गुटों में बंट गया है। उनका दावा है कि एक गुट में वास्तविक संत हैं, जबकि दूसरे गुट पर उन्होंने कथित रूप से जमीन और संपत्ति से जुड़े मामलों में सक्रिय होने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इसी वजह से प्रेमानंद महाराज दुखी हैं और कई संत उनके साथ बेलवन चले गए हैं। गौरतलब है कि 25 सितंबर को प्रेमानंद महाराज के शिष्य दीपक लोधी ने वृंदावन स्थित गुरु कृपा कुंज की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामला चर्चा में आया। इसके बाद तीन परिवारों ने अपने परिजनों की गुमशुदगी को लेकर केलि कुंज आश्रम के बाहर हंगामा भी किया था। आश्रम प्रबंधन ने मामले की जांच में सहयोग का भरोसा दिया था।

एसीपी विवेक भगत ...

जंतर-मंतर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान एक महिला पत्रकार ने एसीपी विवेक भगत पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। प्रदर्शन की कवरेज कर रहीं तीन महिला पत्रकारों ने दिल्ली पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायत की थी। दिल्ली पुलिस ने शिकायतों को जांच के लिए क्राइम ब्रांच को भेज दिया है। मामले में अभी कोई अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, इन अधिकारियों के प्रमोशन की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी थी और इसका हालिया शिकायतों से संबंध नहीं है। आदेश के अनुसार, यह व्यवस्था अस्थायी है और नियमित नियुक्ति होने तक लागू रहेगी। प्रमोशन को लेकर आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने सवाल उठाए हैं। वहीं, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने भी घटना पर चिंता जताते हुए कार्रवाई की मांग की थी।

एफआईआर की मांग ...

को दिल्ली कैंट थाने ले जाया गया। प्रदर्शनकारी एसीपी विवेक भगत के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि नई दिल्ली इलाके में सार्वजनिक प्रदर्शन पर प्रतिबंध के आदेश लागू थे। प्रदर्शनकारियों के नहीं हटने पर उन्हें हिरासत में लिया गया।

दिमागी कोशिकाओं को ...

ने एक-कोशिका वाले शैवाल में 'चैनलरोडोप्सिन' नाम के प्रोटीन की खोज की। यह प्रोटीन नीली रोशनी पड़ने पर एक चैनल खोलता है, जिससे आवेशित आयन कोशिका में प्रवेश करते हैं और विद्युत संकेत पैदा होता है। वैज्ञानिकों ने पाया कि जिस कोशिका में यह प्रोटीन डाला गया, वह प्रकाश के प्रति संवेदनशील हो गई। नोबेल कमेटी के मुताबिक इन तीनों वैज्ञानिकों की खोज ने दिमाग को समझने के लिए रिसर्च का एक नया रास्ता खोल दिया है। इस तकनीक का इस्तेमाल आंखों की बीमारियों पर भी किया जा रहा है। वैज्ञानिक यह पता लगा रहे हैं कि इसकी मदद से दृष्टि खो चुके लोगों की आंखों की रोशनी वापस लाई जा सकती है या नहीं। गौर हो कि 2026 में प्रत्येक पुरस्कार की राशि 1.2 करोड़ स्वीडिश क्रोनर है। पुरस्कार समारोह दिसंबर में स्वीडन के स्टॉकहोम और नॉर्वे के ओस्लो में होते हैं।

उड़ान में बिगड़ी 32 वर्षीय किडनी मरीज की हालत

अच्छी खबर : आसमान में मसीहा बने डॉक्टर

दिल्ली से आइजोल जा रही इंडिगो उड़ान में चार डॉक्टरों ने बचाई महिला की जान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आसमान में उड़ते विमान में जब 32 वर्षीय महिला की सांसें उखड़ने लगीं तो चार डॉक्टर उसके लिए मसीहा बनकर सामने आए। दिल्ली से आइजोल जा रही इंडिगो की उड़ान में 3 अक्टूबर को क्रॉनिक किडनी डिजीज से पीड़ित महिला की हालत अचानक गंभीर हो गई। उसका ऑक्सीजन सैचुरेशन गिरकर करीब 40 प्रतिशत पहुंच गया केबिन क्रू ने विमान में डॉक्टर की मदद के लिए घोषणा की। इसके बाद गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. बेंजामिन खियांगटे, पीडियाट्रिशियन एवं क्रिटिकल केयर व डॉ. एफ. रेमथांगपुई और जनरल सर्जन डॉ. विली लालह्लुइटलुआंगा मदद के लिए पहुंचे।



यूपी राज्यसभा में भाजपा का बदलाव

आठ नए चेहरों पर दांव पुरी, वर्मा को टिकट नहीं



श्रुति गंगवार | प्रकाश पाल | प्रियंका रावत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने उत्तर प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए 8 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने धर्मपाल सिंह, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, विद्यासागर सोनकर, गोपी कृष्ण पांडेय, प्रियंका सिंह रावत, राम प्रताप सिंह चौहान और श्रुति गंगवार को प्रत्याशी बनाया है। चुनाव 16 अक्टूबर को होना है। भाजपा की सूची में तीन ओबीसी, दो अनुसूचित जाति और तीन सामान्य वर्ग के उम्मीदवार हैं। दो महिलाएं प्रियंका सिंह रावत और श्रुति गंगवार हैं। सूची में क्षेत्रीय और सामाजिक प्रतिनिधित्व का भी ध्यान रखा गया है। धर्मपाल सिंह आंवला से वरिष्ठ भाजपा नेता और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। उनके पास पशुपालन और डेयरी विकास विभाग है। प्रकाश पाल भाजपा के वरिष्ठ संगठन नेता और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक- 423/ए मण्डल द्वारा श्री नवाब उर रहमान आत्मज श्री अब्दुल रहमान के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख मण्डल द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 13/10/2009 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 01/06/2016 को पंजीकृत है। श्री नवाब उर रहमान आत्मज श्री अब्दुल रहमान द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री मोहम्मद अनीस आत्मज श्री मोहम्मद अली को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 15/12/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/ विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री मोहम्मद अनीस आत्मज श्री मोहम्मद अली के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/ संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.
प्रक्षेत्र-1, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी.-99 मण्डल द्वारा श्रीमती शहाना कमर पत्नी स्व. श्री नासिर अली खान के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख मण्डल द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 02/02/1994 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 23/07/2026 को पंजीकृत है। श्री मोहम्मद इलियास आत्मज स्व. श्री मोहम्मद इब्राहिम द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती यास्मीन फरीदी पत्नी श्री एम. एम. ए. फरीदी को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 30/09/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती यास्मीन फरीदी पत्नी श्री एम. एम. ए. फरीदी के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/संस्था /वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.
प्रक्षेत्र-1, भोपाल

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिग्रले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
खबरों के साथ ही नहीं, विचार भी
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

प्लॉट मात्र 16 लाख में
फाईनेंस सुविधा उपलब्ध है
T&C
साईड 220 फीट न्यू जेल रोड, संमीप
मो. 8962979924
9755905247

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

बेचना है

बिलासपुर सकरी मेन रोड से दो कदम दूर पूर्ण विकसित कॉलोनी में सीसी रोड नाली, पानी, बिजली, सर्वसुविधायुक्त सहित नॉर्थ फेसिंग प्लॉट 100×50= 5000 वर्गफुट बेचना है सम्पर्क करें- 7898855268 (41750)

(RO-41750)
02/09/26 to 05/10/26

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यवस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

म.प्र. राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था
प्रधान कार्यालय, ऑफिस कॉम्प्लेक्स, गौतम नगर, भोपाल-23
दूरभाष-(कार्या.) : 0755-2600860
ई-मेल-mpsscaho@gmail.com, वेबसाइट : www.mpssca.org

निविदा आमंत्रण सूचना

बीज प्रमाणीकरण संस्था के थर्मल ट्रान्सफर प्रिन्टर, वेक्स रेजिन रिबन क्रय किये जाने एवं टेग छपाई हेतु ऑनलाइन ई-टेण्डर दिनांक 05.10.2026 को अपराह्न 5.00 बजे से आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदाएं, ई-निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर निर्धारित तिथि एवं समय पर आमंत्रित है।
इस वेबसाइट पर निर्धारित दस्तावेज, जिसमें निर्देश, शर्तें एवं निविदा कार्यक्रम आदि का विस्तृत उल्लेख है, उपलब्ध है।
म.प्र. माध्यम/128371/2026 **प्रबंध संचालक**

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
जोन क्रमांक 08 यांत्रिकी विभाग
// निविदा आमंत्रण सूचना पत्र //

क्र. 161/यां.वि./2026 भोपाल, दिनांक - 05.10.2026

निम्न कार्य म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण https://www.mptenders.gov.in पर है।

क्र.	निविदा क्र.	कार्य का संक्षिप्त विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (राशि रू लाख में)	निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक	समय
1	2026_UAD_540569_1	ASPHALTING OF ROAD FROM 31 DEEPAK SOCIETY TO 37 PARIKA PHASE 2, FROM SUKOON HOUSE TO PULIYA AND INTERMEDIATE ROAD, NEAR STERLING GREENVIEW PHASE 2 AND AFTER 70-A JANKI NAGAR TO COMFORT GARDEN W-30 Z-08 2026200704 First Call	18,02,728/-	05/11/2026	05.30 PM

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. Amendments to NIT, if any, would be publish websithttps://www.mptenders.gov.in/only, and not in newspaper

नि.क्र. : 824/026/027
ASSISTANT ENGINEER
ZONE- 08, MUNICIPAL CORPORATION BHOPAL

राशिफल

मेष शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

वृष व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

सिंह शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कन्या क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

तुला पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृश्चिक घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

धनु पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

मकर परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

कुंभ परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

मीन वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

शब्द पहेली - 6369



बाएँ से दाए
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

ऊपर से नीचे
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

शब्द पहेली - 6368 का हल

	बि	रा	द	री		ज	य	मा	ला	
बि	ल		श		का	य	म		श	व
रा		म	ह	क	ना		ज	रा		र्त
द	र	द	रा			सा		ग	रि	मा
र		हो		ब	सु	ध	र		या	न
	कु	श	ल		दा		जा	य	ज	
मि	ली		क	रा	मा	त		म		अ
ला	न	त		त			प	रा	धी	न
व		ल	ता		अ	च	र	ज		ब
ट	ब		ली	न	ता		र्त		मी	न
	स	ला	म	त		मि	त्र	व	त	

सूडोकु नवताल - 6379 कठिन

	8	5						
3								
			6			7	4	
6			2		4			
1								8
			7		5			3
	4	7			1			
								6
						5	2	

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6378 का हल

4	3	9	2	6	8	5	1	7
8	1	6	7	4	5	9	2	3
7	5	2	3	9	1	6	4	8
1	7	5	4	2	6	8	3	9
6	4	3	8	5	9	2	7	1
2	9	8	1	7	3	4	5	6
5	2	1	6	8	7	3	9	4
9	8	7	5	3	4	1	6	2
3	6	4	9	1	2	7	8	5

खबर संक्षेप

कॉर्टेवा की फसल सुरक्षा क्षेत्र में नए अध्याय की शुरुआत

इंदौर। कॉर्टेवा ने अपने उन्नत बीज एवं जेनेटिक्स व्यवसाय का सफलतापूर्वक स्पिन-ऑफ कर खुद को एक अग्रणी और पूर्णतः समर्पित वैश्विक फसल सुरक्षा कंपनी के रूप में स्थापित करने की घोषणा की है। कंपनी के सीईओ ल्यूक किसम ने इसे कॉर्टेवा के लिए नई शुरुआत बताते हुए कहा कि कंपनी अब अधिक फोकस, गतिशीलता और नवाचार के साथ किसानों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए काम करेगी।

भारत फोर्ज और प्रैट के बीच एयरोस्पेस करार

मुंबई। भारत फोर्ज लिमिटेड ने प्रमुख एयरोस्पेस इंजन निर्माता प्रैट एंड व्हिटनी कनाडा के साथ मिशन-क्रिटिकल एयरोस्पेस इंजन कंपोनेंट्स की आपूर्ति के लिए दीर्घकालिक करार किया है। इस साझेदारी को वैश्विक एयरोस्पेस सप्लाई चेन में भारत फोर्ज की मजबूत होती भूमिका के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। करार के तहत इन महत्वपूर्ण कंपोनेंट्स का निर्माण भारत फोर्ज की भारत स्थित अत्याधुनिक एयरोस्पेस सुविधा में किया जाएगा।

आरएसपीएल ग्रुप का नया कैंपेन 'विश्वास की परीक्षा'

भोपाल। आरएसपीएल ग्रुप ने घड़ी डिटर्जेंट का नया कैंपेन 'विश्वास की परीक्षा' भोपाल में लांच किया। कैंपेन में बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित घड़ी डिटर्जेंट की ब्रांड एंबेसडर के रूप में नजर आ रही हैं। कैंपेन फिल्म में घड़ी डिटर्जेंट के नए फॉर्मूलेशन की सफाई क्षमता और गुणवत्ता को अलग-अलग परीक्षणों के जरिए प्रदर्शित किया गया है। कंपनी के मुताबिक नया फॉर्मूला कपड़े धोने के बदलते तरीकों और उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। फिल्म में माधुरी दीक्षित नए पैक के साथ दिखाई देती हैं।

हिमालया ने की विजेताओं की घोषणा

इंदौर। हिमालया बेबीकेयर ने अपने 'गोल्डन गिफ्ट पैक प्रतियोगिता' के विजेताओं की घोषणा की है। प्रतियोगिता में उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत से कुल 12 विजेताओं का चयन किया गया। इनमें चार विजेताओं को एक-एक लाख रुपये मूल्य का सोना, जबकि आठ विजेताओं को 10-10 हजार रुपए के चांदी वाउचर पुरस्कार के रूप में दिए गए हैं। पुरस्कार तनिष्क या कल्याण के सिक्कों के रूप में प्राप्त किए जा सकते हैं।

छात्रों से अवसरों का लाभ उठाने, सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का किया आह्वान

कीट डीम्ड विवि के दीक्षांत समारोह में 10 हजार से अधिक छात्रों को डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भुवनेश्वर

कीट डीम्ड विश्वविद्यालय का तीन दिवसीय 22वां वार्षिक दीक्षांत समारोह सोमवार को संपन्न हो गया। समारोह में 10 हजार से अधिक छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों की डिग्रियां प्रदान की गईं। देश-विदेश से पहुंचे गणमान्य अतिथियों और शिक्षाविदों ने स्नातक छात्रों से उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने, नवाचार को अपनाने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव ने कीट की यात्रा को "दृष्टि, दृढ़ता और संकल्प" की मिसाल बताया। उन्होंने संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत, विश्वविद्यालय के नेतृत्व, शिक्षकों और कर्मचारियों के उच्च शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान की सराहना की। नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार लाहिड़ी ने कहा कि भारत का भविष्य तकनीक और आधुनिकीकरण से निर्धारित होगा। उन्होंने तकनीकी प्रगति के साथ देश की परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने पर जोर दिया। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सदस्य कांग्रेस सदस्य माइकल बॉमगार्टनर ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान विश्व में शांति और स्थिरता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मोंटाना राज्य विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. ब्रॉक टेसमैन ने भी छात्रों को संबोधित किया।

उत्कृष्ट छात्रों को स्वर्ण एवं रजत पदक मिले



अतिथियों और शिक्षाविदों ने स्नातक छात्रों को किया सम्मानित

दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को संस्थापक स्वर्ण पदक, कुलाधिपति स्वर्ण पदक, पीके बाल स्मृति स्वर्ण पदक, पारादीप फॉस्फेट्स लिमिटेड स्वर्ण पदक, ननीबाला स्मृति स्वर्ण पदक, कृष्ण चंद्र पंडा स्मृति स्वर्ण पदक और डॉ. वाटी परमहंस स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इसके अलावा कुलपति रजत पदक, डॉ. नितीश कांत रजत पदक और श्रीमती मंजू रथ रजत पदक भी दिए गए। डिग्री प्राप्त छात्रों ने अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज एवं राष्ट्र के विकास में करने का संकल्प लिया।

भारत में युवाओं के सामने अपार अवसर

समारोह में मोतीलाल ओसवाल, डॉ. गौतम रॉय चौधरी और वरिष्ठ पत्रकार चित्रा त्रिपाठी सहित कई प्रमुख हस्तियों ने छात्रों को संबोधित किया। मोतीलाल ओसवाल ने डॉ. अच्युत सामंत के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 1992 से कीट और कीस के विशाल परिसरों का निर्माण उनकी "निष्ठा, प्रयास और त्याग" का परिणाम है। नीति आयोग के सदस्य प्रो. गोवर्धन दास, रोमानिया के क्रायोवा विश्वविद्यालय के रेक्टर प्रो. सेजार इओनुत स्पीनु तथा होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान के डीन प्रो. आवेश कुमार त्यागी ने भी छात्रों को संबोधित किया। आरपी-संजीव गोयनका समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. संजीव गोयनका ने कहा कि नए और तेजी से उभरते भारत में युवाओं के सामने अपार अवसर हैं। वहीं एसआरएम समूह के अध्यक्ष डॉ. रवि पचमुथु ने भी स्नातकों को संबोधित किया। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अशोक कुमार परिजा ने की। कुलपति प्रो. सरनजीत सिंह तथा कुलसचिव एवं प्रशासन के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. ज्ञान रंजन महंती सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

प्राच्य विद्या सम्मेलन 10 को, जुटेंगे देश-विदेश के विद्वान

संस्कृत और संस्कृति का विराट संगम होगा पतंजलि विवि में : स्वामी रामदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरिद्वार

पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित होने जा रहे 52वें अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सम्मेलन में भारतीय ज्ञान-परंपरा, संस्कृत, संस्कृति और प्राच्य विद्याओं के संरक्षण, संवर्धन एवं वैश्विक प्रसार पर व्यापक विमर्श होगा। विद्यार्थियों और शोधार्थियों में बढ़ते उत्साह को देखते हुए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अक्टूबर कर दी गई है। अब तक करीब एक हजार विद्यार्थियों का पंजीकरण हो चुका है।



पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव ने कहा कि भारत के संस्कार, सभ्यता, योग विद्या, अध्यात्म, संस्कृति, शास्त्र परंपरा और सनातन विरासत जिस संस्कृत भाषा में सुरक्षित है, उस संस्कृत और संस्कृति का विराट संगम पतंजलि विश्वविद्यालय में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन केवल विद्वानों के विचार-विमर्श का मंच नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान-संपदा के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक पक्षों को सामने लाने और नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपरा से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। स्वामी रामदेव ने बताया कि सम्मेलन में भारत के साथ विभिन्न देशों से प्राच्य विद्या के विद्वान, शिक्षाविद, शोधकर्ता और विशेषज्ञ शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के एक मंच पर आने से भारतीय ज्ञान-परंपरा के विविध आयामों पर सार्थक विमर्श का अवसर मिलेगा। स्वामी रामदेव ने कहा कि पतंजलि का मूल संकल्प "विरासत और विज्ञान, शोध और बोध, दृष्टि और दक्षता" के समन्वय से भारतीय ज्ञान-परंपरा को आधुनिक संदर्भों में स्थापित करना है। प्राचीन विद्याओं में निहित ज्ञान केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों के समाधान में भी उपयोगी हो सकता है। इसके लिए गंभीर अध्ययन, शोध और आधुनिक संदर्भों में पुनर्पाठ जरूरी है।

योग, आयुर्वेद से वेद-वेदांत तक होगा मंथनः सम्मेलन में योग, आयुर्वेद, दर्शन, साहित्य, वेद, वेदांत, भाषा, व्याकरण, इतिहास और पुरातत्व सहित भारतीय विद्याओं की विभिन्न धाराओं पर गहन चर्चा होगी। भारतीय चिंतन, संस्कृति, परंपरा और ज्ञान-विज्ञान के विविध पक्षों पर शोधपरक प्रस्तुतियां भी होंगी। स्वामी रामदेव ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों से सम्मेलन में अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपनी जड़ों, भाषा, संस्कृति और ज्ञान-परंपरा को जानना भविष्य को मजबूत बनाने का आधार है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सम्मेलन भारतीय प्राच्य विद्याओं के अध्ययन, अनुसंधान और प्रसार को नई गति देगा ।

पीएनबी ने 'उत्सव फेस्टिविटीज 2026' अभियान किया लांच, खुदरा ऋणों पर मिलेगा विशेष लाभ

15 हजार रु. तक के कानूनी एवं मूल्यांकन शुल्क बैंक वहन करेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में शामिल पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने त्योहारी सीजन के अवसर पर अपने विशेष खुदरा ऋण अभियान 'पीएनबी उत्सव फेस्टिविटीज 2026 - सपनों का उत्सव, जीवन का उत्सव' की शुरुआत की है। अभियान के तहत बैंक ने आवास ऋण, कार ऋण, मॉर्गेज ऋण, संपत्ति पर ऋण सहित विभिन्न खुदरा ऋण उत्पादों पर ग्राहकों के लिए आकर्षक लाभों की घोषणा की है। अभियान का उद्देश्य ग्राहकों की त्योहारी जरूरतों और आकांक्षाओं को आसान वित्तीय समाधानों के माध्यम से पूरा करना है। इसके तहत पात्र ग्राहकों को ऋण से जुड़े विभिन्न शुल्कों में छूट और ब्याज दरों में रियायत का लाभ मिलेगा। 25 लाख रुपए और उससे अधिक के पात्र आवास ऋण टेकओवर मामलों में जीएसटी को छोड़कर 15,000 रुपए तक के एनईसी, कानूनी एवं मूल्यांकन शुल्क का वहन बैंक करेगा।

नई पीढ़ी का पारंपरिक कारीगरी से मोहभंग

सस्ती ज्वेलरी की होड़ में कारीगरों का हुनर संकट में, कम मेकिंग चार्ज से घट रही मजदूरी

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

सोने-चांदी की चमक के पीछे ज्वेलरी इंडस्ट्री की एक गंभीर चुनौती सामने आ रही है। बाजार में कम कीमत और कम मेकिंग चार्ज पर गहने बेचने की बढ़ती प्रतिस्पर्धा का सबसे बड़ा असर पारंपरिक कारीगरों और छोटे-मझोले ज्वैलर्स पर पड़ रहा है। कारीगर संगठनों और कारोबारियों का कहना है कि लागत घटाने की होड़ में कुशल कारीगरों के मेहनताने पर दबाव बढ़ रहा है। इससे कई अनुभवी कारीगर यह काम छोड़कर दूसरे रोजगार की ओर जा रहे हैं।

होलसेल सराफा व्यापारी एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष संजीव गर्ग (गांधी) के मुताबिक बड़े निर्माता और होलसेलर कम लागत में माल तैयार कर बाजार में सस्ती दरों पर उपलब्ध करा रहे हैं। इसका दबाव छोटे शोरूम पर भी पड़ रहा है। ग्राहक कम कीमत की तुलना करने लगे हैं, जबकि छोटे दुकानदारों के लिए उसी स्तर पर कीमत रखना मुश्किल हो रहा है। परिणामस्वरूप बाजार में 'सस्ता बेचो, ज्यादा बेचो' की प्रतिस्पर्धा तेज होती जा रही है।



नई पीढ़ी भी नहीं सीख रही हुनर

कारीगरों का कहना है कि जब मेहनत के अनुरूप आमदनी नहीं मिलती तो नई पीढ़ी इस पारंपरिक कला को सीखने से पीछे हटती है। हाथ की बारीक नक्काशी, डिजाइन और पारंपरिक तकनीकों में वर्षों का अनुभव लगता है। यदि युवा इस पेशे में नहीं आए तो आने वाले वर्षों में कुशल कारीगरों की कमी गंभीर रूप ले सकती है।

गुणवत्ता पर भी पड़ रहा असर

व्यवसायी नवनीत अग्रवाल का कहना है कि व्यापारियों के अनुसार केवल कीमत कम करने की प्रतिस्पर्धा में गहनों की बारीक कारीगरी और गुणवत्ता पीछे छूट रही है। उनका कहना है कि ज्वेलरी एसोसिएशन और संबंधित संगठनों को कारीगरों के न्यूनतम पारिश्रमिक और मेकिंग चार्ज को लेकर व्यावहारिक व्यवस्था पर विचार करना चाहिए। साथ ही कारीगरों के लिए आर्थिक सुरक्षा, प्रशिक्षण और प्रोत्साहन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी है। अग्रवाल के अनुसार समय रहते कारीगरों और छोटे ज्वैलर्स की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो इसका असर केवल रोजगार पर नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही भारतीय ज्वेलरी कारीगरी की विरासत पर भी पड़ सकता है।

बिजनेस न्यूज

एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में संविधान कानून पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

भोपाल। एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के विधि अध्ययन विभाग द्वारा संविधान कानून के विकास और वैश्विक परिप्रेक्ष्य पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित न्यायविदों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों और विधि विशेषज्ञों ने हिस्सा लेकर संवैधानिक कानून के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति ए.एच.एम. नवाज, न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट ऑफ श्रीलंका, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के चांसलर जे.एन. चौकसे, कॉमनवेल्थ लॉयर्स एसोसिएशन के संथानम कृष्णन, सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन के अध्यक्ष देवव्रत लंदन, ब्रिटेन के बैरिस्टर रूपर्ट व्हीलर, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नरेंद्र कुमार थापक और विधि संकाय के डीन डॉ. मुकेश साहू सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समापन अवसर पर चांसलर जेएन चौकसे ने सम्मेलन की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए घोषणा की कि विश्वविद्यालय द्वारा यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हर वर्ष आयोजित किया जाएगा।



राधारमण में बिजनेस एनालिटिक्स पर विशेषज्ञ व्याख्यान



भोपाल। राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के प्रबंधन विभाग की ओर से एमबीए विद्यार्थियों के लिए 'फ्रॉम डेटा टू डिसीजनः द पावर ऑफ एनालिटिक्स इन बिजनेस' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साइब्रोम टेक्नोलॉजी के संस्थापक एवं मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत तिवारी ने विद्यार्थियों को बिजनेस एनालिटिक्स, डेटा आधारित निर्णय प्रक्रिया और आधुनिक व्यवसाय में तकनीक की बढ़ती भूमिका से अवगत कराया। कार्यक्रम का आयोजन आरआईटीएस एवं आरईसी के प्रबंधन विभाग द्वारा किया गया। प्रशांत तिवारी ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी कारोबारी माहौल में डेटा रणनीतिक निर्णयों का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। राधारमण ग्रुप के अध्यक्ष इंजी.संजीव सक्सेना ने कहा कि उद्योग जगत तेजी से डेटा और तकनीक आधारित हो रहा है। कार्यक्रम में ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पीके लहरी, डॉ. जितेंद्र सक्सेना, एसबी खरे, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. जयपाल सिंह बिष्ट, डॉ. ज्योति सिंह सोलंकी, डॉ. सुभाषिनी सागर सहित शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

वनप्लस की त्योहारी बिक्री शुरू, स्मार्टफोन से ईयर बड्स तक पर छूट



नई दिल्ली। दशहरा के मौके पर वनप्लस इंडिया ने स्मार्टफोन, टैबलेट और ऑडियो उत्पादों पर विशेष त्योहारी बिक्री की घोषणा की है। बिक्री 8 अक्टूबर 2026 से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों पर शुरू होगी। ग्राहकों को कीमत में कटौती के साथ बैंक छूट, बिना अतिरिक्त ब्याज वाली किस्त और अन्य त्योहारी लाभ मिलेंगे। त्योहारी कीमतों में वनप्लस 15 की प्रभावी कीमत 81,999 रुपए, वनप्लस 15आर की 54,999 रुपए और वनप्लस 13एस की 49,999 रुपए रहेगी। वहीं, वनप्लस नॉर्ड 6 की प्रभावी कीमत 42,999 रुपए होगी।

मंडी बोर्ड कर्मचारियों ने पदोन्नति प्रदान करने पर मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री का किया स्वागत

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड और कृषि विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों ने मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर पदोन्नति प्रदान किए जाने के उपलक्ष्य में अधिकारी-कर्मचारियों ने सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश के कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना का भव्य स्वागत एवं आभार व्यक्त किया और मंडी बोर्ड आयुक्त कुमार पुरुषोत्त के प्रति कृतज्ञता जताई।



मंडी बोर्ड सहायक संचालक, योगेश नागले ने बताया कि रवींद्र भवन में आयोजित स्वागत समारोह कार्यक्रम में कृषि विभाग और मंडी बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कर्मचारियों ने कहा कि पदोन्नति से विभागीय अमले में उत्साह बढ़ा है और वे शासन की योजनाओं एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े कार्यों को और बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री का पुष्पगुच्छ की माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विभागीय कार्यों, कर्मचारियों की जिम्मेदारियों और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा हुई। कर्मचारियों ने पदोन्नति को शासन की ओर से उनके कार्यों के प्रति विश्वास और प्रोत्साहन बताया। उन्होंने कहा कि इससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और विभागीय कार्यों में और अधिक सक्रियता आएगी। कार्यक्रम में कृषि विभाग और मंडी बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 15/व.ले.लि./2026-27 // निविदा सूचना // भोपाल, दिनांक 30/09/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रू लाख में)	अमानत राशि
1	2026_PWDRB_540018_1	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 17 के शासकीय आवास गृहों में लघुमूल गौण एवं अन्य कार्य ।	प्रथम आमंत्रण	30.00	50000.00
2	2026_PWDRB_540019_1	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-20 के शासकीय आवास गृहों में लघुमूल गौण (Strutural Work) एवं अन्य कार्य ।	प्रथम आमंत्रण	30.00	50000.00
3	2026_PWDRB_540020_1	उपसंभाग क्रमांक-1 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन नं.-1 (74 बंगला) के बी टाईप शासकीय आवासीय बंगलो एवं अन्य बंगालो में रंगाई, पुताई एवं पेंटिंग का कार्य ।	प्रथम आमंत्रण	46.00	50000.00
4	2026_PWDRB_540021_1	उपसंभाग क्रमांक-1 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-1 (74 बंगला) के बी, सी, डी टाईप शासकीय आवासीय बंगलो एवं अन्य बंगालो में रंगाई, पुताई एवं पेंटिंग का कार्य ।	प्रथम आमंत्रण	45.00	50000.00
5	2026_PWDRB_540023_1	उपसंभाग क्रमांक-1 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.-1 (74 बंगला) के बी टाईप शासकीय आवासीय बंगलो एवं अन्य सेक्शनों के आवास गृहों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य ।	प्रथम आमंत्रण	60.00	60000.00
6	2026_PWDRB_540024_1	उपसंभाग क्रमांक 1 लो.नि.पि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 1 (74 बंगला) के सी टाईप शासकीय आवासीय बंगलो एवं अन्य सेक्शनों के आवास गृहों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य ।	प्रथम आमंत्रण	60.00	60000.00
7	2026_PWDRB_540025_1	उपसंभाग क्रमांक-1 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.-7अ के एफ, जी, एच टाईप एवं अन्य सेक्शनों के आवास गृहों वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य ।	प्रथम आमंत्रण	60.00	60000.00
8	2026_PWDRB_540026_1	उपसंभाग क्रमांक-1 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-3 के एफ. जी एवं एच श्रेणी एवं अन्य सेक्शनों के आवास गृहों रंगाई, पुताई एवं पेंटिंग का कार्य ।	प्रथम आमंत्रण	35.00	50000.00
9	2026_PWDRB_540027_1	उपसंभाग क्रमांक-1 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.-4 के एफ, जी एवं एच श्रेणी के शासकीय आवास एवं अन्य सेक्शनों के आवास गृहों रंगाई, पुताई एवं पेंटिंग का कार्य ।	प्रथम आमंत्रण	35.00	50000.00
10	2026_PWDRB_540028_1	उपसंभाग क्रमांक-1 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 5 के एफ, जी एवं एच श्रेणी एवं अन्य सेक्शनों के आवास गृहों रंगाई, पुताई एवं पेंटिंग का कार्य ।	प्रथम आमंत्रण	38.00	50000.00
11	2026_PWDRB_540029_1	उपसंभाग क्रमांक-1 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.-6 के एफ, जी, एच एवं टी आवासों की विभिन्न श्रेणी के शासकीय एवं अन्य सेक्शनों के आवास गृहों में रंगाई, पुताई एवं पेंटिंग का कार्य ।	प्रथम आमंत्रण	36.00	50000.00
12	2026_PWDRB_540030_1	उपसंभाग क्रमांक-1 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेवशन क्रं.-7अ के एफ, जी एच, एवं आई टाईप के शासकीय आवास एवं अन्य सेक्शनों के आवास गृहों में रंगाई, पुताई एवं पेंटिंग का कार्य ।	प्रथम आमंत्रण	38.00	50000.00
13	2026_PWDRB_540031_1	मरम्मत उपसंभाग क्रं-2. लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासों में लघुमूल गौण एवं अन्य मरम्मत कार्य ।	प्रथम आमंत्रण	60.00	60000.00
14	2026_PWDRB_540032_1	मरम्मत उपसंभाग क्रं-2, लो.नि.बि. भोपाल के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासों में अनुरक्षण, साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य ।	प्रथम आमंत्रण	50.00	50000.00
15	2026_PWDRB_540033_1	मरम्मत उपसंभाग क्र-2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासों में रंगाई एवं पुताई कार्य ।	प्रथम आमंत्रण	40.00	50000.00
		योग		663.00	

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 19.10.2026 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी.एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
नया भोपाल संभाग लो.नि.वि. भोपाल

G-19512/26 " स्वच्छता ही सेवा "

कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर, (म.प्र.) पिन-482001

Phone No. 0761-2622333 E-mail:- eepwd2jbp@nic.in

निविदा सूचना क्रमांक 29/व.ले.लि./2026-27 // निविदा आमंत्रण सूचना // जबलपुर, दिनांक 30.09.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

सं क्रं	टेन्डर आई.डी.	कार्य का नाम	आमंत्रण	कार्य की अनुमानित राशि रू. (लाख में)	अमानत राशि रू.	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWDRB_539988_pack1	सिविल लाईन स्थित माननीय न्यायाधीश बंगलों में फ्लोरिंग बदलना एवं सेनेटरी फिटिंग का कार्य ।	प्रथम	19.99	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
2	2026_PWDRB_539989_pack1	सिविल लाईन स्थित ऑफीसर्स बंगलों में छज्जा एवं छत मरम्मत का कार्य ।	प्रथम	19.98	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
3	2026_PWDRB_539992_pack1	चरगवां उपखण्ड के अंतर्गत विभिन्न मार्गों मे बी.टी. पेंच रिपेयर एवं अन्य कार्य ।	प्रथम	20.00	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
4	2026_PWDRB_539993_pack1	नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडीकल कॉलेज के अंतर्गत ई एन टी ओ.पी.डी. एवं एकेडेमिक एरिया में लीकेज, सीपेज, प्लास्टर मरम्मत, फ्लोरिंग, रंगाई पुताई, फ्लाई प्रूफ वायर प्लंबिंग एवं सेनेटरी फिटिंग का कार्य एवं एस.सी.आई. के कैंसर वार्ड में विभिन्न कार्य । (डिपॉजिट कार्य)	प्रथम	20.00	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
5	2026_PWDRB_539994_pack1	भेड़ाघाट जबलपुर में साईट लेबलिंग एवं हेलीपेड निर्माण का कार्य । (डिपॉजिट कार्य)	प्रथम	19.50	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
6	2026_PWDRB_539995_pack1	सिविल लाईन स्थित व्ही.आई.पी. बंगलों में बाउण्ड्रीवॉल मरम्मत एवं अन्य कार्य ।	प्रथम	19.99	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
7	2026_PWDRB_539996_pack1	पचपेढ़ी उपखण्ड के अंतर्गत एफ-टाईप ऑफीसर्स क्वार्टर्स में रिपेयरिंग, पुट्टी, इमलशन, पेंट का कार्य ।	प्रथम	19.99	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
8	2026_PWDRB_539997_pack1	सिविल लाईन स्थित ई-टाईप ऑफीसर्स क्वार्टर्स में रिपेयरिंग, पुट्टी, इमलशन, पेंट का कार्य ।	प्रथम	19.98	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
9	2026_PWDRB_539998_pack1	पचपेढ़ी उपखण्ड के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में एडीशन एवं आल्ट्रेशन का कार्य ।	प्रथम	19.99	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
10	2026_PWDRB_539999_pack1	पाटन उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय भवनों में एवं रेस्ट हाऊस पाटन में रंगाई पुताई का कार्य ।	प्रथम	10.00	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
11	2026_PWDRB_540000_pack1	पाटन उपसंभाग के अंतर्गत किसरोद दिघोरी घंसौर मार्ग में रखरखाव का कार्य ।	प्रथम	19.90	40,000/-	2,000/-	02माह वर्षा ऋतु सहित
12	2026_PWDRB_540001_pack1	पाटन उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में रखरखाव एवं मरम्मत कार्य ।	प्रथम	20.00	40,000/-	2,000/-	02 माह वर्षा ऋतु सहित
13	2026_PWDRB_540002_pack1	जबलपुर जिला अंतर्गत विभिन्न शहरी मार्गों इन्द्रा नगर से रूकमणी विहार, शारदा चौक, मदन महल, एल.आई.सी. चौक से शिमला हिल्स तथा सांई नगर रामपुर छापर, कृष्णा हिल्स इत्यादि में मजबूतीकरण का कार्य । (द्वितीय आमंत्रण)	द्वितीय	337.89	337890/-	15,000/-	03 माह वर्षा ऋतु सहित

टीपः- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 15.10.2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र. 2. जबलपुर

G-19501/26 " स्वच्छता ही सेवा "

चिंतन

अपराध में डर दिखना चाहिए



डिजिटल
ओमकार चौधरी

जंतर-मंतर पर सोशल मीडिया से जुड़े युवाओं के हालिया हंगामे ने एक बड़े सवाल को फिर सामने ला दिया है—क्या कंटेंट क्रिएटर होने के नाम पर कानून और मर्यादा की सीमाएं भी खत्म हो जाती हैं? लोकतंत्र में सवाल पूछना, विरोध दर्ज कराना और व्यवस्था की जवाबदेही तय करना नागरिक अधिकार हैं, लेकिन सरकारी काम में बाधा डालना, पुलिस से अभद्रता करना या भीड़ के बीच अराजकता पैदा करना किसी अधिकार का हिस्सा नहीं हो सकता। सोशल मीडिया ने हर व्यक्ति को अपनी बात लाखों लोगों तक पहुंचाने की ताकत दी है। ऐसे में डिजिटल आजादी के साथ जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करना भी जरूरी है।

कानून का उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद सजा देना नहीं, बल्कि अपराधी के मन में कानून का डर पैदा करना भी है। खासकर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों में यह डर जितना मजबूत होगा, अपराधियों के हौसले उतने ही कमजोर होंगे। दिल्ली-एनसीआर में 48 दिनों के भीतर नाबालिगों से गैंगरेप की तीन घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी इसी कठोर वास्तविकता की ओर ध्यान खींचती है कि जब तक अपराधी के मन में मौत का डर नहीं होगा, तब तक ऐसे अपराध नहीं रुकेंगे। यह टिप्पणी किसी प्रतिशोध की भावना नहीं, बल्कि कानून के प्रभावी और दृश्यमान होने की जरूरत को रेखांकित करती है। 4 अगस्त को ग्रेटर नोएडा से दिल्ली जा रही बस में 16 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप हुआ। बस करीब 47 किलोमीटर चलती रही और कश्मीरी गेट पर पीड़िता को उतारा गया। बस की खिड़कियों पर पर्दे लगे थे, यानी अपराधियों को यह भरोसा था कि उन्हें कोई देख नहीं रहा। 12 सितंबर को स्वरूप नगर में 16 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप के बाद हत्या कर दी गई। उसका शव अगले दिन खेत के पास मिला। इस मामले में चार आरोपी गिरफ्तार हुए, जिनमें तीन नाबालिग हैं। 21 सितंबर को आस्था कुंज पार्क में 17 वर्षीय छात्रा से तीन युवकों ने फर्जी पुलिसकर्मी बनकर दुष्कर्म किया। तीनों आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। तीनों घटनाएं अलग-अलग हैं, लेकिन इनके पीछे सवाल एक है। क्या अपराधियों को व्यवस्था का पर्याप्त भय था? सुप्रीम कोर्ट ने इसी बिंदु पर पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी तय करने की जरूरत बताई है। अदालत ने साफ कहा कि केवल कागजों पर योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है। जरूरत पड़ने पर पुलिस को सख्त कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकना चाहिए। आस्था कुंज पार्क मामले में यह तथ्य और गंभीर है कि एलएसआर कॉलेज की छात्राओं की ओर से पहले यौन उत्पीड़न की शिकायतें किए जाने के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था में जरूरी सुधार नहीं हुए। एनसीआरबी के 2024 के आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में पोक्सो के 1,553 मामले दर्ज हुए हैं। यानी औसतन हर दिन चार से ज्यादा मामले। 2025 की रिपोर्ट अभी सामने नहीं आई है। ये केवल दर्ज मामले हैं; इसलिए इन्हें समस्या की पूरी तस्वीर मान लेना भी उचित नहीं होगा। बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों में सामाजिक दबाव, डर और बदनामी के कारण अनेक मामले सामने ही नहीं आ पाते। यहां 'मौत का डर' वाली सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को भी सही संदर्भ में समझना होगा। इसका अर्थ कानून से बाहर जाकर हिंसा या त्वरित न्याय नहीं है। लोकतंत्र में आरोपी को भी संविधान और कानून के तहत निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार है। लेकिन जांच तेज हो, गिरफ्तारी प्रभावी हो, अभियोजन मजबूत हो और दोष सिद्ध होने पर ऐसी सजा मिले जो दूसरे संभावित अपराधियों के लिए स्पष्ट चेतावनी बने। यही कानून के डर का वास्तविक अर्थ है। आखिरकार, कानून का डर तभी पैदा होगा जब कानून जमीन पर दिखाई देगा। अपराधी को यह संदेश साफ मिलना चाहिए कि अपराध छिपाया नहीं जा सकता, जांच टाली नहीं जा सकती और सजा से बचना आसान नहीं है। मानवाधिकार अपराधी को कानून से ऊपर नहीं रखते और कठोर कानून व्यवस्था नागरिक अधिकारों को खत्म नहीं करती। लोकतंत्र की असली कसौटी यही है कि निर्दोष सुरक्षित रहें और अपराधी को कानून का डर रहे।

चुनौती बन रहा सोशल मीडिया

पिछले कुछ दिनों से हम और आप जंतर-मंतर पर सोशल मीडिया से जुड़े युवाओं का अलग ही रूप और हंगामा देख रहे हैं। इन्हें कई तरह से परिभाषित किया जा रहा है। कुछ का कथन है कि यह सब सीजेपी के ही समर्थक हैं और रिपोर्टिंग के नाम पर पुलिस के साथ अभद्रता करके अराजक माहौल बनाने की चेष्टा कर रहे हैं, कुछ का कहना है कि यदि ये कंटेंट क्रिएटर भी हैं तो उनका पुलिस के साथ बदजुबानी करने, उसके साथ भिड़ने या उनके सरकारी काम-काज में बाधा उत्पन्न करने का कोई अधिकार नहीं है। किसी आंदोलन स्थल पर यदि हजारों की संख्या में वीडियोग्राफी शुरू कर दी जाए। माइक हाथ में लेकर पुलिस-प्रशासन से तीखे सवाल पूछने का क्रम शुरू कर दिया जाए तो फिर उनके असली मक़सद को लेकर सवाल तो खड़े होंगे ही। हमने इस पैदा हुई ताजा समस्या की पड़ताल करने की कोशिश की है।

भारत में सोशल मीडिया अब केवल मनोरंजन, दोस्तों से संपर्क या तस्वीरें साझा करने का माध्यम नहीं रह गया है। यू ट्यूब, इंस्टाग्राम, फ़ेसबुक और एक्स (ट्विटर) सहित दूसरे डिजिटल मंचों ने सूचना, समाचार, राजनीति, कारोबार और जनमत निर्माण की पूरी व्यवस्था को बदल दिया है। एक मोबाइल फोन और इंटरनेट कनेक्शन रखने वाला व्यक्ति आज अपना चैनल शुरू कर सकता है, लाखों लोगों तक पहुंच सकता है और कुछ मामलों में परंपरागत मीडिया संस्थानों से भी बड़ी दर्शक संख्या हासिल कर सकता है। इस 'क्रांति' का दूसरा पहलू भी है। जब करोड़ों लोग सामग्री तैयार और प्रसारित कर रहे हों, तब फर्जी सूचनाओं, आपत्तिजनक वीडियो, अश्लीलता, बच्चों के शोषण से जुड़ी सामग्री, नफरत फैलाने वाले संदेश और कानून का उल्लंघन करने वाली सामग्री को नियंत्रित करना बड़ी चुनौती बन जाता है।

पिछले कुछ वर्षों में सरकार, अदालतों, बाल अधिकार संस्थाओं और संसद की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी समिति का ध्यान इसी चुनौती पर तेजी से बढ़ा है। भारत दुनिया के सबसे बड़े यूट्यूब बाजारों में है। जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में पिछले एक वर्ष में 10 करोड़ से अधिक चैनलों ने कम-से-कम एक वीडियो अपलोड किया। भारत में 15 हजार से अधिक यूट्यूब चैनल 10 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर का स्तर पार कर चुके हैं। दिसंबर 2023 तक एक लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर वाले भारतीय चैनलों की संख्या 1.10 लाख से अधिक बताई गई थी। पुराने आक्सफोर्ड इकोनोमिक्स आकलन में सात लाख से अधिक भारतीय क्रिएटर्स और पार्टनर्स को यूट्यूब से आय अर्जित करने वाले व्यापक तंत्र का हिस्सा बताया गया था। भारत की विशेषता इसकी भाषाई विविधता भी है। हिंदी और अंग्रेजी के अलावा तमिल, तेलुगु, मराठी, बंगाली, पंजाबी, मलयालम, कन्नड़, गुजराती और दूसरी भाषाओं में बड़े पैमाने पर सामग्री बन रही है। उपलब्ध अनुमानों के अनुसार भारत में सोशल मीडिया इस्तेमाल करने वालों की संख्या करीब 50 करोड़ के स्तर तक पहुंच चुकी है। अलग-अलग संस्थाओं के आंकड़ों में अंतर इसलिए मिलता है, क्योंकि कहीं सक्रिय उपयोगकर्ता गिने जाते हैं, कहीं पंजीकृत खाते और कहीं विज्ञापन के जरिए पहुंच सकने वाली संभावित दर्शक संख्या। इंस्टाग्राम की भारत में विज्ञापन पहुंच लगभग 50



से 51 करोड़ खातों के स्तर पर आंकी गई है। यूट्यूब की भारतीय दर्शक संख्या भी लगभग 50 करोड़ के आसपास है। फ़ेसबुक की पहुंच करीब 40 करोड़ और स्नैपचैट की करीब 21 से 22 करोड़ के स्तर पर मानी जाती है। लिंक्डइन के भारत में करीब 19 करोड़ पंजीकृत सदस्यों का अनुमान है। इन आंकड़ों को जोड़कर यह निष्कर्ष निकालना गलत होगा कि भारत में डेढ़-दो अरब सोशल मीडिया उपयोगकर्ता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे अधिक सोशल मीडिया फॉलोइंग वाले राजनीतिक नेताओं में शामिल हैं। हमारी पड़ताल के समय उनके इंस्टाग्राम फालोअर्स करीब 10.7 करोड़ और एक्स पर करीब 10.9 करोड़ के स्तर पर थे। यूट्यूब पर उनके लगभग 3.1 करोड़ सब्सक्राइब थे। राहुल गांधी के इंस्टाग्राम पर करीब 1.57 करोड़, यूट्यूब पर लगभग 1.1 करोड़ और उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार एक्स पर लगभग 2.85 करोड़ फालोअर्स थे। अरविंद केजरीवाल के इंस्टाग्राम पर करीब 40 लाख और 'एक्स' पर करीब 2.65 करोड़ फालोअर्स का स्तर था। ये संख्याएं लगातार बदलती रहती हैं, लेकिन इनका राजनीतिक महत्व स्पष्ट है। राजनीतिक नेता अब अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए केवल अखबारों और टेलीविजन चैनलों पर निर्भर नहीं हैं। उनके पास करोड़ों लोगों से सीधे संवाद करने की अपनी डिजिटल व्यवस्था है। दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद और फरीदाबाद मिलकर देश के प्रमुख कंटेंट क्रिएटर केंद्रों में बदल चुके हैं। दिल्ली-एनसीआर में यूट्यूबर्स और इन्फ्लुअंसर्स की कोई आधिकारिक सरकारी जनगणना उपलब्ध नहीं है। उद्योग आधारित अनुमानों में 10 हजार या उससे अधिक फालोअर्स वाले क्रिएटर्स और इन्फ्लुअंसर्स की संख्या करीब 70 हजार के स्तर पर होने का अनुमान सामने आता है। इसे आधिकारिक संख्या नहीं माना जाना चाहिए। छोटे और नेनो क्रिएटर्स को शामिल किया जाए तो वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। यहीं से सबसे कठिन सवाल शुरू होता है। अगर लाखों लोग बिना किसी संपादकीय संस्था के सीधे करोड़ों दर्शकों तक सामग्री पहुंचा सकते हैं तो गैरकानूनी सामग्री की जिम्मेदारी किसकी होगी? भारत में इन्फ्लुअंसर्स के लिए कोई अलग एक्ट नहीं है। ऑनलाइन सामग्री मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000, सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021 तथा अपराध की प्रकृति के अनुसार भारतीय न्याय संहिता और दूसरे संबंधित कानूनों के दायरे में आती है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत निर्धारित परिस्थितियों में सरकार ऑनलाइन सामग्री को ब्लाक करने के निर्देश दे सकती है।

अश्लील सामग्री के लिए धारा 67, सैक्सुअल सामग्री के लिए 67ए और बच्चों से संबंधित यौन सामग्री के लिए धारा 67बी महत्वपूर्ण है। हाल के वर्षों में सरकार की कार्रवाई का दायरा भी बढ़ा है। 2024 में जनवरी से अक्टूबर के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 9,845 यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश दिए जाने का आंकड़ा सामने आया था। मार्च 2024 में अश्लील सामग्री के मामले में 18 ओटीटी प्लेटफार्मस, 19 वेबसाइट, 10 एप्लीकेशन और 57 सोशल मीडिया हैंडल्सके खिलाफ ब्लाकिंग कार्रवाई की गई। आपरेशन सिंदूर के दौरान 2025 में 1,400 से अधिक डिजिटल यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश दिए गए थे। अब सवाल सोशल मीडिया को नियंत्रित करने या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करने भर का नहीं है। असली चुनौती संतुलन की है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी सुरक्षित रहे और बच्चों का शोषण, अश्लीलता, हिंसा, फर्जी सूचना तथा दूसरी गैरकानूनी सामग्री भी बेलगाम न हो।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

वित्त प्रबंधन
संदीप श्रीवास्तव



मप्र में विकास की नई रफ्तार भविष्य की है मजबूत बुनियाद

मध्यप्रदेश में विकास का अर्थ नागरिकों के जीवन में सुविधा, समृद्धि और नए अवसरों का विस्तार है। गांव से शहर तक बेहतर सड़कें, खेतों तक सिंचाई का पानी, उद्योगों के लिए बिजली और युवाओं के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य की आधुनिक सुविधाएं इसी परिवर्तन के आधार हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार इन आवश्यकताओं को केंद्र में रखकर बड़ी अधोसंरचना परियोजनाओं पर तेज गति से कार्य कर रही है। प्रदेश की वर्तमान जरूरतों के साथ आने वाले वर्षों की संभावनाओं को ध्यान में रखकर पूंजीगत निवेश को व्यापक आकार दिया जा रहा है। यह विकास दृष्टि आर्थिक प्रगति और जनकल्याण को एक साथ आगे बढ़ाती है। सड़क का लाभ किसान, व्यापारी, विद्यार्थी और मरीज सभी को मिलता है। बांध और नहरें कृषि की क्षमता मजबूत करती हैं, जबकि मेडिकल कॉलेज एवं शिक्षण संस्थान समाज की दीर्घकालीन आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में इन क्षेत्रों पर केंद्रित निवेश प्रदेश की उत्पादक क्षमता बढ़ाने और नागरिकों तक विकास का लाभ पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य सरकार ने पूंजीगत कार्यों पर एक लाख करोड़ रुपए से अधिक खर्च करने का लक्ष्य रखा है। राज्य की स्वयं की आय, विभिन्न निगमों और आरबीआई के माध्यम से प्राप्त ऋण से संसाधन जुटाए जा रहे हैं। सड़क और एक्सप्रेस-वे परियोजनाएं प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बेहतर संपर्क से गांवों की उपज बाजारों तक आसानी से पहुंचती है और उद्योगों के लिए माल परिवहन सुगम होता है। कृषि की समृद्धि के लिए सिंचाई अधोसंरचना का विस्तार विशेष महत्व रखता है। केन-बेतवा तथा पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाएं और इनसे जुड़े बांध एवं नहर निर्माण के बड़े कार्य प्रदेश की जल आवश्यकताओं से जुड़े हैं। बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश इस विकास प्रयास को व्यापक बनाता है। विद्युत परियोजनाएं घरों, खेतों, छोटे उद्यमों और उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने में सहायक होती हैं। स्कूल-कॉलेज निर्माण और विश्वविद्यालयों का विस्तार युवाओं के लिए अध्ययन एवं कौशल विकास के अवसर बढ़ाता है। पुलिस विभाग के अंतर्गत निर्माण कार्य भी सार्वजनिक सुरक्षा की सुविधाओं को सुदृढ़ बनाते हैं। इस प्रकार अधोसंरचना विकास नागरिकों की अनेक आवश्यकताओं से सीधे जुड़ता है।

बड़ी परियोजनाओं की गति बनाए रखने के लिए पर्याप्त राशि की समय पर उपलब्धता आवश्यक है। निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरे होने पर नागरिकों को उनका लाभ जल्दी मिलता है और आर्थिक गतिविधियों को भी सहायता मिलती है। राज्य सरकार इसी उद्देश्य से अपने संसाधनों के साथ ऋण का उपयोग कर रही है। ऋण जुटाने की प्रक्रिया राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अर्थात एफआरबीएम अधिनियम और केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अधीन संचालित होती है। पूंजीगत निवेश का आर्थिक प्रभाव निर्माण स्थल से आगे तक पहुंचता है। जीएसडीपी से जुड़ी निर्धारित वार्षिक ऋण सीमा के अनुसार अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ने पर ऋण लेने की पात्रता भी बढ़ती है। राज्य सरकार के अनुसार, पूर्व वर्षों में लिए गए ऋणों का शत-प्रतिशत पुनर्भुगतान समय पर किया जा रहा है और मध्यप्रदेश इस दायित्व में कभी डिफॉल्ट नहीं रहा है।

वित्तीय स्थिति के महत्वपूर्ण संकेतकों में सरकार द्वारा बताया गया ऋण-जीएसडीपी अनुपात 32.53 प्रतिशत है। ब्याज भुगतान और राजस्व प्राप्तियों का अनुपात लगभग 10 से 11 प्रतिशत बना हुआ है। राज्य सरकार इन स्तरों को प्रचलित मानकों के अनुरूप बताते हुए वित्तीय अनुशासन के प्रति अपनी गंभीरता व्यक्त करती है। विकास की गति के साथ पुनर्भुगतान और ब्याज दायित्वों का प्रबंधन सुदृढ़ राजकोषीय व्यवस्था का आवश्यक हिस्सा है। जनहित की दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि राज्य सरकार के अनुसार विकास कार्यों के लिए संसाधन जुटाने हेतु किसी भी टैक्स में असामान्य बढ़ोतरी नहीं की गई है। स्वयं की आय और निर्धारित ऋण क्षमता का उपयोग करके बड़ी परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक पूंजीगत व्यय का लक्ष्य नागरिकों की सुविधा, किसानों की समृद्धि और युवाओं के अवसरों से जुड़ा है। मजबूत सड़कें, सिंचित खेत, सक्षम संस्थान और बेहतर सार्वजनिक सेवाएं मध्यप्रदेश की दीर्घकालीन प्रगति की बुनियाद को और सुदृढ़ बनाएंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

'उपभोक्ता' खर्च के प्रति जागरूक हो और 'व्यापारी' भुगतान की वास्तविक लागत समझे

अब मुफ्त भुगतान के मनोविज्ञान को समझने की जरूरत



कीर्ति सक्सेना
फैकल्टी, आईआईएम इंदौर

भारत में 2,000 से अधिक के कुछ यूपीआई मर्चेंट लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट लागू करने की हालिया घोषणा ने यह सवाल उठाया है कि निःशुल्क सेवाएं हमारे वित्तीय निर्णयों को कैसे प्रभावित करती हैं? कल्पना कीजिए कि आप 2,000 का सामान खरीदते हैं। यूपीआई से भुगतान कुछ सेकंड में हो जाता है और कोई प्रत्यक्ष शुल्क नहीं लगता। सवाल है कि क्या किसी सेवा की कीमत शून्य होने पर हम उसकी वास्तविक लागत को नजरअंदाज करने लगते हैं? पारंपरिक अर्थशास्त्र मानता है कि लोग लागत और लाभ की तुलना करके निर्णय लेते हैं। लेकिन व्यवहारिक अर्थशास्त्र बताता है कि कीमतों के प्रति हमारी प्रतिक्रिया हमेशा आनुपातिक नहीं होती। यूपीआई सेवा निःशुल्क होने का अर्थ यह नहीं है कि उसकी आर्थिक लागत भी शून्य है। भुगतान प्रणाली के संचालन में तकनीक, साइबर सुरक्षा और धोखाधड़ी की रोकथाम पर निवेश करना पड़ता है। इसलिए उपभोक्ताओं को सेवा की कीमत और उसकी वास्तविक लागत के बीच अंतर समझना चाहिए। व्यवहारिक वित्त में 'पेन ऑफ पेइंग' का अर्थ पैसा खर्च करते समय होने वाली मनोवैज्ञानिक असहजता है। उपभोक्ता नियमित रूप से लेनदेन का विवरण देखकर, खर्च की सीमा तय करके और कुल व्यय पर नजर रखकर वित्तीय अनुशासन बनाए रख सकते हैं। भुगतान का मनोविज्ञान केवल उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापारियों के निर्णयों को भी प्रभावित कर सकता है। मान लीजिए किसी दुकानदार को यूपीआई से 5,000 मिलते हैं। यदि इस लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लागू होता है, तो शुल्क 20 होगा। दुकानदार को यह खर्च तुरंत दिखाई देता है, लेकिन वह नकदी के रखरखाव, बैंक में जमा कराने और सुरक्षा जैसी लागतों पर अपेक्षाकृत कम ध्यान दे सकता है। व्यवहारिक वित्त में इसे 'सैलिएंस बायस' कहते हैं। इसके अंतर्गत व्यक्ति उन लागतों को अधिक महत्व देता है, जो स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं, पहले निःशुल्क सेवा पर शुल्क लगना नुकसान जैसा महसूस हो सकता है, भले ही डिजिटल भुगतान के आर्थिक लाभ बरकरार हों। इसलिए व्यापारियों को भुगतान के माध्यम चुनते समय केवल शुल्क पर ध्यान नहीं देना चाहिए, बल्कि कुल लागत और लाभ का आकलन करना चाहिए। उपभोक्ताओं के लिए खर्च के प्रति जागरूकता जरूरी है, जबकि व्यापारियों के लिए भुगतान की वास्तविक लागत समझना महत्वपूर्ण है। अंततः, समझदारी भरे वित्तीय निर्णय केवल दिखाई देने वाली कीमत पर नहीं, बल्कि वास्तविक खर्च, प्राप्त लाभ और छोड़े गए अवसरों के आकलन पर आधारित होने चाहिए।

सटाका



आज की पाती

पशुओं की आंखों से दुनिया को देखें

हर साल 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस मनाया गया। वर्ष 2026 की थीम थी 'उनकी आंखों से दुनिया को देखें।' यह थीम केवल एक भावुक अपील नहीं, बल्कि मनुष्य को अपने व्यवहार पर पुनर्विचार करने का अवसर देती है। आखिर जिस धरती को हम अपना घर कहते हैं, उस पर रहने का अधिकार केवल मनुष्य का तो नहीं है। विश्व पशु दिवस का इतिहास भी अपने आप में प्रेरणादायक है। जर्मनी में हेनरिक जिमर्मन ने 24 मार्च 1925 को बर्लिन में पहला विश्व पशु दिवस आयोजित किया था, जिसमें पांच हजार से अधिक लोग शामिल हुए थे। 1929 में 4 अक्टूबर को यह दिवस मनाया गया और 1931 में फ्लोरेंस में एक सम्मेलन में 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस के रूप में स्वीकार किया गया।

-प्रदीप कश्यप, भाटापारा

ट्रेंड

महारानी दुर्गावती को नमन



नारी शक्ति और स्वाभिमान की पर्याय, गोंडवाना साम्राज्य की महारानी दुर्गावती जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन। महारानी दुर्गावती जी ने न्यायप्रियता व जनसेवा की मिसाल कायम की।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

भ्रम फैला रहा विपक्ष



एसआईआर पर विपक्ष द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम उसके अपने नेताओं के बयानों से ही गलत साबित हो रहा है, जो कहते हैं कि एसआईआर जरूरी और सही दोनों है। 'निष्पक्ष चुनाव की आधारशिला पारदर्शी मतदाता सूचियां हैं। -अर्जुन राम मेघवाल, कानून मंत्री

भड़काना चाह रहे मणिशंकर



यह वही मणिशंकर अय्यर हैं जो पाकिस्तान गए थे और कहा था कि अब हमें मोदी सरकार को गिराना है। वह फिर वहां जाना चाहते हैं और मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन को भड़काना चाहते हैं। एक और साक्षात्कार देना चाहते हैं। वह भारत में रैलियां करने या विरोध प्रदर्शन करके संतुष्ट नहीं हैं। -संबित पात्रा, भाजपा प्रवक्ता

'आप' दोगुनी बेशर्म



जिस पार्टी के राज्यसभा में छह-सात सांसद पार्टी छोड़कर चले गए, वह हमें दलबदल पर उपदेश दे रही है। 'आप' के लोग कितने कमाल के हैं। मुझे लगता था कि मोदी के नेतृत्व वाली पार्टी बेशर्म है, लेकिन 'आप' उससे भी दोगुनी बेशर्म निकली।' वह हमें उपदेश नहीं दे सकते।

-पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता

करंट अफेयर

अमेरिका वायुसेना ने ब्रिटेन से बमवर्षक विमान वापस बुलाए



इंग्लैंड स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे आरएएफ फेयरफोर्ड को निशाना बनाकर कथित आतंकवादी हमले की साजिश की जांच के बीच अमेरिकी वायुसेना ने वहां तैनात अपने सभी बमवर्षक विमानों को वापस अमेरिका बुला लिया है। इन विमानों का इस्तेमाल ईरान पर हमले के लिए किया गया था। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन के एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर रविवार को बताया कि इन बमवर्षक विमानों को अमेरिका में उनके मूल ठिकानों पर वापस भेज दिया गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, जिनमें नए हमले करना भी शामिल है। ट्रंप ने शनिवार को ओहायो में एक रैली में शामिल होने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस से रवाना होते समय कहा, 'ईरान को लेकर मुझे कुछ फैसले करने हैं। ईरान तबाह हो चुका है और अब प्रश्न यह है कि आगे कड़े कदम उठाने हैं या आसान।' पिछले सप्ताह मध्य लंदन में ब्रिटेन-ईरानी नागरिकता वाले एक व्यक्ति को आतंकवादी हमले की साजिश रचने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था।

ऑफ बीट

'ड्रीम जॉब' की दौड़ में जिंदगी तो कहीं पीछे नहीं छूट रही?



किसी न किसी मोड़ पर हममें से ज्यादातर लोगों ने काम को लेकर यह सलाह जरूर सुनी होगी कि 'ऐसा काम चुनो जिसे करने में आपको खुशी मिले, फिर वह आपको जिंदगी में कभी बोझ या मजबूरी नहीं लगेगा और काम करना भी आपको काम जैसा महसूस नहीं होगा। 'ड्रीम जॉब' यानी ऐसी नौकरी का विचार, जिसे हम अपने सपनों के अनुरूप मानते हैं, सुनने में बेहद आकर्षक और प्रेरणादायक लगता है। इससे यह उम्मीद पैदा होती है कि नौकरी सिर्फ रोजी-रोटी का जरिया नहीं, बल्कि जीवन में उद्देश्य, अपनी पहचान और व्यक्तिगत संतुष्टि पाने का भी जरिया हो सकती है। लेकिन एक नौकरी से इन सभी उम्मीदों को जोड़ देना खासकर करियर की शुरुआत करने वाले युवाओं के लिए दबाव का कारण बन सकता है। हो सकता है समस्या यह न हो कि हम अपने काम में उद्देश्य तलाशने में नाकाम हो रहे हैं, बल्कि यह हो कि हमें शुरू से यह उम्मीद करना सिखाया गया है कि एक ही नौकरी हमें सब कुछ देगी—जीवन का उद्देश्य, पहचान, आर्थिक सुरक्षा और व्यक्तिगत संतुष्टि। अर्थपूर्ण काम निश्चित रूप से संतुष्ट जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। लेकिन हर हाल में एक 'ड्रीम जॉब' हासिल करने की कोशिश हमें थकान, आर्थिक दबाव और पहचान की अस्थिरता की ओर भी ले जा सकती है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने दिए प्रमाण-पत्र

बागसेवनिया, अशोका गार्डन, कोलार, खजूरी थाना सहित एडीसीपी ऑफिस को आईएसओ अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस कमिश्नरेट भोपाल के चार थानों और एडिशनल डीसीपी जोन श्री ऑफिस को सोमवार को आईएसओ 9001: 2015 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सब पुलिस कमिश्नरेट द्वारा किए जा रहे नवाचार के चलते संभव हो सका। राजधानी के समस्त थानों के जीर्णोद्धार के लिए निरंतर विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में थाना बागसेवनिया, अशोका गार्डन, कोलार, खजूरी समेत 4 थानों और एडिशनल डीसीपी ऑफिस जोन- श्री को पुलिस कमिश्नर संजय कुमार, एडिशनल कमिश्नर शैलेंद्र सिंह चौहान और आईएसओ की टीम द्वारा आईएसएओ 9001:2015 सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

थानों की बिल्डिंग अत्यंत जर्जर परिस्थिति में थी और थाने के स्टॉफ और आमजन, पीड़ितों के बैठने की जगह नहीं थी। दयनीय स्थिति मे वहां का रिकार्ड इत्यादि समस्याओं को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निरंतर मार्गदर्शन में जीर्णोद्धार के लिए काम किया गया। पुराने रिकार्ड को नष्ट और संधारित किया गया, आमजन के बैठने की व्यवस्था की गई। इसके अलावा थाने के सौंदर्यीकरण तथा जनोन्मुखी सुविधाओं को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किया गया। आईएसओ की टीम ने मूल्यांकन, गुणवत्ता एवं मानकों के आधार पर आईएसओ अवॉर्ड के लिए चयनित किया। इसके पहले थाना मिसरोद, रातीबढ़ एवं महिला थाना को भी आईएसओ सर्टिफाइड किया जा चुका है।





पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने संबंधित थानों के पुलिस कर्मचारियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

थाना स्टाफ और अधिकारियों को कमिश्नर ने दी बधाई

उक्त आईएसओ अवॉर्ड के लिए पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने थाना स्टाफ और अधिकारियों को बधाई दी। साथ ही अन्य थानों को भी उक्त श्रेणी में लाने के लिए प्रेरित किया। थाने पर लाए गए जनोन्मुखी सेवाओं और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इसकी सराहना की और अपेक्षा की, कि यहां आने वाली जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने में थाना सक्षम हो सकेगा। थाने की कार्रवाई में प्रभावी व्यावसायिक दक्षता आएगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगामी दिनों में भोपाल कमिश्नरेट के अन्य थानों को भी इसी प्रकार से जीर्णोद्धार किया जाए। प्रयास किया जाए कि वह भी आईएओ 9001 : 2015 का सर्टीफिकेट प्राप्त करें।

खबर संक्षेप

सिटी लीग में महिला खिलाड़ियों को मिलेगा प्रतिभा दिखाने का मंच

संतनगर। महिला सशक्तिकरण और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 11 अक्टूबर 2026, रविवार को टीटी नगर स्टेडियम के वेटलिफ्टिंग हॉल में 'अस्मिता खेलो इंडिया सिटी लीग' का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में टीटी नगर स्टेडियम की महिला खिलाड़ियों सहित आसपास के जिलों की करीब 30 से 40 उत्कृष्ट महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगी और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। आयोजन का उद्देश्य महिला खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है।

एसीपी रत्नेश तोमर में ग्रहण किया पदभार



संतनगर। एसीपी रत्नेश तोमर का भोपाल के संत हिरदाराम नगर क्षेत्र में पदभार ग्रहण करने पर हीरो फैंस क्लब के अध्यक्ष हीरो हिंदू द्वारा भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। क्लब के महासचिव नानक ददलानी, प्रभुदास मूलचंदानी, मधु घनश्यानी, प्रकाश मीणा राजकुमार ददवानी व रवि ललवानी द्वारा मिलकर एसीपी का स्वागत किया किया गया।

प्रबंधन ने निजी अस्पताल में इलाज कराया, पुलिस को नहीं दी सूचना

रैंकर एस पब्लिक स्कूल की बस पेड़ से टकराई, दर्जनभर बच्चे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र के गरेठिया जोड़ पर हुआ हादसा

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गरेठिया जोड़ पर सोमवार दोपहर रैंकर एस पब्लिक स्कूल की बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ में जा घुंसी। इस हादसे में दर्जनभर बच्चों को चोट आई हैं। हादसा उस समय हुआ, जब बस का ड्राइवर बच्चों को उनके घर छोड़ने के लिए जा रहा था।



स्कूल प्रबंधन ने आनन-फानन में बच्चों को निजी वाहनों से प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया और इलाज कराने के बाद घर छोड़ दिया। स्कूल प्रबंधन ने हादसे की सूचना पुलिस को नहीं दी थी। साथ ही हादसे के बाद बस को आनन फानन में हटा दिया गया, ताकि हादसे की भनक ज्यादा लोगों तक न लगें।



अभिभावकों ने की स्कूल बसों की जांच की मांग

हादसे के बाद अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में संचालित निजी स्कूलों की बसों की जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को केवल हादसे के बाद कार्रवाई करने के बजाय पहले ही स्कूल बसों की फिटनेस, चालक-परिचालक की व्यवस्था, क्षमता के अनुसार बच्चों की संख्या और अन्य सुरक्षा मानकों की जांच सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि किसी बड़े हादसे का इंतजार न करना पड़े।

ग्रामीण का आरोपः क्षमता से अधिक बच्चों को बस में बैठाया गया

ग्रामीणों का आरोप है कि निजी स्कूलों द्वारा संचालित बसें क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर स्कूल ले जाती और लाती हैं। इसकी शिकायत स्थानीय प्रशासन से भी की जा चुकी है। बावजूद स्कूल बसों की व्यवस्था और सुरक्षा मानकों को लेकर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर अब सवाल उठ रहे हैं।

सर्वधर्म बी सेक्टर का मामला, नहीं मिला सुसाइड नोट

कोलार में चाय-नाश्ते की दुकान में घाटा होने से दुखी युवक ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित सर्वधर्म बी सेक्टर में युवक ने अपने फ्लैट में फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि वह अपने छोटे भाई के साथ चाय नाश्ते का ठेला लगाता था। सुबह से दुकान लगाने के बाद भी उसे लाभ नहीं हो रहा था। इसी थाना क्षेत्र के बांसखेड़ी इलाके में एक युवक ने फांसी लगा ली। फांसी के फंदे पर लटका देख उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार संदीप कौशिक पिता गोपाल कौशिक (31) छिंदवाड़ा, जिले के परासिया तहसील के गांव का रहने वाला था। वह अपने छोटे भाई विशाल के साथ बी सेक्टर सर्वधर्म में पांचवे फ्लौर के फ्लैट में किराए से रहता था और बिल्डिंग के नीचे ही चाय नाश्ते का ठेला लगाता था। उसके छोटे भाई विशाल ने पुलिस को बताया कि भाई के साथ ठेला सुबह पांच बजे से सुबह 10-11 बजे तक लगाते हैं। सुबह पांच बजे उसने ठेला लगाने की तैयारी की। वह कुछ सामान लेने के लिए ऊपर गया था। इस दौरान भाई संदीप को उसने फांसी के फंदे पर लटके देखा। वह भाई को फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर संदीप को मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने संदीप का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। भाई विशाल ने बताया कि संदीप धंधे में घाटा होने से दुखी था।

बांसखेड़ी में हिस्ट्रीशीटर गोपाल ने लगाई फांसी

इसी थाना क्षेत्र स्थित बांसखेड़ी में हिस्ट्रीशीटर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि गोपाल अहिरवार (45) बांसखेड़ी में रहता था और मजदूरी करता था। वह थाने की गुंडे लिस्ट में शामिल था। परिजन ने बताया कि गोपाल मजदूरी करता था। रविवार रात वह खाना खाकर सोया था। सोमवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे परिजन ने उसे अंदर वाले कमरे में फांसी के फंदे पर लटके देखा। परिजन फंदे से उतारकर उसे अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

अरेरा क्लब : प्रशिक्षण दे रहे कोच की गिरकर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित अरेरा क्लब में रविवार सुबह लॉन्ग टेनिस का प्रशिक्षण दे रहे ट्रेनर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह बच्चों को लॉन्ग टेनिस का प्रशिक्षण दे रहे थे, तभी अचानक बेसुध होकर गिर गए। अरेरा क्लब के सदस्य उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रशिक्षण देते समय गिरने से अनुमान लगाया जा रहा है कि उन्हें हार्ट अटैक आया होगा। हालांकि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार संजीव कुमार (45) मूलतः दिल्ली के रहने वाले थे। वह पत्नी और बच्ची के साथ अरेरा क्लब में रह रहे थे और क्लब में आने वालों को लॉन्ग टेनिश का प्रशिक्षण देते थे। रविवार सुबह वह प्रशिक्षण दे रहे थे। इसी दौरान अचानक चक्कर आने पर गिर गए। क्लब के सदस्य उन्हें तत्काल उठाकर जय प्रकाश अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार को ही पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया था। परिजन शव लेकर दिल्ली रवाना हो गए।

दोनों से सौ क्वार्टर देसी शराब जब्त

ई-रिक्शा में मिली शराब, आरोपी को लेकर तस्कर के घर पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीरगेट सड़क पर ई-रिक्शा में शराब की तस्करी करते आबकारी विभाग की टीम ने आरिश खान को दबोच लिया। चालक की तस्दीक पर जब टीम उसे लेकर संजय नगर निवासी अमीन मोहम्मद के घर पहुंची तो उसे घर से भी 50 क्वार्टर देसी शराब के मिले। टीम ने दोनों से सौ क्वार्टर देसी शराब जब्त की है। इधर कमला पार्क के पास बाइक सवार एक युवक के कब्जे से दस बोतल व्हिस्की जब्त की है।



कंट्रोलर वर्षा उइके ने बताया कि सहा. जिला आबकारी अधिकारी सीमा कशीसिया ने जहांगीराबाद निवासी सचिन साहू से कमला पार्क के पास बाइक से 10 बोतल व्हिस्की जब्त की है। जबकि मदर इंडिया कॉलोनी निवासी आरिश खान और संजय नगर निवासी अमीन मोहम्मद से 100 क्वार्टर देसी शराब जब्त की गई है। जब्त की गई शराब, बाइक और ऑटो की कीमत 2 लाख 76 हजार रुपए आंकी गई है।

प्राणघातक हमले के दोषी को 3 वर्ष का कारावास

भोपाल। शराब के लिए 500 रुपए नहीं देने पर युवक पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई है। 25वें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश योगीराज पाण्डेय ने आरोपी हर्ष राजोरिया को धारा 324 में दोषी मानते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 1000 रुपए जुर्माने से दंडित किया। उसके दो साथी अनिकेत उर्फ सागर रजक और शुभम रजक को फरार घोषित किया गया है।

घटना 6 मई 2021 को टीटी नगर थाना क्षेत्र के बाणगंगा मेन रोड की है, जहां आरोपियों ने फरियादी गणेश भटनागर से शराब के लिए 500 रुपए मांगे थे। मना करने पर उसकी दोनों जांघों पर चाकू से वार कर घायल कर दिया था।

नादरा बस स्टैंड पर बस मालिक ने लिया था आधार कार्ड

बुजुर्ग के आधार कार्ड से छेड़छाड़ बस मालिक सहित 3 पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र में 65 साल के बुजुर्ग ने आधार कार्ड में छेड़छाड़ कर नाम, पता और मोबाइल नंबर बदलकर इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए शिकायती आवेदन दिया था। पुलिस ने शारिक, आदिल, मुईन और उनके साथियों के खिलाफ तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, कटारा हिल्स निवासी शीतलदास सोनी बस पर हेल्पर का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को नादरा बस स्टैंड पर बस मालिक शारिक ने उनका आधार कार्ड लिया था। इसके बाद 21 अप्रैल को आदिल उन्हें आधार अपडेट कराने जवाहर चौक ले गया। वहां रोनित सिंह के नाम से हस्ताक्षर करवाने के साथ अंगूठा भी लगवाया गया। बाद में आदिल उन्हें बेगमगंज और फिर नारायण नगर स्थित आधार केंद्र ले गया। दोनों जगह उनसे रोनित सिंह के नाम से हस्ताक्षर और अंगूठा लगवाया गया। कुछ समय बाद वह दुर्घटना के पुराने केस के क्लेम की राशि के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता खुलवाने पहुंचे तो बैंक में पता चला कि उनके आधार कार्ड पर रोनित सिंह पिता लोकेश सिंह पाल का नाम और पता दर्ज है। मोबाइल नंबर भी बदल दिया गया था। इसके बाद बेटे के साथ आधार केंद्र पहुंचकर उन्होंने मामले की जानकारी ली और अपना मोबाइल नंबर दोबारा अपडेट कराया।

बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत, साथी घायल

भोपाल। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित करिश्मा पार्क के पास रविवार रात करीब सवा 9 बजे तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा उसका साथी घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार मृतक असफाक खान (22) एन-2, बी-सेक्टर गोविंदपुरा में रहता था और पुरानी कारों की डीलिंग करता था। रविवार रात वह साथी सौरव के साथ खटलापुरा होते हुए पॉलिटेक्निक चौराहे की तरफ जा रहा था, तभी बाइक अनियंत्रित हो गई। हादसे में असफाक के सिर में गंभीर चोट आई। राहगीरों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां असफाक को मृत घोषित कर दिया गया।

इलाज कराने के बाद घर ले आए थे परिजन

मिनी ट्रक की टक्कर से घायल युवक की घर में हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित निर्मल मैरिज गार्डन के पास बाइक सवार युवक को मिनी ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा करीब दो महीने पहले 20 अगस्त की शाम चार बजे हुआ था। हादसे में युवक को गंभीर चोट आई थी। उसका ऑपरेशन हुआ और वह घर में था। शनिवार को उसकी घर में अचानक तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार अशोक साहू (31) मकान नंबर 13, अराध्य सिटी, गौर शादी हाल के पास रहता था और दशहरा मैदान छोला में नमकीन की दुकान पर काम करता था। गत बीस अगस्त की शाम करीब चार बजे वह दुकान जाने के लिए घर से निकला था। निर्मल मैरिज गार्डन के पास पहुंचते ही भानपुर रोड पर पीछे की तरफ से आ रहे मिनी ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में अशोक को कमर और पीछे की तरफ गंभीर चोट आई थी। उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हमीदिया अस्पताल में उसका इलाज कराया गया। ऑपरेशन के बाद परिजन उसे घर ले आए थे। उसका घर में ही ड्रेसिंग की जाती थी। शनिवार को अशोक की तबीयत बिगड़ी। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचते इससे पहले ही उसकी मौत हो गई।

वार्ड-4 की जमीन पर सीमांकन की मांग, कांग्रेस का धरना जारी

दोनों पक्ष आए आमने-सामने

शासकीय जमीन विवाद ने पकड़ा तूल, बोर्ड से धरने और आरोपों तक पहुंची सियासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओबेदुल्लागंज

वार्ड-4 की शासकीय जमीन को लेकर चल रहा विवाद अब राजनीतिक टकराव में बदल गया है। कथित बिक्री, फर्जी दस्तावेज और रजिस्ट्री के आरोपों के बीच नगर परिषद ने विवादित स्थल पर बोर्ड लगाया, लेकिन स्थानीय लोगों ने बोर्ड की जगह पर ही सवाल उठा दिए। उन्होंने प्रशासन से मौके का सीमांकन कर शासकीय भूमि की वास्तविक सीमा स्पष्ट करने की मांग की है। इससे पहले नगर परिषद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी कर चुकी है।



वार्ड-4 की शासकीय जमीन बोर्ड, जगह को लेकर उठे सवाल

जांच, कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस का धरना जारी

कांग्रेस और विधायक प्रतिनिधि आमने-सामने



आरोपों दौर जारी

इधर, शासकीय भूमि बेचे जाने के आरोपों को लेकर कांग्रेस का नगर परिषद कार्यालय में धरना जारी है। कांग्रेस नेताओं ने भूमि दस्तावेज, राजस्व रिकॉर्ड और परिषद के अभिलेखों की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस ने अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे के अध्यक्षीय कार्यालय में बैठने पर भी आपत्ति जताई। विवाद के बीच आरोप-प्रत्यारोप भी तेज हो गए हैं। कांग्रेस ने विधायक प्रतिनिधि सोनू चौकसे पर मिलीभगत के आरोप लगाए, जबकि चौकसे ने पार्षद राजेश खटीक पर पलटवार किया। खटीक ने अध्यक्ष पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। अब प्रशासन की जांच और सीमांकन पर सबकी नजर है।





कोर्ट के परिवाद के बाद दर्ज करना पड़ा प्रकरण

ट्रक के नाम पर फाइनेंस कंपनी से लिया 3.55 लाख का लोन, नहीं चुकाने पर पिता-पुत्र पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया पुलिस ने पिता-पुत्र पर धोखाधड़ी और अमानत में खयानत सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। उक्त प्रकरण कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज किया गया। दरअसल, फायनेंस कंपनी ने घटना की शिकायत बागसेवनिया पुलिस से की थी, लेकिन पुलिस ने उक्त प्रकरण में जांच ही नहीं की। फायनेंस कंपनी ने कोर्ट में परिवाद दायर किया था। कोर्ट से मिले आदेश के बाद पुलिस ने पिता पुत्र पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोप है कि पिता पुत्र ने फायनेंस कंपनी को साढ़े तीन लाख रुपए का चूना लगाया है।

पुलिस के अनुसार, मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड की ओर से शाखा प्रबंधक अरविंद सिंह राजपूत ने न्यायालय में परिवाद पेश किया था। इसमें बताया गया कि आरोपी शावेज खान और उसके पिता मुक्ति खान ने 19 मार्च 2016 को ट्रक एलपीटी के लिए 3.55 लाख रुपए की वित्तीय सुविधा ली थी। वाहन को कंपनी के पास हाइपोथिकेट किया गया था। आरोपियों ने फाइनेंस की राशि का भुगतान करना बंद कर दिया। कंपनी के प्रतिनिधि वाहन का निरीक्षण करने पहुंचे तो आरोपियों ने वाहन दिखाने से इनकार कर दिया और उसके संबंध में कोई जानकारी नहीं दी।

2019 में की गई थी थाने में शिकायत

जांच करने पर कंपनी को पता चला कि वाहन का कब्जा किसी अन्य व्यक्ति को सौंपकर उसे खुर्द-बुर्द कर दिया गया है। कंपनी ने वर्ष 2019 में बागसेवनिया थाने में शिकायत भी दी थी, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई। इसके बाद न्यायालय में परिवाद पेश किया गया। न्यायालय के 6 जुलाई 2026 के आदेश के पालन में पुलिस ने शावेज खान और मुक्ति खान के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भोपाल के पास अभी भी वक्त है, चेत जाएं वरना बेंगलुरू की तरह बर्बाद जो जाएगा...

11वें महेश बुच स्मृति व्याख्यान में 'पारिस्थितिकीय लचीलापन, जलवायु संबंधी चुनौतियां एवं सतत विकास' पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु के प्रोफेसर डॉ. टी.वी. रामचंद्र ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए विकास की योजना में प्रकृति, जल और पारिस्थितिकी तंत्र को केंद्र में रखना होगा। उन्होंने कहा कि अनियोजित शहरीकरण के कारण हरित क्षेत्रों, तालाबों और आर्द्रभूमियों का नुकसान शहरों में बढ़ती गर्मी और जल संकट का प्रमुख कारण बन रहा है। डॉ. रामचंद्र सोमवार को नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट, भोपाल द्वारा आयोजित 11वें महेश बुच स्मृति व्याख्यान में 'पारिस्थितिकीय लचीलापन, जलवायु संबंधी चुनौतियां एवं सतत विकास' विषय पर बोल रहे थे।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि डॉ. रामचंद्र का व्याख्यान सुनते हुए।

जल संकट जैसी समस्याएं बढ़ी हैं

बेंगलुरु के अपने अध्ययनों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शहर में हरित क्षेत्र और वेटलैंड्स की संख्या और क्षेत्रफल के लगातार घटने से तापमान में वृद्धि, भूजल उपलब्धता में कमी और जल संकट जैसी समस्याएं बढ़ी हैं। उन्होंने जक्कुर झील के एकीकृत जैव-उपचार मॉडल का उदाहरण देते हुए कहा कि शहरी आर्द्रभूमियां जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और शहरों को अधिक रहने योग्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



व्याख्यान देते हुए बेंगलुरु के डॉ. रामचंद्र।

अपनी बुद्धि, विवेक और वैज्ञानिक सोच के साथ करें एआई का प्रयोग

डॉ. रामचंद्र ने पश्चिमी घाट के संरक्षण और जलागम विकास को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इनके माध्यम से जल सुरक्षा के साथ स्थानीय समुदायों की आजीविका को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से एआइ जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग अपनी बुद्धि, विवेक और वैज्ञानिक सोच के साथ करने का आह्वान किया।

सही मायने में मना विश्व शिक्षक दिवस, शिक्षकों ने मिलकर रचा सामूहिक कला-शिल्प

लड़कियों ने जमी से ज्यादा साफ हवा मांगी थी, अपने हिस्से की...







हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लड़कियों ने ज़मीन से ज्यादा साफ हवा मांगी थी, अपने हिस्से की.....प्रज्ञा रावत की सहज रूप से रची गई सारगर्भित कविता ने पूरे परिसर को काव्य के रंग में रंग दिया। संगीत, कविता और दृश्य कला का यह दुर्लभ संगम देखने को मिला विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित 'बियॉन्ड द आर्टरूम' प्रदर्शनी में। एलाइंस फ्रांसिस में आयोजित येह कार्यक्रम उपस्थित शिक्षकों और दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया।



किसी ने खींचीं रेखाएं तो किसी ने बनाए बादल

गतिविधि की शुरुआत कुछ साधारण वेस्ट कार्टन से हुई। किसी ने उन्हें अलग-अलग आकारों में काटा, किसी ने रेखाएं खींचीं, किसी ने बादल बनाए तो किसी ने चिड़िया। इसके बाद रंगों का सिलसिला शुरू हुआ। छोटे-बड़े, विविध आकारों और रंगों से सजे इन टुकड़ों को जब एक साथ जोड़ा गया तो देखते ही देखते एक प्रभावशाली सामूहिक इंस्टालेशन शिल्प आकार लेने लगा। डायना तोमर की अगुवाई में आयोजित इस सामूहिक गतिविधि में फ्रैसल मातीन, मीता दत्ता, कविता मन्द्रिया, धर्मेंद्र मेवाड़े सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन मौजूद थे।

आधुनिक होना जड़ों से दूर होना नहीं, बल्कि अपनी विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना है...

फैशन एक्सपर्ट नंदिता नायर ने किया 'परंपरा का परिधान' नामक विशेष सांस्कृतिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

परंपराएं केवल रीति-रिवाजों का हिस्सा नहीं होतीं, बल्कि उनमें पीढ़ियों का अनुभव, जीवन-मूल्य, ज्ञान और हमारी सांस्कृतिक पहचान की कहानियां भी छिपी होती हैं। इन्हीं परंपराओं को आधुनिक सोच के साथ जोड़ते हुए प्रसिद्ध फैशन एक्सपर्ट नंदिता नायर ने 10 नंबर स्थित एक निजी बुटिक में 'परंपरा का परिधान' नाम से विशेष सांस्कृतिक आयोजन किया। आयोजन का उद्देश्य परंपराओं को केवल निभाने के बजाय उन्हें समझने, उनके पीछे छिपे तर्क को जानने और बदलते समय के साथ नए नजरिए से देखने का अवसर देना था।





संवाद, सांस्कृतिक विमर्श से बना सार्थक व आत्मीय अनुभव

कार्यक्रम में परंपरा और आधुनिकता के बीच खूबसूरत संवाद देखने को मिला। इस दौरान अलग-अलग पीढ़ियों के लोगों ने एक साथ बैठकर भारतीय संस्कारों, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े विषयों पर विचार साझा किए। बातचीत के जरिए यह समझने का प्रयास किया गया कि हमारी परंपराओं के पीछे आखिर कौन-सी कहानियां, जीवन-दर्शन और सामाजिक सोच रही है। परंपरा का परिधान ने यह संदेश भी दिया कि आधुनिक होना अपनी जड़ों से दूर होना नहीं, बल्कि अपनी विरासत को नए नजरिए से समझते हुए उसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाना है। आयोजन में संवाद, सांस्कृतिक विमर्श और पीढ़ियों के बीच अनुभवों के आदान-प्रदान ने इसे एक सार्थक और आत्मीय अनुभव बना दिया।

रंगों के जरिए दिया सेव वाइल्ड लाइफ, सेव एनिमल का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह 2026 के अंतर्गत वन विहार में रंगोली प्रतियोगिता



राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह 2026 के अंतर्गत वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में वन्यजीव संरक्षण, जैव-विविधता संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति के प्रति आमजन में जागरुकता बढ़ाने विभिन्न जन-जागरूकता, सहभागिता एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह की थीम जुड़े आवास, वन्यजीवन का विकास निर्धारित की गई है। इस थीम से यह संदेश दिया जा रहा है कि वन्यजीवों का संरक्षण केवल वन्य प्राणियों की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके प्राकृतिक आवासों, वन क्षेत्रों, जल स्रोतों, जैव-विविधता तथा पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण से जुड़ा हुआ है।

विलुप्त होते वन्य जीव प्राणियों की आकृति भी उकेरी

सोमवार को महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 51 विद्यार्थियों ने रंगों एवं विभिन्न कलात्मक माध्यमों के माध्यम से प्राकृतिक आवासों के संरक्षण और वन्यजीवों के अस्तित्व के बीच संबंध को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। इसमें विद्यार्थियों ने रंगों को जमीं पर उकेरकर सेव वाइल्ड लाइफ, सेव एनिमल का संदेश दिया। तो वहीं कईयों ने विलुप्त होते वन्य जीव प्राणियों की आकृति भी उकेरी।

गौहर महल में स्टेट हैंडलूम एक्सपो 11 अक्टूबर तक, 16 राज्यों से आए शिल्पी और बुनकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम की ओर से गौहर महल में आयोजित स्टेट हैंडलूम एक्सपो इन दिनों कला एवं हथकरघा प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 11 अक्टूबर तक चलने वाले इस एक्सपो में देश के 16 राज्यों से आए शिल्पी और बुनकर अपने पारंपरिक हथकरघा एवं हस्तशिल्प उत्पादों के साथ शामिल हुए हैं। अलग-अलग राज्यों की बुनाई, डिजाइन, रंग संयोजन और पारंपरिक तकनीकें यहां आने वाले लोगों को आकर्षित कर रही हैं।



पिचवाई साड़ी प्रदर्शन करते श्रवण।



तमिलनाडु की साड़ी प्रदर्शन।



65 हजार की कांजीवरम साड़ी

कर्नाटक के शिशिधर ने बताया कि बेंगलुरु क्षेत्र की कांजीवरम साड़ी रियल जरी से तैयार की जाती है। एक विशेष साड़ी में एक ही रंग और एक ही डिजाइन रखा गया है तथा इसे एक महिला के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इसकी कीमत करीब 65 हजार रुपये है और इसकी रिसेल वैल्यू भी बनी रहती है।

सेमी टसर सिल्क साड़ी पर पिचवाई आर्ट

तमिलनाडु के मदुरै से आए श्रवण ने यहां कोरा सिल्क की साड़ियों को प्रदर्शित किया है। मदुरै की बुनाई और सिल्क की बनावट इन उत्पादों की पहचान है। जम्मू-कश्मीर से आए इरफान हुसैन ने बताया कि उनके स्टॉल पर सेमी टसर सिल्क की साड़ी पर पिचवाई आर्ट का काम प्रदर्शित किया गया है। इसकी खासियत यह है कि इसे सामान्य तरीके से धोया जा सकता है। साड़ी को आंध्र प्रदेश के कारीगरों ने तैयार किया है, जिसमें वहां की लोक संस्कृति और पारंपरिक कला को उकेरा गया है।

हिंदी भवन में 'श्री विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्रम' पर चर्चा



नई पीढ़ी को आध्यात्म से जोड़ेंगे धार्मिक पुस्तकों के हिंदी रूपांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आध्यात्मिक ग्रंथों का सरल हिन्दी में रूपांतरण नई पीढ़ी को वेद-पुराणों से तो जोड़ेगा ही साथ ही इस क्षेत्र में रुचि रखने वालों को भी आसानी होगी। पिछले कुछ समय से इस तरह के लेखन का चलन बढ़ा है, यह साहित्य और समाज दोनों के लिए ही जरूरी है। इस तरह के विचार हिन्दी भवन में सुनाई दिए। अवसर था लेखक कैलाश केशरे की पुस्तक 'श्री विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्रम तथा सनातन धर्म की महत्वपूर्ण जानकारियां' पर समीक्षा गोष्ठी का। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल कल्याण शोध केन्द्र के निदेशक महेश सक्सेना ने की।

सनातनी संस्कृति का आदि है और न ही अंत...

अध्यक्षीय उद्बोधन में महेश सक्सेना ने कहा कि आज के समय में बच्चे हमारी धार्मिक कृतियों के महत्व को समझें उनसे जुड़ें इसके लिए ऐसे प्रयास बहुत ही आवश्यक है। मुख्य अतिथि डॉ. गिरजेश सक्सेना का मत था कि सनातनी संस्कृति का आदि है और न ही अंत है।



संस्कार भारती मध्य भारत प्रांत की साधारण सभा में सामाजिक दायित्वों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संस्कार भारती मध्य भारत प्रांत की साधारण सभा का आयोजन वनवासी कल्याण परिषद में किया गया। सभा में मध्य भारत प्रांत के आठ जिलों की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। तीन सत्रों में आयोजित सभा में संगठन के आगामी कार्यों, कला-साधना एवं सामाजिक दायित्वों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। प्रथम सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह हेमंत मुक्तिबोध ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संघ की कार्यपद्धति एवं रीति-नीति से परिचित कराया। द्वितीय सत्र में संस्कार भारती के अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्रांत के पदाधिकारियों को दी।

आंचलिक विज्ञान केंद्र में 100 घंटे खगोल विज्ञान कार्यक्रम का आयोजन

आसमान में टिमटिमाते तारों और अनंत अंतरिक्ष के रहस्यों को जाना करीब से...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आसमान में टिमटिमाते तारों और अनंत अंतरिक्ष के रहस्यों को करीब से जानने की जिज्ञासा को विज्ञान से जोड़ते हुए आंचलिक विज्ञान केंद्र में 100 घंटे खगोल विज्ञान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ की वैश्विक पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों से लेकर आम दर्शकों तक ने अंतरिक्ष की दुनिया को नए नजरिए से समझा। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'हमारे सौरमंडल का एक नया दृष्टिकोण' रही।

कार्यक्रम का उद्देश्य खगोल विज्ञान को केवल किताबों और कक्षाओं तक सीमित न रखते हुए उसे आमजन के अनुभव का हिस्सा बनाना था। इसके माध्यम से विद्यार्थियों और विज्ञान प्रेमियों में अंतरिक्ष, सौरमंडल और ब्रह्मांड को लेकर जिज्ञासा जगाने के साथ वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।



आंचलिक विज्ञान केंद्र में खगोल विज्ञान कार्यक्रम के दौरान तारों को देखते विद्यार्थी।



अंतरिक्ष यात्रा से रूबरू हुए विद्यार्थी

कार्यक्रम के तहत अंतरिक्ष अन्वेषण सभागार का विशेष भ्रमण कराया गया। यहां विद्यार्थियों और आगंतुकों ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा, अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की उपलब्धियों के साथ सौरमंडल और ब्रह्मांड से जुड़ी वैज्ञानिक अवधारणाओं को करीब से जाना। प्रदर्शित मॉडलों और जानकारियों ने अंतरिक्ष की जटिल दुनिया को समझने में मदद की।

600 पुलिस जवान तैनात
अटल टनल बंद

आज से 3 दिन हिमाचल प्रदेश के दौरे पर राष्ट्रपति मुर्मू, एम्स के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल, हिडिंबा मंदिर में करेंगी पूजा-अर्चना

एजेंसी ▶▶ मनाली

राष्ट्रपति मुर्मू दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षु डॉक्टरों को डिग्रियां प्रदान करेंगी। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी बिलासपुर में मौजूद रहेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू को रिसीव करने सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू भी बिलासपुर जाएंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। वह बिलासपुर स्थित एम्स के प्रथम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति मनाली के लिए रवाना होंगी और रात में यहीं रुकेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू को रिसीव करने सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू भी बिलासपुर जाएंगे। इसके बाद सीएम एम्स के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे और दोपहर बाद वापस शिमला लौटेंगे। दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षु डॉक्टरों को डिग्रियां प्रदान करेंगी। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी बिलासपुर में मौजूद रहेंगे।

खास बातें
- विभिन्न स्थानों पर नाके और बैरिकेडिंग की गई
- प्रस्तावित रूट पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई

अटल टनल रोहतांग जाएंगी


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

7 अक्टूबर को राष्ट्रपति मुर्मू पहले अटल टनल रोहतांग जाएंगी। यहां से दोपहर 12 बजे वापस मनाली लौटेंगी। दोपहर बाद हिडिंबा मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगी। 8 अक्टूबर को राष्ट्रपति सुबह के वक्त वापस दिल्ली लौटेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए मंगलवार शाम छह बजे से परसों दोपहर 12 बजे तक किसी भी वाहन को अटल टनल से जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इससे स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों को भी परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

मनाली में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की गई

मनाली में प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त कुल्लू डॉ. अमित कुमार शर्मा ने की। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक कुल्लू अभिषेक एस. विशेष रूप से मौजूद रहे। शर्मा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और 117 के तहत यातायात संबंधी आदेश जारी किए हैं।

बंद रहेगी वाहनों की आवाजाही

6 अक्टूबर रात 8 बजे से 7 अक्टूबर दोपहर 12 बजे तक सभी प्रकार के भारी वाहनों को अटल टनल की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। जरूरत के अनुसार इन वाहनों को प्रतिबंधित करने या वैकल्पिक मार्गों की ओर डायवर्ट करने की व्यवस्था रहेगी। 7 अक्टूबर को पलचान से अटल टनल रोहतांग तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।

बिलासपुर में भी बदला ट्रैफिक प्लान

राष्ट्रपति के बिलासपुर दौरे को देखते हुए घागस और जबली क्षेत्र में भी जरूरत के अनुसार यातायात को नियंत्रित और डायवर्ट किया जाएगा। राष्ट्रपति के काफिले की आवाजाही के दौरान कुछ समय के लिए आम यातायात को रोका या वैकल्पिक मार्गों पर भेजा जा सकता है। बिलासपुर में जारी ट्रैफिक प्लान के अनुसार सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने वाहन चालकों और स्थानीय लोगों से निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करने की अपील की है।

चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए बिलासपुर और कुल्लू में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एम्स परिसर, राष्ट्रपति के प्रस्तावित रूट और मनाली-अटल टनल क्षेत्र में पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

खबर संक्षेप

संचार साथी पोर्टल ने पार किए 30 करोड़ विजिट्स

नई दिल्ली। दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित संचार साथी पोर्टल ने मई 2023 में शुरू होने के बाद से 30 करोड़ से अधिक विजिट्स का आंकड़ा पार कर लिया है। संचार मंत्रालय ने कहा कि यह उपलब्धि दूरसंचार-आधारित धोखाधड़ी और साइबर अपराधों के खिलाफ नागरिकों की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है। संचार साथी महत्वपूर्ण नागरिक सुविधा मंच बन गया है।

रकुल प्रीत बोलीं- कोई विदेशी लेन-देन नहीं

मुंबई। अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने खुद को आर्म्ड फोर्सेज़ के फैमिली में पली बढ़ी सेल्फ-मेड आर्टिस्ट बताते हुए कहा कि वह हमेशा से कानून का पालन करती आई हैं और 20 साल की उम्र से टैक्स भरती आ रही हैं। उनका किसी भी तरह के विदेशी लेन-देन से लेना-देना नहीं है। कुछ लोग बगैर जांच पड़ताल किए मामले को बेवजह बड़ा बना रहे हैं।

चंद्रशेखर आजाद रेप केस में सौंपनी होगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मुखिया और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद पर लगाए गए रेप के आरोप को लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करते हुए अगली तारीख तक जांच पूरी करने को कहा है। अगली तारीख 23 अक्टूबर की निश्चित कर दी है। दिल्ली पुलिस को अब 18 दिन में जांच कर रिपोर्ट सौंपनी होगी।

शादी में मिलेगा 8 ग्राम सोना और रेशमी साड़ी

चेन्नई। तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने 'अन्नान सीर' योजना को लागू करने के लिए 812 करोड़ की पहली किस्त मंजूर की है। योजना के तहत राज्य में 2.5 लाख रुपए तक की सालाना पारिवारिक आय वाले परिवारों की महिलाओं को शादी के दौरान 8 ग्राम सोने का सिक्का और एक रेशमी साड़ी दी जाएगी। तमिल परंपरा में बड़े भाई की ओर 'सीर' स्नेह का प्रतीक है।

पंजाब में बस पलटने से 4 की मौत, 17 घायल

चंडीगढ़। पंजाब के शहीद भगत सिंह नगर जिले में सोमवार को एक बस पलट जाने से एक छात्र समेत चार लोगों की मौत हो गई और 17 घायल हो गए। जिले के सदर बंगा थाने के प्रभारी (एसएचओ) परगट सिंह ने बताया कि चालक द्वारा वाहन पर नियंत्रण खो देने के कारण यह हादसा हुआ। बस मनाली से अमृतसर जा रही थी। बस में 40 यात्री सवार थे।

सीईसी के खिलाफ याचिकाओं पर एससी के नोटिस से गरमाई देश की सियासत

देश में डर और तानाशाही का कोई माहौल नहीं

भाजपा बोली- लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ रहा देश कांग्रेस का आरोप- संविधान से विश्वासघात किया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग और केंद्र को नोटिस जारी करने का फैसला यह दिखाता है कि देश की सभी संस्थाएं स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं और यहां डर और तानाशाही का कोई माहौल नहीं है

भाजपा ने सोमवार को कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग और केंद्र को नोटिस जारी करने का फैसला यह दिखाता है कि देश की सभी संस्थाएं स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं और यहां डर और तानाशाही का कोई माहौल नहीं है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि देश बहुत लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ रहा है। हर कोई खुलकर अपनी बात कर रहा है। सभी प्रक्रियाओं और प्रणालियों का पालन किया जा रहा है। लोकतंत्र का इससे बेहतर मॉडल और कहां हो सकता है। मुझे लगता है कि भारत लोकतंत्र का जश्न मना रहा है।

संबित पात्रा की यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनाव आयोग और केंद्र से एक हफ्ते के भीतर जवाब मांगने के बाद आई है। यह जवाब उस याचिका पर मांगा गया था जिसमें सीईसी ज्ञानेश कुमार की अगुवाई वाले चुनाव पैनल के उस तरीके को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत कथित तौर पर दो चुनाव आयुक्तों, सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की मंजूरी के बिना फैसले लिए गए थे। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना वाली बेंच ने इस मामले में कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा है।

भारत लोकतंत्र का जश्न मना रहा


संबित पात्रा


जयराम रमेश

लोकतंत्र का इससे बेहतर मॉडल नहीं

पीएम मोदी और शाह के इशारे पर दिया धोखा: जयराम

कांग्रेस ने सीईसी पर पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर संविधान से विश्वासघात करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पास निर्वाचन आयोग में जनता का भरोसा बहाल करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि अदालत ने निर्वाचन आयोग के उस तरीके को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आयोग ने दो निर्वाचन आयुक्तों की मंजूरी के बिना फैसले लिए।

ज्ञानेश कुमार देश के दुश्मन: राऊत



शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने भी सीईसी ज्ञानेश कुमार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच ज्ञानेश कुमार भूमिगत हो गए हैं। राउत ने कहा कि निर्वाचन आयोग को उन विपक्षी सांसदों से मिलना चाहिए, जिनके साथ उन राज्यों में कथित तौर पर अन्याय हुआ है जहां चुनाव आयोग ने भाजपा की मदद की।

एसआईआर प्रक्रिया दशकों पुरानी परंपरा: सीएम फडणवीस



महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि एसआईआर कोई नई बात नहीं है। बल्कि, ये एक जरूरी प्रक्रिया है, जिसे चुनाव आयोग दशकों से समय-समय पर अपनाता रहा है। भारत की चुनावी व्यवस्था में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया कई दशकों से चली आ रही है। मतदाता सूचियां सटीक और विश्वसनीय बनी रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने विभिन्न चरणों में इन सूचियों का गहन संशोधन किया है। 1952 से 1956, उसके बाद 1957, 1961, 1965 और 1966 में भी पुनरीक्षण किया गया। आगे 1983-84, 1987-89, 1992, 1993 और 1995 में भी वोटर लिस्ट में बदलाव किए गए। चुनाव आयोग ने 2002, 2003 और 2004 में फिर से पुनरीक्षण किया।

रंगे हाथ पकड़ा गया चुनाव आयोग: खेड़ा



कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि फॉर्म नंबर 6 में किए गए बदलावों को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी नहीं मिली है, जैसा कि चुनाव आयोग ने अपने सूत्रों के जरिए मीडिया और हम सभी को बताया था। इसलिए वे झूठ बोलते हुए रंगे हाथों पकड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में आप युवाओं के बीच काफी बेचैनी देखेंगे और इसके बहुत जायज कारण हैं।



30 सितंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक फाइल फोटो

19 विपक्षी दल आज दिल्ली में चुनाव आयोग को घेरेंगे

एसआईआर का विरोध

संसद से मुख्यालय तक 3 किमी का मार्च निकालेंगे

एसआईआर को लेकर जारी विरोध के बीच 19 विपक्षी दल 6 अक्टूबर को दिल्ली में चुनाव आयोग घेरेंगे। इंडिया ब्लॉक के विपक्षी सांसद दिल्ली में 'सेव डेमोक्रेसी मार्च' निकालेंगे। वे संसद से चुनाव आयोग (ईसीआई) मुख्यालय तक करीब 3 किमी पैदल जाएंगे। इससे पहले 11 अगस्त 2025 को इंडिया गठबंधन के सांसदों ने संसद भवन से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला था। इसमें राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, शरद पवार समेत 25 विपक्षी दल शामिल हुए थे।

1 नवंबर को दिल्ली में इंडिया ब्लॉक की महारैली

कांग्रेस ने 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ी रैली आयोजित करने की भी घोषणा की है। कांग्रेस के संगठन महासचिव एवं सांसद केसी वेणुगोपाल ने बताया कि 'वोट चोरी' के मुद्दे पर पार्टी अगले करीब दो महीनों तक देशभर में चरणबद्ध तरीके से विरोध-प्रदर्शन, पदयात्राएं, गांव चौपाल और जनसभाएं आयोजित करेगी। अभियान का मुख्य नारा 'वोट बचाओ-देश बचाओ' होगा।

राजपाल यादव को सुको की फटकार

24 घंटे में जमा करें पूरे 5 करोड़ वरना फिर से जेल जाना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने चेक बाउंस के लंबे समय से जारी कई मामलों में अभिनेता राजपाल यादव को कड़ी फटकार लगाई। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने 15 सितंबर को यादव को दो सप्ताह का आखिरी मौका देते हुए निजी कंपनी को बकाया रकम चुकाने के लिए ठोस प्रस्ताव देने और शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री में 2 करोड़ रुपए जमा करने का निर्देश दिया था। अदालत ने इस बात पर नाराजगी जताई कि दो सप्ताह की अवधि खत्म होने के बावजूद 5 अक्टूबर तक सिर्फ 50 लाख रुपए दिए हैं। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि सीजेआई ने कहा कि मंगलवार तक पेमेंट हो जाना चाहिए। मामले को परसों बोर्ड पर सबसे पहले आइटम के तौर पर लिस्ट करें। सुनवाई के दौरान यादव के वकील ने कहा शिकायतकर्ता गरीब नहीं हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि आपको पता होना चाहिए कि कब मुंह खोलना है। आपकी जगह जेल में है।



महिला सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

अपराध करने वालों के मन में कानून का डर पैदा करना जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वाले गुंडों के मन में कानून का डर पैदा करने की जरूरत है और ऐसा लगता है कि लोगों में यह भावना है कि शहर में, खासकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कुछ संवेदनशील इलाकों में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने दिल्ली-एनसीआर में हाल में हुई दुष्कर्म की घटनाओं के संबंध में स्वतः संज्ञान वाले एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हर महिला रात 11 बजे या उसके बाद भी खुद को सुरक्षित महसूस करे, चाहे वह सड़क पर यात्रा कर रही हो या मेट्रो में। दिल्ली पुलिस से कहा कि वह बस स्टैंड, रेलवे और मेट्रो स्टेशन, पार्क और स्कूल-कॉलेज जैसी सार्वजनिक जगहों पर निगरानी और गश्त बढ़ाने पर ध्यान दे।



राजमार्ग अवसंरचना पर चिंतन

गडकरी ने गुणवत्ता, सुरक्षा और विश्वस्तरीय मानकों पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ एकता नगर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि राजमार्ग विकास में गुणवत्ता, सुरक्षा, गति और विश्व स्तरीय मानकों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। गुजरात के नर्मदा जिले के एकता नगर में 'राजमार्ग अवसंरचना पर चिंतन शिविर 2026' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए गडकरी ने इस बात पर बल दिया कि प्रारंभिक चरण में बेहतर तैयारी से देरी को कम करने, लागत वृद्धि से बचने और राजमार्ग परियोजनाओं की दक्षता में सुधार करने में मदद मिल सकती है।


नितिन गडकरी

डीपीआर स्तर पर दें ध्यान

गडकरी ने कहा कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के स्तर पर अग्रिम योजना और तैयारियों पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। क्रियान्वयन से पहले उचित सर्वेक्षण, संरेखण योजना, भूमि अधिग्रहण, संरचनाओं के स्थानांतरण और समय पर वैधानिक स्वीकृतियां प्राप्त करनी चाहिए।

सड़क सुरक्षा डिजाइन का अभिन्न अंग हो

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा को शुरुआत से ही राजमार्ग योजना और परियोजना डिजाइन का एक अभिन्न अंग बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजमार्गों को सुरक्षित बनाने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए योजना व निर्माण चरण के दौरान ही दुर्घटना-संभावित क्षेत्रों की पहचान कर उचित सुरक्षा उपाय शामिल किए जाने चाहिए।

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोहिल का केंद्र सरकार पर आरोप

बेपटरी हुई अर्थव्यवस्था, बाजार से निकाले 4 लाख करोड़

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते नौ महीनों में ही विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार से चार लाख करोड़ रुपए निकाले जाने का हवाला देते हुए कांग्रेस ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा देश का हर वर्ग भुगत रहा है। सरकार को सिर्फ भ्रष्टाचार एवं चंद पूंजीपतियों की ही चिंता है। इसीलिए भारतीय बाजार में पूंजी लगाने वाले विदेशी संस्थागत निवेशक भारत से पैसा निकाल रहे हैं।

सरकार को चंद पूंजीपतियों की ही चिंता

सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा हर वर्ग भुगत रहा


राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व सांसद शक्ति गोहिल

3 दिन में निकाले 29,000 करोड़

गोहिल ने बताया कि जनवरी से सितंबर 2026 तक हर महीने विदेशी निवेशकों की ओर से बिकवाली का रुझान रहा और इस अवधि में 4.03 लाख करोड़ रुपए से अधिक की पूंजी भारतीय बाजार से बाहर गई। ऐसा देश के इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया। उन्होंने कहा कि एनएसई में लिस्टेड कंपनियों से 14.7 से 15.8 प्रतिशत पूंजी निकल गई।

सेंसेक्स गिरकर 72,500 पर

गोहिल ने कहा कि सितंबर 2024 में सेंसेक्स करीब 85 हजार के स्तर पर था, जबकि सितंबर 2026 के अंत में यह करीब 72,500 के स्तर पर आ गया। पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दोनों ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले लोगों से शेयर बाजार में निवेश करने की अपील की थी। उनकी बातों पर भरोसा करके जिन मध्यम वर्गीय लोगों ने शेयर बाजार में निवेश किया, उन्हें अब नुकसान उठाना पड़ रहा है।

यूपीए के 10 साल में सेंसेक्स 398% बढ़ा था

कांग्रेस नेता ने याद दिलाया कि बल्कि यूपीए के 10 साल के कार्यकाल में सेंसेक्स 398 प्रतिशत बढ़ा था। 2004 में यूपीए सरकार ने लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स शून्य कर दिया था, जिससे मध्य वर्ग को राहत मिली। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने इसे 12.5 प्रतिशत और शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन को 20 प्रतिशत कर दिया है। साथ में सेक्युरिटीज ट्रांसैक्शन टैक्स भी लगता है। गोहिल ने कहा कि आज इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल भी महंगा है।

सीईसी के खिलाफ हुए कई पूर्व अधिकारी

जनता की ओर से महाभियोग का नोटिस और चार्जशीट पेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेंद्र कुमार के खिलाफ महाभियोग का नोटिस और चार्जशीट पेश किया है। इन पूर्व अधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सीईसी पर सिद्ध कदाचार या अक्षमता का आरोप लगाया और उन्हें संविधान के अनुच्छेद 324(5) के तहत उन्हें पद से हटाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल के ज्ञापन सौंपने से पहले ही दिल्ली पुलिस ने चुनाव आयोग तक जाने वाले रास्ते को बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया है। नोटिस में ज्ञानेश कुमार पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने लगातार कानून और संवैधानिक कर्तव्यों की जान-बूझकर अनदेखी की, अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल किया। साथ ही ऐसा गलत व्यवहार किया जिससे देश के चुनावी लोकतंत्र की अखंडता खंडित हुई।


नोटिस दिखलाते पूर्व अधिकारी

ये चार बातें भोजन या जल अर्पण स्मृति-स्थल पर जाना और दान करना एक समान

दुनिया भर में पूर्वजों की याद: भारत के पितृपक्ष से मेक्सिको के 'डे ऑफ द डेड' तक एक जैसी श्रद्धा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिंदू धर्म में पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों को तर्पण और पिंडदान अर्पित करने की परंपरा सदियों पुरानी है, लेकिन अपने दिवंगत परिजनों को याद करने की यह भावना केवल भारत तक सीमित नहीं है। दुनिया के लगभग हर कोने में अलग-अलग नामों और तरीकों से पूर्वजों के प्रति श्रद्धा जताई जाती है। कर्मकांड भले अलग हों, मूल भाव एक ही है।

पूर्वज परिवार के कल्याण से जुड़े रहते हैं। जानकारों के अनुसार भोजन या जल अर्पण, दीप या धूप जलाना, स्मृति-स्थल पर जाना और दान करना, ये चार बातें लगभग हर परंपरा में समान हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि संस्कृतियाँ भले अलग हों, अपने पूर्वजों को सम्मान देने की मानवीय भावना सार्वभौमिक है।



एआई इमेज



भारत में पूजन और ब्राह्मणों को भोजन अनिवार्य

भारत और नेपाल में पितृपक्ष

हिंदू मान्यता के अनुसार भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या (सर्वपितृ अमावस्या) तक के 15-16 दिन पितृपक्ष कहलाते हैं। इस अवधि में जल अर्पण यानी तर्पण, पिंडदान और ब्राह्मण भोजन कराया जाता है। बिहार के गया, वाराणसी, हरिद्वार, उज्जैन और प्रयागराज जैसे तीर्थों में पिंडदान का विशेष महत्व माना जाता है। नेपाल में भी यह परंपरा श्राद्ध या पितृ तर्पण के नाम से निभाई जाती है।

पूर्वी एशिया में दीप, भोजन और नृत्य

चीन, ताइवान और हांगकांग में अप्रैल की शुरुआत में छिंगमिंग पर्व मनाया जाता है, जब लोग कब्रों की सफाई कर भोजन, फूल और धूप चढ़ाते हैं। चंद्र कैलेंडर के सातवें महीने में घोस्ट फेस्टिवल मनाया जाता है, जिसमें



एआई इमेज

पूर्वजों और भटकती आत्माओं के लिए भोजन अर्पित किया जाता है। इसे पितृपक्ष से काफी मिलता-जुलता माना जाता है। वियतनाम में इसे वू लान कहा जाता है। जापान में अगस्त के दौरान ओबोन पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस समय पूर्वजों की आत्माएँ घर लौटती हैं। परिवार लालटेन जलाते हैं, कब्रों पर जाते हैं और बोन ओदोरी नृत्य करते हैं। कोरिया में फसल पर्व छुसोक के अवसर पर चारऐ रस्म निभाई जाती है, जिसमें पूर्वजों के लिए विशेष भोजन सजाया जाता है।



मेक्सिको में उत्सव जैसा माहौल

मेक्सिको में 1-2 नवंबर को 'दिया दे लॉस मुएर्तोस' मनाया जाता है। घरों में पूर्वजों की तस्वीरों के साथ वेदी सजाई जाती है, जिस पर गेंदे के फूल, उनका पसंदीदा भोजन और मोमबत्तियाँ रखी जाती हैं। यहाँ माहौल शोक से अधिक उत्सव का होता है।

दक्षिण-पूर्व एशिया में दान की परंपरा

थाईलैंड में पूर्वजों के नाम पर भिक्षुओं को भोजन दान किया जाता है। कंबोडिया में पंद्रह दिन चलने वाले 'पचुम बेन' पर्व में लोग मंदिरों में जाकर दान करते हैं, जो पितृपक्ष की अवधि से मेल खाता है।



एआई इमेज

यूरोप, अफ्रीका और अन्य धर्म

कैथोलिक ईसाई परंपरा में 2 नवंबर को 'ऑल सोल्स डे' मनाया जाता है, जब पोलैंड, इटली और फ्रांस जैसे देशों में लोग कब्रिस्तान जाकर मोमबत्तियां जलाते हैं। आयरलैंड और स्कॉटलैंड का प्राचीन सेल्टिक पर्व सैमहेन आज के हैलोवीन का स्रोत माना जाता है। घाना और नाइजीरिया जैसे अफ्रीकी समुदायों में पूर्वजों को पेय अर्पित करने की परंपरा है। इस्लाम में कर्मकांड के बजाय दुआ, कुरान की तिलावत और सदके पर जोर रहता है, और शब-ए-बरात पर लोग कब्रिस्तान जाकर दुआ करते हैं।

खबर संक्षेप

लंदन-शिकागो फ्लाइट 28 हजार फीट नीचे आई

लंदन। ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट बीए295 आयरलैंड के ऊपर उड़ान भरते समय कुछ ही मिनटों में करीब



28 हजार फीट नीचे आ गई। इस दौरान विमान ने 7700 इमरजेंसी कोड एक्टिव किया। इसके बाद फ्लाइट को शिकागो जाने के बजाय वापस लंदन की ओर मोड़ दिया गया। इमरजेंसी सिग्नल की वजह अभी सामने नहीं आई है। फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, विमान आयरलैंड के ऊपर करीब 9 हजार फीट की ऊंचाई तक आया था।

भारतीय रेस्तरां में आग दो नाबालिगों को सजा

लंदन। पूर्वी लंदन के भारतीय रेस्तरां 'इंडियन अरोमा' में आग लगाने के मामले में 17 वर्षीय दो नाबालिगों को 10-10 साल की



हिरासत की सजा सुनाई गई है। अगस्त 2025 में दोनों चाकू लेकर गैंट्स हिल स्थित रेस्तरां में घुसे और दरवाजे बंद कर दिए। तीसरे व्यक्ति ने अंदर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। घटना के समय आठ ग्राहक खाना खा रहे थे, जिनमें कई झुलस गए। लंदन की ओल्ड बेली अदालत ने कहा कि आरोपियों को पता था कि उनके कृत्य की मौत हो सकती है।

व्यापार-निवेश से लेकर तकनीक और मोबिलिटी तक सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

भारत-स्विट्जरलैंड: रिश्तों को मिलेगी नई उड़ान, मोदी-परमेलिन ने बनाई 'रणनीति'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टीईपीए की पहली वर्षगांठ पर आर्थिक रिश्तों पर जोर | क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर चर्चा, बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग को मजबूत करने पर जोर

व्यापार, निवेश, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हैदराबाद हाउस में स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ परमेलिन से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से एक-दूसरे का अभिवादन किया और इसके बाद द्विपक्षीय वार्ता शुरू हुई। बैठक में व्यापार और निवेश, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, मोबिलिटी और लोगों के बीच संपर्क समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की प्रगति की समीक्षा की गई। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

साथ ही बहुपक्षीय मंचों पर भारत-स्विट्जरलैंड सहयोग को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। परमेलिन की भारत यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के लागू होने का एक साल पूरा होने वाला है। स्विस राष्ट्रपति ने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने भारत-स्विट्जरलैंड संबंधों को साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित बताया।



पीएम मोदी एवं राष्ट्रपति परमेलिन

इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रपति परमेलिन से मुलाकात की। उन्होंने भारत-ईएफटीए टीईपीए की संभावनाओं को आगे बढ़ाने और दोनों देशों की साझेदारी को गहरा करने की प्रतिबद्धता की सराहना की। जयशंकर ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी और परमेलिन की बैठक से व्यापार, निवेश, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और गति मिलेगी।

तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर आए परमेलिन

परमेलिन प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर सोमवार को तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनकी पहली राजकीय भारत यात्रा है। हालांकि, इस वर्ष फरवरी में वे नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने भारत आए थे। उनके साथ वरिष्ठ अधिकारियों और कारोबारी नेताओं का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है। यात्रा का मुख्य फोकस व्यापार, निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और मोबिलिटी समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है।

टीईपीए: भारत में 100 अरब डॉलर निवेश का लक्ष्य

भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) की पहली वर्षगांठ पर भारत-स्विट्जरलैंड आर्थिक रिश्तों को नई दिशा देने की तैयारी है। स्विस परिसंघ के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन ने समझौते के लागू होने के बाद कंपनियों की बढ़ती दिलचस्पी को उत्साहजनक बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि टीईपीए आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापार को तेजी से बढ़ाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद संयुक्त प्रेस बयान में पार्मेलिन ने कहा कि समझौते को जमीन पर लागू करने की प्रक्रिया अब तक बहुत सकारात्मक रही है। उन्होंने कहा कि टीईपीए दोनों देशों के लिए 'विन-विन' स्थिति पैदा करता है। स्विट्जरलैंड की मजबूत तकनीक, वैश्विक कंपनियां और नवाचार क्षमता को भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था, कुशल कार्यबल और बड़े पैमाने पर उत्पादन क्षमता का लाभ मिल सकता है। पार्मेलिन ने कहा कि टीईपीए सिर्फ व्यापार शुल्क में राहत देने वाला समझौता नहीं है, बल्कि टिकाऊ विकास, रोजगार और लंबे समय के निवेश का आधार तैयार करता है। इससे नवाचार और पूंजी प्रवाह को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीईपीए निवेश, नवाचार, रोजगार और आपसी समृद्धि का महत्वाकांक्षी खाका है। इसके तहत अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश और 10 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि स्विट्जरलैंड में भारतीय उत्पादों के लिए बाजार पहुंच बढ़ाने और निवेश आसान बनाने के किए गए हैं।

भारत-यूएई ने खोले व्यापार और निवेश बढ़ाने के नए रास्ते

ऊर्जा, रक्षा एवं तकनीक और स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



चर्चारत दोनों देश के नेता

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने व्यापार, निवेश और कारोबारी साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की है। दुबई में भारत के महावाणिज्यदूत डॉ. ई. विष्णु वर्धन रेड्डी ने यूएई के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक अल मर्री से मुलाकात की। बैठक में दोनों देशों के बीच बढ़ते आर्थिक संबंधों की समीक्षा की गई और द्विपक्षीय व्यापार, निवेश तथा कारोबारी साझेदारी को नई गति देने के तरीकों पर विचार हुआ। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी। बैठक ऐसे समय हुई है, जब भारत और यूएई के आर्थिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। इससे पहले 22 सितंबर को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के दौरान यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान और फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट के साथ भारत-यूएई-फ्रांस त्रिपक्षीय बैठक में हिस्सा लिया था।

इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य विज्ञान, ऊर्जा, संस्कृति और विरासत के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई। तीनों देशों ने साझा हित वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और ठोस पहलों के जरिये संबंधों को और अधिक मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई।

भारत-फ्रांस के लिए आगे बढ़ने का शानदार मौका है एफटीए : मंत्री हद्दाद

फ्रांस के मंत्री बेंजामिन हद्दाद ने एफटीए को नई दिल्ली और पेरिस दोनों के लिए वर्तमान परिदृश्य में काफी अहम बताया है। फ्रांस के यूरोप मामलों के मंत्री हद्दाद तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं। सोमवार को उन्होंने म्यूनिख लीडर्स मीटिंग में हिस्सा लिया। बाद में बातचीत में फ्रांस और भारत के रिश्तों को लेकर अपनी राय जाहिर की। उन्होंने माना कि 30 साल के रणनीतिक साझेदारों के बीच होने वाला मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) रिश्तों को और समृद्ध करेगा। उन्होंने फ्रांस की 'दिलचस्पी' का जिक्र करते हुए कहा, फ्रांस और भारत लगभग 30 सालों से रणनीतिक साझेदार रहे हैं, और प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच भरोसे और दोस्ती का रिश्ता है। और मुझे साफ तौर पर लगता है कि ऐसी दुनिया में जहां अमेरिका का दबाव है, चीन से व्यापार का प्रेशर है, और बहुत सारी भू-राजनीतिक उथल-पुथल और तेजी से तकनीक बदल रही हो, वहां फ्रांस और भारत के बीच, और साथ ही ईयू और भारत के बीच सहयोग बढ़ाने और रिश्ते को और मजबूत करने में हमारी गहरी दिलचस्पी है।

एचएएल के कोरापुट डिवीजन में होगा 2000वें इंजन की डिलीवरी का कार्यक्रम

रक्षा मंत्री के हाथों ओडिशा और आंध्र-प्रदेश से नौसेना वायुसेना को मिलेगी महत्वपूर्ण सैन्य सौगात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तेजी से बदलते घरेलू और वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को ओडिशा और आंध्र-प्रदेश से नौसेना, वायुसेना को कुछ महत्वपूर्ण सैन्य-सामरिक सौगात देने वाले हैं। जिसके केंद्र में रक्षा क्षेत्र का सार्वजनिक उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एचएएल रहेगा।

ओडिशा में वह एचएएल के 2000 वें इंजन की डिलीवरी कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। साथ ही 218 करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित की गई शक्ति इंजन की दूसरी उत्पादन लाइन की घोषणा भी की जाएगी। जबकि दूसरी ओर आंध्र-प्रदेश के विशाखापट्टनम में डीपीएसयू के ही एक केंद्र में नौसेना



की युद्धक क्षमता को मजबूत बनाने वाली कई प्रकार की सैन्य सामग्री का बल में समावेश करने की प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। एचएएल ने एयरो इंजन की डिलीवरी को एक ऐतिहासिक कार्यक्रम के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है।

आत्मनिर्भरता की झलक देखने को मिलेगी

यह आयोजन भारत को रक्षा उपकरणों के खरीदार से इतर सैन्य प्रणालियों के डिजाइनर, उनका विकास करने वाले और निर्माता के रूप में बदलने के केंद्र सरकार के दृष्टिकोण (आत्मनिर्भरता) को रेखांकित करता है। प्रणोदन प्रणालियों के रणनीतिक महत्व और तकनीकी जटिलता को देखते हुए स्वदेशी एयरो-इंजन क्षमता का निर्माण भी इसी दृष्टिकोण में शामिल एक महत्वपूर्ण घटक है। समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार और एचएएल के सीएमडी रवि.के सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शिरकत करेंगे।

भारत की भी रहेगी भागीदारी

स्विट्जरलैंड में आयोजित किया जाएगा कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्मेलन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अगले साल 2027 में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई शिखर सम्मेलन का आयोजन स्विट्जरलैंड द्वारा किया जाएगा। जिसमें भारत की भी भागीदारी देखने को मिलेगी। अभी फिलहाल केंद्र की तरफ से इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के संबंध में कोई औपचारिक जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन यह जरूर साफ किया गया है कि 2027 में सम्मेलन मध्य यूरोप के देश स्विट्जरलैंड में ही होगा। यह जानकारी सोमवार को राजधानी में आयोजित किए गए एक संवाददाता सम्मेलन में विदेश मंत्रालय में सचिव पश्चिम सिबी जॉर्ज ने दी है।



2026 में भारत की मेजबानी

जॉर्ज के मुताबिक, इस साल नई दिल्ली की मेजबानी में एआई इंपैक्ट शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसका एकमात्र मकसद ग्लोबल साउथ के देशों में एआई की आवाज को बुलंद करने और सभी के लिए इसे सुलभ बनाना था। स्विट्जरलैंड के राष्ट्राध्यक्ष भी एआई इंपैक्ट सम्मेलन में शामिल हुए थे।

क्वारंटीन के दौरान मस्ती कर रहे ऑरंगुटान के बच्चे



भुवनेश्वर के नंदनकानन जूलॉजिकल पार्क में सोमवार को बालासोर जिले से रेस्क्यू किए गए ऑरंगुटान के बच्चों को क्वारंटीन अवधि के दौरान रखा गया। यहां मस्ती करते नजर आ रहे हैं।

नोड में 5 से 18 अक्टूबर तक होगा युद्धाभ्यास का आयोजन

पश्चिम-एशिया युद्ध के बीच उत्तराखंड में युद्धाभ्यास करती भारत-यूएई की सेनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के चिंताजनक दौर में यहां देश में भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की थलसेनाएं उत्तराखंड के चौबटिया स्थित विदेश प्रशिक्षण नोड में संयुक्त सैन्य अभ्यास 'माउंटेन गार्डियन-2026' करने में लगी हुई हैं। इस बार युद्धाभ्यास की शुरुआत 5 अक्टूबर को हुई है और इसका समापन 18 अक्टूबर को होगा। माउंटेन गार्डियन का मुख्य उद्देश्य खासतौर पर दोनों सेनाओं में पर्वतीय युद्धकौशल को लेकर अंतर-संचालनीयता से लेकर आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करना है।



युद्धरभ्यास में 92 सैन्यकर्मी भाग ले रहे

सेना ने सोमवार को बताया, माउंटेन गार्डियन युद्धाभ्यास में भारत और यूएई के कुल 92 सैन्यकर्मी भाग ले रहे हैं। जिसमें नई दिल्ली और संयुक्त अरब अमीरात से समान संख्या में 46 रणबांकुरों का दल शामिल है। भारतीय सेना की भैरव बटालियन और यूएई की माउंटेन इन्फेंट्री बटालियन का दल युद्धाभ्यास का हिस्सा हैं।

रूस की लैब में टूटी टेस्ट ट्यूब, शोधकर्ता की मौत से मचा हड़कंप

जिंदा बैक्टीरिया के संपर्क में आने की आशंका, 200 क्वारंटीन

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के साइबेरिया में एंटी-प्लेग अनुसंधान संस्थान की 28 वर्षीय शोधकर्ता दर्या शिपिलोवा की गंभीर निमोनिया से मौत के बाद हड़कंप मच गया है। उनकी मौत के बाद करीब 200 लोगों को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है और कुछ स्थानों पर एहतियात के तौर पर अलग रखने के कदम उठाए गए हैं। हालांकि, रूसी स्वास्थ्य अधिकारियों ने अब तक यह पुष्टि नहीं की है कि शोधकर्ता की मौत प्लेग संक्रमण से हुई थी।

मामले को लेकर चिंता इसलिए बढ़ी है, क्योंकि शोधकर्ता की मौत से पहले जिंदा बैक्टीरिया वाली एक टेस्ट ट्यूब गलती से टूटने की बात सामने आई थी। अलग-अलग अधिकारियों के बयानों और बढ़ाई गई निगरानी के बीच यह सवाल भी उठ रहा है कि साइबेरिया की प्रयोगशाला में वास्तव में क्या हुआ था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इरकुत्स्क एंटी-प्लेग संस्थान में काम करने वाली दर्या शिपिलोवा को 29 सितंबर को गंभीर निमोनिया के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें कृत्रिम सांस देने वाली मशीन पर रखा गया, लेकिन दो दिन बाद उनकी मौत हो गई। बताया गया है कि वह पड़ोसी बुर्यातिया में एक मैदानी अभियान पर गई थीं।

प्लेग की पुष्टि नहीं, बयानों से बढ़ी उलझन



पहला दृश्य लैब का दूसरा मृतक महिला का

रूस के अलावा और भी कई देशों में इसे गंभीरता से लिया है

प्लेग की पुष्टि नहीं होने से रहस्य बरकरार जांच जारी

पड़ोसी बुर्यातिया के प्रमुख अलेक्सी त्सिदेनोव ने कहा कि महिला की मौत संभवतः प्लेग से हुई हो सकती है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बुर्यातिया में प्लेग का कोई प्रकोप नहीं है। दूसरी ओर, रोस्पोट्रेबनादजोर ने प्लेग संक्रमण की पुष्टि नहीं की है। संस्था के पूर्व प्रमुख गेनाडी ओनिशचेंको ने भी कहा कि संक्रमण के प्लेग होने की संभावना कम है। प्लेग की आशंका इसलिए भी संवेदनशील मानी जा रही है, क्योंकि शिपिलोवा ऐसे संस्थान में काम करती थीं, जहां खतरनाक संक्रामक बीमारियों पर शोध और निगरानी की जाती है। इसी वजह से टेस्ट ट्यूब टूटने की रिपोर्ट और शोधकर्ता की मौत के बीच संभावित संबंध को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, उपलब्ध आधिकारिक जानकारी के आधार पर अभी यह कहना संभव नहीं है कि प्रयोगशाला में हुई।

रूस ने जांच और निगरानी बढ़ाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए रूस की मुख्य राज्य स्वच्छता चिकित्सक अन्ना पोपोवा खुद साइबेरिया पहुंचीं। अधिकारियों ने क्षेत्र में स्वच्छता और महामारी नियंत्रण से संबंधित बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करने की अपील की गई है। फिलहाल रूस में प्लेग के प्रकोप की पुष्टि नहीं हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, फेफड़ों को प्रभावित करने वाला न्यूमोनिक प्लेग संक्रमित व्यक्ति की सांस से निकलने वाली बूंदों के जरिए फैल सकता है। समय पर पहचान और उपचार मिलने पर इसका एंटीबायोटिक दवाओं से इलाज संभव है।



चाइना ओपन : स्वियातेक ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह

रोमांचक मुकाबले में डोना वेकिक को हराया

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने सोमवार को चाइना ओपन के राउंड-ऑफ-32 में 30वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डोना वेकिक को हराया। उन्होंने एक सेट और दो ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। इगा स्वियातेक ने शानदार वापसी करते हुए राउंड-ऑफ-16 में जगह बनाई।

पोलैंड की स्टार खिलाड़ी पहला सेट 4-6 से हार गई थीं और दूसरे सेट में 2-5 से पीछे चल रही थीं। ऐसा लग रहा था कि वह मैच हार जाएंगी, लेकिन उन्होंने जबरदस्त संघर्ष दिखाया। स्वियातेक ने दूसरे सेट का टाईब्रेकर 7-0 से जीता और फिर निर्णायक सेट में 6-2 से जीत हासिल कर मैच को 4-6, 7-6 (0), 6-2 से अपने नाम कर लिया।

जापान ओपन : दूसरी बार फाइनल में पहुंचे अल्काराज



टोक्यो। वर्ल्ड नंबर 3 कार्लोस अल्काराज ने जापान ओपन के सेमीफाइनल में हमवतन खिलाड़ी जाउमे मुनार को 5-7, 6-3, 6-1 से मात दी। अल्काराज अपनी सर्विस गंवाने के कारण पहला सेट हार गए थे। उन्होंने कुछ 'ब्रेक' के साथ वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-3 से जीता और फिर फाइनल सेट में शानदार खेल दिखाते हुए 6-1 से जीत दर्ज की।



इस साल कोर्ट पर नजर नहीं आएंगी पोटापोवा

बीजिंग। दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी अनास्तासिया पोटापोवा ने अपने 2026 सीजन को समय से पहले ही खत्म कर दिया है। उन्होंने चोटों से जूझने और करियर की सबसे अच्छी रैंकिंग हासिल करने के मिले-जुले साल के बाद ठीक होने पर ध्यान देने का फैसला किया है।

आज से भारत-वेस्टइंडीज पहला टी20

प्लेइंग इलेवन में जगह पाने संजू और वैभव आमने-सामने

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ मंगलवार को होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी, जिसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए सबसे बड़ी दुविधा संजू सैमसन और युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी में से किसी एक का चयन करने को लेकर होगी। एशियाई खेलों में वीवीएस लक्ष्मण कोच थे और उन्होंने सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को अंतिम एकादश में रखा था लेकिन अब गंभीर कोच है और ऐसे में रणनीतिक बदलाव होना तय है, भले ही दोनों कोच आठवें नंबर तक बल्लेबाजी रखने में विश्वास रखते हैं। लेकिन अगर गंभीर की रणनीति को करीबी नजर से देखें तो वह सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को एक साथ अंतिम एकादश में नहीं रखेंगे।

रेड्डी का बैकअप मौजूद

अभिषेक शर्मा सलामी बल्लेबाज के रूप पसंद बने हुए हैं। निशिन सिटी के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खराब पिचों पर लक्ष्मण ने इन तीनों बल्लेबाजों को टीम में रखा। सूर्यवंशी और विश्व के नंबर एक टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने पारी की शुरुआत की, जबकि सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। यह फैसला पिच की स्थिति को ध्यान में रखते हुए लिया गया था। लेकिन लखनऊ के एकाना स्टेडियम की पिच पर गंभीर एक बार फिर सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में वापस लाने के बारे में सोच सकते हैं, क्योंकि निचले क्रम में ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी का बैकअप मौजूद है।





नंबर तीन पर सहज नहीं दिखे सैमसन

सैमसन नंबर तीन पर सहज नहीं दिखे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अफगानिस्तान के खिलाफ पिछली घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में दो अर्धशतक बनाए थे। मध्य क्रम में पहले से ही कप्तान श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, उप कप्तान तिलक वर्मा, ऑलराउंडर शिवम दुबे और रेड्डी के साथ-साथ अक्षर पटेल भी मौजूद हैं। ऐसे में सूर्यवंशी और सैमसन दोनों को अंतिम एकादश में रखने की संभावना बहुत कम है।

तेज गेंदबाजी आक्रमण सिरदर्द

कोच गंभीर के लिए एक और सिरदर्द तेज गेंदबाजी आक्रमण होगा, जिसमें अनुभवी अर्शदीप सिंह के साथ-साथ अपेक्षाकृत अनुभवहीन मयंक यादव (छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच) और प्रिंस यादव (तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच) शामिल हैं। स्पिन गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी अक्षर पटेल और कुलदीप यादव संभालेंगे। अगर गंभीर बल्लेबाजी को मजबूत करना चाहते हैं, तो नमन धीर को प्रिंस या मयंक की जगह लिया जा सकता है। यह भी देखना बाकी है कि अय्यर स्पिनर के रूप में अभिषेक का इस्तेमाल करते हैं नहीं। इस बाएं हाथ के स्पिनर ने एशियाई खेलों में कुछ विकेट लेकर अपने गेंदबाजी कौशल का प्रदर्शन किया था।

मैच का समय : शाम 7:00 बजे

खबर संक्षेप



बधिर प्रीमियर लीगः कोलकाता वॉरियर्स ने जीता खिताब

तिरुपति। कोलकाता वॉरियर्स ने चार दिनों तक चले रोमांचक क्रिकेट मुकाबलों के बाद फाइनल में बैंगलोर बादशाह को हराकर बधिर इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में देशभर की आठ टीमों ने हिस्सा लिया। चैंपियनशिप का आयोजन एक से चार अक्टूबर तक किया गया। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) के अध्यक्ष सुमित जैन ने चैंपियनशिप के सफल आयोजन में योगदान देने वाले खिलाड़ियों, अधिकारियों, साझेदारों और सभी संबंधित पक्षों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैंगलोर बादशाह के अमन चौकसे को लीग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के अलावा इसका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज भी चुना गया।

विश्व एथलेटिक्स में शामिल अहमदाबाद मैराथन



अहमदाबाद। अडाणी अहमदाबाद मैराथन को 29 नवंबर को होने वाले इसके 10वें संस्करण से पहले विश्व एथलेटिक्स वैश्विक कैलेंडर में शामिल कर लिया गया है और अब इस दौड़ में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को विश्व एथलेटिक्स रैंकिंग के लिए अंक मिलेंगे। अहमदाबाद मैराथन के लिए यह बड़ी उपलब्धि है, जिसकी शुरुआत कुछ हजार प्रतिभागियों के साथ हुई थी जबकि पिछले साल इसमें 24000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस मान्यता से अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय रोड-रेसिंग कैलेंडर में शामिल हो गया है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप मैराथन का आयोजन करने से इस प्रतियोगिता को यह मान्यता मिली। यह मान्यता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अहमदाबाद 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा और वह 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दौड़ में भी शामिल है।

आज से ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ वनडे सीरीज

एजेंसी ▶▶| पुडुचेरी

युवा तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह, अरशद खान और यश ठाकुर के लिए ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही 3 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खुद को साबित करने का बड़ा मौका देगी क्योंकि ये गेंदबाज राष्ट्रीय टीम में तेज गेंदबाजी विभाग में मौजूदा संसाधनों की कमी के बीच अपनी दावेदारी पेश करना चाहेंगे। दिग्गज हरफनमौला हार्दिक पंड्या की वापसी को लेकर इस श्रृंखला की काफी उत्सुकता थी लेकिन दाहिनी पिंडली की चोट के कारण वह अनिश्चितकाल के लिए बाहर हो गए हैं।

तेज गेंदबाजी में विकल्प सीमित

तेज गेंदबाजी करने वाले हरफनमौला खिलाड़ियों की बात करें तो भारतीय क्रिकेट में फिलहाल विकल्प सीमित हैं। पंड्या के अलावा नीतिश कुमार रेड्डी और सूर्यांश शेडगे प्रमुख विकल्पों में शामिल हैं। 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में अपना रिहैब (चोट से उबरना) पूरा करने वाले शेडगे को पांड्या की जगह भारत 'ए' टीम में शामिल किया गया है। नमन धीर के वेस्टइंडीज श्रृंखला के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से जुड़ने के बाद लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे अनुकूल रॉय को 'ए' टीम में शामिल किया गया है।



प्रसिद्ध के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी

प्रसिद्ध कृष्णा के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है, मोहम्मद सिराज फॉर्म से जूझ रहे हैं और हर्षित राणा लगातार चोटों से परेशान रहे हैं। ऐसे में गुरजपनीत, अरशद और यश की तेज गेंदबाजी तिकड़ी इस श्रृंखला में दमदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय चयन समिति का ध्यान आकर्षित करना चाहेगी। न्यूजीलैंड दौरे के वनडे चरण से पहले यह उनके लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है। जसप्रीत बुमराह को छोड़ दें तो न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण में किसी अन्य खिलाड़ी की जगह अभी पक्की नहीं मानी जा सकती।

धीमी ओवर गति के लिए भारत और वेस्टइंडीज पर जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने न्यू चंडीगढ़ में तीसरे वनडे के दौरान धीमी ओवर गति के लिए भारत और वेस्टइंडीज पर जुर्माना लगाया। भारत पर जहां मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया, वहीं वेस्टइंडीज पर 10 प्रतिशत जुर्माना लगा, जिसमें दोनों टीम को निर्धारित ओवर गति से क्रमशः चार और दो ओवर कम पाया गया। मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने मैच के बाद यह जुर्माना लगाया।

दोनों कप्तानों ने किया अपराध स्वीकार

आईसीसी ने कहा, 'दोनों कप्तानों ने अपराध स्वीकार कर लिए और प्रस्तावित जुर्माने को स्वीकार कर लिया है जिससे औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं थी।' ये आरोप मैदानी अंपायर जयरामन मदनगोपाल और सैम नोगाज्स्की, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर



वीरेंद्र शर्मा ने लगाए थे। वेस्टइंडीज अंतिम वनडे में पहले ही तीन मैच की सीरीज गंवा चुका था, लेकिन उसने भारत दौरे के वनडे चरण का समापन शानदार अंदाज में किया। शाई होप के नाबाद 162 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने पुरुष वनडे में अपने सबसे बड़े 352 रन के लक्ष्य को हासिल किया।

हांगकांग सिक्स

सात सदस्यीय टीम घोषित भुवनेश्वर संभालेंगे कमान



एजेंसी ▶▶| हांगकांग

हांगकांग सिक्स 2026 के लिए भारतीय टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्टार खिलाड़ियों के साथ उतरेगी। इसमें सात प्रमुख भारतीय क्रिकेटर 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक खेले जाने वाले तेजतर्रार 'सिक्स-ए-साइड' (छह खिलाड़ियों वाले) फॉर्मेट में हिस्सा लेंगे।

टिन क्वांग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड पर खेले जाने वाली इस लीग में भारतीय टीम की कमान अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार संभालेंगे। उनके साथ आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या, शशांक सिंह, राहुल तेवतिया, नितिश राणा, राहुल त्रिपाठी और टी. नटराजन भी होंगे। भुवनेश्वर के पास अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल का कई वर्षों का अनुभव है और वे नई गेंद से असरदार प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं, जबकि क्रुणाल एक बेहतरीन ऑलराउंडर के तौर पर टीम को विविधता देते हैं। नितिश आक्रामक बल्लेबाजी और टॉप ऑर्डर में खेलने का अनुभव लाते हैं।

वहीं, शशांक और तेवतिया मैच फिनिश करने की अपनी काबिलियत दिखाते हैं। त्रिपाठी आक्रामक इरादे के साथ खेलते हैं और नटराजन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के तौर पर एक खास विकल्प देते हैं।

टीम इंडिया फिर से करेगी वापसी

टीम इंडिया हांगकांग सिक्स में फिर से वापसी करेगी और टूर्नामेंट में आगे तक जाने की कोशिश करेगी। 2025 में उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध डकवर्थ-लुईस नियम से दो रन की जीत के साथ शुरुआत की थी, लेकिन बाद के मैचों में हार के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। इस बार चुनौती कड़ी होगी। पाकिस्तान 2026 के टूर्नामेंट में मौजूदा चैंपियन के तौर पर उतरेगा। उन्होंने पिछले साल के फाइनल में कुवैत को शिकस्त देकर रिकॉर्ड छठी बार हांगकांग सिक्स का खिताब अपने नाम किया था। 2026 के टूर्नामेंट में आठ प्रमुख क्रिकेट खेलने वाले देशों के साथ-साथ चार एसोसिएट सदस्य भी हिस्सा लेंगे।

भारत के खिलाफ सीरीज खेलेंगे आमिर जांगू

लखनऊ। वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए शीर्ष क्रम के बल्लेबाज आमिर जांगू को चोटिल ज्वेल एंड्रयू के विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया है। टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पहला मैच मंगलवार को लखनऊ में खेला जाएगा। मुल्लांपुर में शनिवार को खेले गए तीसरे वनडे के दौरान नमन धीर का कैच लेने के प्रयास में एंड्रयू की उंगली में चोट लग गई थी। हालांकि जांच में पता चला कि किसी तरह का फ्रैक्चर नहीं है। यह 19 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज वेस्टइंडीज के 352 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करने के दौरान बल्लेबाजी करने नहीं उतरा। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा, 'भारत के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे के दौरान ज्वेल एंड्रयू की उंगली में चोट लगने के बाद उनकी जगह विकल्प के तौर पर आमिर जांगू को टीम में शामिल किया गया है। चिकित्सा दल एंड्रयू की स्थिति पर नजर रख रहा है।



दाऊ साहेब इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता

कैंपियन स्कूल और डीपीएस कोलार स्कूल ने दर्ज की शानदार जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

डॉ. गोविन्द नारायण सिंह 'दाऊ साहेब' इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में कैम्पियन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आइकॉनिक स्कूल को 5 विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आइकॉनिक की पूरी टीम 17.5 ओवर में 41 रन पर सिमट गई। जवाब में कैम्पियन स्कूल ने 5.4 ओवर में एक विकेट खोकर 45 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

आइकॉनिक की ओर से अयान खान ने 12 रन और युवराज विश्वकर्मा ने 9 रन बनाए। अरव अग्रवाल ने 8 रन का योगदान दिया। कैम्पियन स्कूल के खब्बू गेंदबाज अर्णव सिंह पुंढ़ीर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 2.5 ओवर में एक मेडन सहित केवल 2 रन देकर 5 विकेट झटके। रोहन ने 1 ओवर में 6 रन देकर 2 विकेट तथा केतन आर. ने 3 ओवर में 9 रन देकर 1 विकेट लिया। अक्षत सिंह ने 2 ओवर में 11 रन और विराट ने 2 ओवर में 3 रन दिए। 41 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कैम्पियन स्कूल के अक्षत सिंह ने 17 गेंदों में 37 रन की तेजतर्रार नाबाद पारी खेलकर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया।







कैंपियन ने 9 विकेट से जीता मुकाबला

आइकॉनिक के रोहन ने 1 विकेट लिया। इस तरह कैम्पियन स्कूल ने 45 रन बनाकर 9 विकेट से मुकाबला जीत लिया। अर्णव सिंह पुंढ़ीर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में डीपीएस कोलार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बैंक ऑफिसर्स टीम को 10 विकेट से पराजित किया। बैंक ऑफिसर्स की टीम 45 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से विवेक मिश्रा ने 16 रन तथा यश राठ ने 11 रन बनाए। डीपीएस कोलार के प्रथम ने प्रभावी गेंदबाजी करते हुए चार विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीपीएस कोलार की टीम ने बिना कोई विकेट गंवाए 51 रन बनाए। इस तरह डीपीएस कोलार ने 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। प्रथम को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

प्री-सारंग लीग अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट

अभिषेक का तूफानी शतक, वीएस अकादमी ने अरेरा को 128 रन से हराकर किया खिताब पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

स्थानीय गौतम नगर खेल मैदान पर खेली जा रही प्री-सारंग लीग क्रिकेट टूर्नामेंट (अंडर-15) के फाइनल में वीएस अकादमी ने अरेरा को 128 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। वीएस ने तय 40 ओवर में 303/9 का स्कोर खड़ा किया, जिसमे अभिषेक यादव ने 154 रन की पारी खेली।

कप्तान हर्ष आर्या ने भी 45 गेंदों पर 63 रन की तेजतर्रार पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 2 छक्के शामिल थे। अक्षत ने 5 गेंदों पर 12 रन और प्रियतम ने नाबाद 8 रन बनाकर टीम को 300 के पार पहुंचाने में योगदान दिया। अरेरा के आदित्य सोलंकी 3/25 के साथ सबसे सफल गेंदबाज रहे, जबकि मार्तंड पाल ने 2 विकेट लिए। जवाब में अरेरा 175 रन पर सिमट गई। अरेरा के विवान द्विवेदी ने 38 और युवराज सिंह ने 33 रन बनाए। मार्तंड पाल ने भी 21 गेंदों पर 22 रन का योगदान दिया। वीएस अकादमी के प्रियांश लोधी ने 3, अक्षत यादव ने 2, वंश बाथम 1 विकेट हासिल किया। विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी ने 128 रन से फाइनल जीत लिया।



टूर्नामेंट में यह रहे सर्वश्रेष्ठ

मैन ऑफ द सीरीज : अभिषेक यादव (वीएस अकादमी) **बेस्ट बैट्समैन** : युवराज सिंह (अरेरा अकादमी) **बेस्ट बॉलर** : वंश बाथम एवं प्रियंश लोधी (वीएस अकादमी) **बेस्ट विकेटकीपर** : मिर्जा अरहान (वीएस अकादमी) **बेस्ट कैच** : हर्ष आर्या (वीएस अकादमी) **बेस्ट फील्डर** : प्रयाग जरीवाला (अंकुर अकादमी) **अपकमिंग प्लेयर** : सैयद इब्राहिम (वीएस अकादमी) **डिसिप्लिन्ड टीम** : अंकुर अकादमी **अपकमिंग टीम**: अकीरा अकादमी

सीएम का युवा संवाद आज, लाल परेड मैदान में सुबह 8 बजे से कई रास्तों पर डायवर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लाल परेड मैदान में 6 अक्टूबर को होने वाले सीएम यूथ कॉन्क्लेव-2026 में भोपाल और आसपास के जिलों से करीब 25 हजार युवाओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम 6 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से लाल परेड मैदान में प्रस्तावित है।

यातायात पुलिस के अनुसार भारी, मध्यम, हल्के व्यावसायिक वाहनों और यात्री बसों का डायवर्जन सुबह 8 बजे से लागू रहेगा।



लाल परेड मैदान में युवा संवाद के कार्यक्रम की तैयारियां सोमवार को जोरों पर रहीं।

इन रास्तों पर रहेगा डायवर्जन: हमीदिया रोड से रोशनपुरा जाने वाले वाहन संगम तिराहा- बजरिया तिराहा- अशोका गार्डन- प्रभात चौराहा- सुभाष ओवरब्रिज-बोर्ड ऑफिस होकर आवागमन कर सकेंगे। जिंसी चौराहा से पुराने पीएचक्यू की ओर जाने वाले वाहन लिली चौराहा का उपयोग कर सकेंगे। एमपी नगर और हबीबगंज से पॉलिटेक्निक, वीआईपी रोड और एयरपोर्ट की ओर जाने वाले वाहन लिंक रोड नंबर-1- रोशनपुरा चौराहा- बाणगंगा चौराहा- पॉलिटेक्निक होकर जा सकेंगे।

इन चौराहों पर लगातार डायवर्जन

यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना है। ऐसे में संगम टॉकीज तिराहा, भारत टॉकीज चौराहा, लिली तिराहा, थाना एमपी नगर चौराहा, रोशनपुरा और मछली घर से यातायात को आवश्यकता के अनुसार डायवर्ट किया जाएगा।

भोपाल स्टेशन और नादरा बस स्टैंड जाने वालों के लिए

नादरा बस स्टैंड और भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-6 की ओर जाने वाले वाहन पॉलिटेक्निक चौराहा- रेतघाट- रॉयल मार्केट- हमीदिया रोड होकर जा सकेंगे। नंबर-1 की ओर जाने वाले वाहन सुभाष ओवरब्रिज- प्रभात चौराहा- 80 फीट रोड होकर आवागमन कर सकेंगे।

इन रास्तों से आएंगी बसें

- **पटेल नगर बायपास**- पिपलानी पेट्रोल पंप- महात्मा गांधी चौराहा- चेतक ब्रिज- एमपी नगर- पुरानी जेल होते हुए बसें लाल परेड मैदान के सत्कार द्वार पहुंचेंगी। यहां युवाओं को उतारने के बाद पुरानी जेल परिसर मैदान में पार्क होंगी।
- **11 मील**- बागसेवनिया थाना चौराहा- सावरकर सेतु- नए ब्रिज- पुरानी जेल रोड से बसें सत्कार द्वार पहुंचेंगी। युवाओं को उतारने के बाद पार्किंग पुरानी जेल परिसर मैदान में होगी।
- **रातीबड़- नीलबड़- भदभदा चौराहा**- डिपो चौराहा- माता मंदिर- रोशनपुरा चौराहा- गांधी पार्क होते हुए बसें लाल परेड मैदान के विजय द्वार पहुंचेंगी। यहां से युवाओं को उतारकर बसें एमएलए रेस्ट हाउस में पार्क होंगी।
- **गांधीनगर**- लालघाटी- वीआईपी रोड- पॉलिटेक्निक- गांधी पार्क से बसें विजय द्वार पहुंचेंगी। युवाओं को उतारने के बाद बसों की पार्किंग रवींद्र भवन में होगी।
- **भारत टॉकीज**- लिली टॉकीज- पीएचक्यू तिराहा होते हुए बसें विजय द्वार पहुंचेंगी। युवाओं को उतारने के बाद बसें सिकंदरिया मैदान, जहांगीराबाद थाना के सामने पार्क होंगी।

खबर संक्षेप

संतों को सेवादारों पर भरोसा नहीं तो सुरक्षा कौन देगा

भोपाल। महिलाओं से अकेले धाम नहीं आने की बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की अपील के बाद साध्वी हषानंद गिरि ने आश्रमों में सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए हैं। हालांकि, उन्होंने अपने बयान में किसी संत, आश्रम या बागेश्वर धाम का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि कुछ आश्रमों से बयान आ रहे हैं कि हमारे आश्रम में माताएं-बहनें न आएं। और अगर आ रही हैं तो आश्रम के किसी भी सेवादार पर भरोसा न करें। हम किसी माता-बहन की सुरक्षा की जिम्मेदारी नहीं ले रहे हैं। अगर किसी संत को खुद के आश्रम के सेवादारों पर भरोसा नहीं है तो उस आश्रम में भरोसा करके आप कैसे अपने बच्चों को, आप कैसे अपने परिवार को भेज सकते हैं? कौन ले रहा है सुरक्षा की गारंटी आश्रम के अंदर? कौन बोल रहा है कि 'तुम आओ और मैं तुम्हें पूरी सुरक्षा दूंगा'? सच्चाई यही है। आप उसे स्वीकार करें, नहीं करें... वो आपकी मर्जी है। मैं यह नहीं कह रही कि हर आश्रम बुरा है, लेकिन कुछ आश्रम सही नहीं हैं, क्यों इस दुविधा में फंसना है कि कौन-सी जगह सुरक्षित है और कौन-सी असुरक्षित? मत जाओ ना आश्रमों में! जाओ, दर्शन करके वापस अपने घर आओ।



समर्थन मूल्यः 3 लाख से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

भोपाल। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए पंजीयन प्रक्रिया जारी है। अभी तक 3 लाख 5 हजार 82 किसानों ने पंजीयन कराया है। किसान 10 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। प्रदेश में 1100 से अधिक पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। जबलपुर संभाग में 1 लाख 47 हजार 824, नर्मदापुरम में 16 हजार 398, भोपाल में 8 हजार 599, रीवा में 94 हजार 384, शहडोल में 21 हजार 456 और सागर संभाग में 16 हजार 155 किसानों ने पंजीयन कराया है।



मिसरोद के नवीन हायर सेकंडरी स्कूल का मामला, करीब 3 घंटे तक चला प्रदर्शन

शिक्षिका के खिलाफ छात्रों ने खोला मोर्चा सड़क पर उतरकर प्रदर्शन, डीईओ ने हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के मिसरौद थाना क्षेत्र स्थित नवीन हायर सेकंडरी स्कूल के सामने सोमवार को कक्षा 11वीं के कुछ छात्र-छात्राओं ने शिक्षिका के विरोध में प्रदर्शन करते हुए सड़क पर बैठ गए। इस दौरान विद्यार्थियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए शिक्षिका को हटाने की मांग की और जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान सूचना मिलते ही मिसरोद थाने के इंचार्ज विमलेश कुमार राय मौके पर पहुंचे। प्राचार्य के साथ मिलकर विद्यार्थियों को समझाने के प्रयास किए, लेकिन विद्यार्थी शिक्षिका को हटाने की मांग लेकर अड़े रहे। हालांकि करीब 4 घंटे तक चले इस प्रदर्शन के बाद जिला शिक्षा अधिकारी अभिनव आर्य द्वारा शिक्षिका को हटाने के आदेश जारी किए, जिसके बाद विद्यार्थियों ने प्रदर्शन खत्म किया।

वहीं मामले में शिक्षिका ने आरोप निराधार बताए हैं। उन्होने कहा कि मेरे द्वारा कभी बच्चों के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं किया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच में पूरी सच्चाई सामने आएगी।

शिक्षिका ने कहाः आरोप निराधार, निष्पक्ष जांच में पूरी सच्चाई सामने आएगी



प्राचार्या को दी शिकायत में लगाए गंभीर आरोप

कक्षा 11वीं 12वीं के गणित और जीव विज्ञान के विद्यार्थियों ने 3 अक्टूबर को शिक्षिका बबीता कुशवाह के खिलाफ स्कूल प्राचार्या को लिखित शिकायत की है। विद्यार्थियों ने आरोप लगाए हैं कि जब भी यूपीएससी की परीक्षा या अन्य परीक्षाएं होती हैं, तो मेडम बेंच जमवाती हैं, रोल नंबर लिखवाती हैं और न करें तो फेल करने की धमकी देती हैं। हमारे सामने हमारे सीनीयर्स को पाईप से पीटती हैं। वहीं 12वीं के विद्यार्थियों ने मारपीट के आरोप लगाए हैं। विद्यार्थियों ने अपने आवेदन में कहा है कि क्लास में 5 मिनट लेट होने पर पूरा लंच टाइम शिक्षिका उन्हे पढ़ाती हैं। आवेदन में हर महीने प्रोजेक्ट के नाम रुपए मांगने आरोप लगाए गए हैं। इसके अलावा अन्य गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं।

प्राचार्या ने मांगा था जवाब

जानकारी के अनुसार, मामले में विद्यार्थियों द्वारा 3 अक्टूबर को दी गई शिकायत पर प्राचार्य द्वारा शिक्षिका कुशवाह से 5 अक्टूबर तक स्पष्टीकरण मांगा गया था, जिसपर उन्हें जवाब प्रस्तुत करना था। हालांकि इसके पहले ही मामले ने नया मोड़ लिया और सोमवार को अचानक विद्यार्थियों ने सुबह से ही प्रदर्शन शुरू कर दिया, जो करीब 4 घंटे तक चला।

शिक्षिका ने कहा-सभी आरोप निराधार

जो आरोप लगाए जा रहे है वह निराधार है। मेरे द्वारा कभी बच्चों के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं किया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच में पूरी सच्चाई सामने आएगी। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जो निर्देश दिए गए है, उसका मैं हमेशा ही पालन करूंगी।

बबीता कुशवाह, शिक्षिका

नियमानुसार कार्यवाही होगी

मामला संज्ञान में आने के बाद तत्काल शिक्षिका को बगरोदा हायर सेकेंडरी स्कूल में ट्रांसफर किया है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद मामले में नियमानुसार कार्यवाही होगी।

अभिनव आर्य
जिला शिक्षा अधिकारी, भोपाल

बड़ा सवालः शिक्षकों की प्रतिस्पर्धा में बच्चों को टूल तो नहीं बनाया...

विभागीय सूत्रों के अनुसार, इस पूरे मामले में प्रतियोगी परीक्षा का प्रभार भी एक बड़ा कारण बताया जा रहा है। शिक्षिका बबीता के पास नवीन हायर सेकंडरी स्कूल में प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रभार भी है। जब इन परीक्षाओं के लिए इस स्कूल को केंद्र बनाया जाता है, तो इसकी जिम्मेदारी केंद्राध्यक्ष और परीक्षा प्रभारी की होती है। ऐसे में शिक्षिका कुशवाह को यह जिम्मेदारी मिलने से कुछ शिक्षक नाराज बताए जा रहे हैं। ऐसे में इस हस्तक्षेप को लेकर शिक्षिका द्वारा कुछ दिन पूर्व ही विभागीय अधिकारियों को शिकायत की गई है, जिस शिकायत पर भी जांच की जा रही है। इस शिकायत के बाद संकुल व स्कूल से संबंधित कुछ शिक्षक-शिक्षिकाएं नाराज हैं, ऐसे में बड़ा सवाल यह है भी कि कहीं शिक्षिकों के बीच की इस प्रतिस्पर्धा में बच्चों को तो माध्यम नहीं बनाया जा रहा है, क्योंकि संकुल संबंधित कुछ शिक्षक इस प्रभार को लेकर नाराज बताए जाते हैं। इसके अलावा कुछ दिन पूर्व भी इस संबंध में सूचना अधिकारियों तक पहुंची है। बता दें कि इन परीक्षाओं में परिवेक्षण ड्यूटी लगाए जाने पर प्रति दिवस के हिसाब से अच्छा खासा पारिश्रमिक मिलता है। बता दें कि इसके पूर्व भी कई मामलों में यह देखा गया है कि शिक्षकों की प्रतिस्पर्धा में बच्चों को टूल की तरह इस्तेमाल किया गया है।

दो दिनी प्रशिक्षण में दी जाएगी जानकारी

जनगणना-27 के लिए अफसरों कर्मचारियों की ट्रेनिंग शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में होने वाली जनसंख्या गणना की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी के तहत सोमवार को नगर निगम मुख्यालय अटल भवन में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। पहले दिन जोनल अधिकारियों, चार्ज अधिकारियों, जनगणना लिपिकों और तकनीकी सहायकों को जनसंख्या गणना के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना के तय मानकों और निर्देशों के अनुसार काम करने की जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि जनसंख्या गणना के समय किसी तरह की गलती न हो, इसके लिए प्रत्येक स्तर पर सावधानी बरतना जरूरी है। कर्मचारियों को यह भी समझाया जा रहा है कि गणना के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं का किस तरह समाधान किया जाए।

गलती की गुंजाइश न रहे, इसलिए दो दिन की ट्रेनिंग

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य गणना में एकरूपता बनाए रखना और कर्मचारियों को मौके पर आने वाली परिस्थितियों के लिए तैयार करना है। उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाहा ने बताया कि जनगणना के दौरान जानकारी दर्ज करने, गणना प्रक्रिया और निर्धारित निर्देशों के पालन में किसी तरह की चूक न हो, इसके लिए कर्मचारियों को विस्तार से प्रशिक्षित किया जा रहा है। दो दिन के प्रशिक्षण के दौरान अलग-अलग जिम्मेदारियों के अनुसार कार्यप्रणाली समझाई जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निगम के उपायुक्त एवं नगर जनगणना अधिकारी हीरेन्द्र सिंह कुशवाह, संयुक्त निदेशक जनगणना निदेशालय नमित यादव, जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल से अधिकृत वंदना तिवारी और मनोज सैनी सहित सभी जोनल अधिकारी, चार्ज अधिकारी, जनगणना लिपिक और तकनीकी सहायक मौजूद रहे।

डीआरआई टीम ने लिया डिटेंशन सेंटर भेजा

आरकेएमपी स्टेशन पर मिली तीन नाइजीरियन महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर डीआरआई की टीम ने संदेह पर तीन नाइजीरियन महिलाओं को हिरासत में लिया। तलाशी में उनसे ड्रग्स नहीं मिला। डीआरआई ने उनसे भारत में रहने के दस्तावेज पूछे तो वह दस्तावेज भी नहीं दिखा सकी। लिहाजा तीनों महिलाओं को मिसरोद पुलिस के हवाले कर दिया गया। जहां से तीनों महिलाओं को डीएसबी शाखा के डिटेंशन सेंटर में भेज दिया है। डीएसबी शाखा उनसे दस्तावेज से संबंधित जानकारी जुटा रही है। देश में आने का कारण पूछ रही है। दरअसल, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर डीआरआई की टीम ने तीन नाइजीरियन महिलाओं को हिरासत में लिया था। महिलाओं की उम्र क्रमशः 35-38 और 55 साल बताई जा रही है। डीआरआई को सूचना मिली थी कि पंजाब मेल में सफर कर रही इन महिलाओं के पास मादक पदार्थ हो सकता है। टीम ने महिलाओं की तलाशी ली, लेकिन उनसे ड्रग्स नहीं मिला। उनसे भारत में रहने से संबंधित पर्याप्त दस्तावेज और पासपोर्ट के बारे में पूछा गया, लेकिन वह दस्तावेज नहीं दिखा सकी। लिहाजा डीआरआई की टीम ने तीनों महिलाओं को मिसरोद पुलिस के हवाले कर दिया था। मिसरोद पुलिस ने उन्हें डीएसबी की के डिटेंशन सेंटर भेजकर दस्तावेज का सत्यापन करवा रही है।

बाल विवाह पर अब और कसेगा शिकंजा

सीएमपीओ को मिलेगा कानून और कार्रवाई का गहन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में बाल विवाह की रोकथाम को और प्रभावी बनाने महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों का राज्य स्तरीय क्षमतावर्धन किया जा रहा है। विभाग ने यूनिसेफ के सहयोग से 6 अक्टूबर को आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों, प्रकरणों में प्रभावी कार्रवाई तथा अन्य संबंधित कानूनों के साथ इसके जुड़ाव पर अधिकारियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया करेंगी। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ सामान्य प्रशासन, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय प्रशासन के अधिकारी और अधिसूचित बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी शामिल होंगे। बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिले से लेकर ग्राम स्तर तक तथा नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषद स्तर पर सीएमपीओ अधिसूचित किए गए हैं। इनमें बाल विकास परियोजना अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को भी बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है।

परंपराओं और प्रक्रिया को करीब से समझा

युवा संसद के विजेताओं ने देखा संसद भवन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पं. कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ की युवा संसद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को भारतीय संसदीय व्यवस्था और कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराने के उद्देश्य से संसद भवन का भ्रमण कराया गया। वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के चयनित 22 प्रतिभागियों ने अवलोकन किया। संसदीय विद्यापीठ के संचालक राजेश गुप्ता एवं उप संचालक एमके राजोरिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने संसद परिसर में संसदीय परंपराओं और प्रक्रियाओं को करीब से समझा।

सीमए ने किसानों से किया संवाद

सहकारी ऋण व्यवस्था को बनाया जा रहा सरल एवं किसान हितैषी

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार सहकारी ऋण व्यवस्था को किसानों के हित में सरल और किसान हितैषी बना रही है। वे सोमवार को कृषि उपज मंडी, चंगेरा, नीमच में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को खंडवा जिले से वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से कृषि गतिविधियों, शासन की किसान हितैषी योजनाओं से मिल रहे लाभ, कृषि क्षेत्र में नवाचार तथा किसानों की आवश्यकताओं के संबंध में संवाद किया। डॉ यादव ने कहा कि नीमच जिले में अश्वगंधा, इसबगोल, तुलसी, सतावरी, चिरायता, आंवला, बहेरा और नीम सहित विभिन्न औषधीय फसलों का उत्पादन होता है।

प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा: मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि जिले में 10 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र में प्राकृतिक एवं जैविक खेती की जा रही है। प्राकृतिक खेती से भूमि की उर्वरता बनाए रखने के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित कृषि उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने, फसल विविधीकरण तथा कृषि के साथ अन्य आयवर्धक गतिविधियों को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

डॉ यादव ने जिले में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए संचालित परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि रामपुरा-मनासा सूक्ष्म वृहद सिंचाई परियोजना से 212 गांवों की 67 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित हो सकेगी। इसी प्रकार जावद-नीमच एवं खुमान सिंह शिवाजी सिंचाई योजनाओं के पूर्ण होने से एक लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930